ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 17 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 311 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



चोटिल मो. शमी दक्षिण अफ्रीका टेस्ट ... पेज 10 पर

## संसद की सुरक्षा में चूक

# आरोपियों ने पहले आत्मदाह की बनाई थी योजना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में रोजाना नए खुलासे हो रहे हैं। इस बीच दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी छह आरोपियों से पूछताछ की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि लोकसभा के चैंबर में कूदने से पहले उन्होंने आत्मदाह करने और पर्चे बांटने की योजना बनाई थी। इस योजना को अंतिम रूप देने से पहले आरोपियों ने कुछ अन्य तरीकों पर भी विचार किया था। उन्होंने सबसे पहले आत्मदाह करने का विचार किया था, लेकिन बाद में इस फैसले से पीछे हट गए। इसके अलावा उन्होंने संसद के अंदर पर्चे बांटने पर भी विचार किया, लेकिन वे अपनी नई योजना पर आगे बढ़े। इधर पूरे षठ्यंत्र के मास्टरमाइंड ललित झा का माओवादियों से संबंध होने की आशंका जताई जा रही है। उसका एक एनजीओ सम्यबादी सुभाष सभा से संबंध बताया जा रहा है। यह एनजीओ पुरुलिया के नक्सलवाद प्रभावित तुनतुरी में एक मुफ्त कोचिंग सेंटर चलाती है। झा का परिचित निलक्खा आइच इस एनजीओ के संस्थापक सदस्यों में से एक है।

**संसद में घुसपैठ मामले में भाजपा सांसद से पूछताछ संभव | संसद के अंदर पर्चे बांटने पर भी किया गया था विचार | मास्टरमाइंड का नक्सलियों से संबंध होने की आशंका**




### तैयार था प्लान बी

प्रारंभिक प्रयास विफल होने की स्थिति में आरोपियों के पास एक बैकअप योजना तैयार थी। यदि नीलम और अमोल संसद भवन के आसपास तक नहीं पहुंच पाते या सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उन्हें रोक लिया गया होता, तो प्लान बी के तहत महेश और कैलाश मीडिया प्रतिनिधियों के सामने पटाखे और रंगीन गैस कनस्तर फोड़ने के लिए तैयार थे। मुख्य साजिशकर्ता ललित झा ने संसद के बाहर पूरे विरोध-प्रदर्शन का वीडियो शूट किया था और इसे एक युवक के साथ साझा किया था, जो कोलकाता में एक गैर सरकारी संगठन (सामयाबादी सुभाष सभा) से जुड़ा है। संसद के बाहर और अंदर पकड़े गए चारों आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन ललित झा को सौंप दिए थे। वह भी संसद के बाहर मौजूद था और जब उसके साथियों को पकड़ा गया तो वह फोन से भरा बैग लेकर भाग गया। उसे भी किसी अन्य व्यक्ति से फोन लेकर वहां से भागने के निर्देश मिले थे। घटना के बाद, बिहार से संबंध रखने वाले पश्चिम बंगाल निवासी ललित झा ने एक दिन के लिए महेश के साथ राजस्थान में शरण ली।

### सुरक्षा में सेंध के पीछे बेरोजगारी, महंगाई : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पहली बार संसद सुरक्षा उल्लंघन को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला और कहा कि इसके पीछे बेरोजगारी और महंगाई मुख्य कारण है। कांग्रेस मुख्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आलोचना की और कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी का कारण सरकार की नीतियां हैं। राहुल गांधी ने कहा, "देश में बेरोजगारी एक बड़ा कारण है। वहीं, मोदी सरकार की नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। सुरक्षा उल्लंघन हुआ है और इसके पीछे मुख्य कारण बेरोजगारी और मुद्रास्फीति है।" बता दें कि 13 दिसंबर को दो युवक लोकसभा में घुस आए और दर्शक दीर्घा से कूदकर पीले धुएं वाली गैस का छिड़काव कर दिया। अब तक दिल्ली पुलिस ने मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

### संसद की सुरक्षा में सेंध: छठा आरोपी भी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में छठे आरोपी महेश कुमावत को गिरफ्तार कर लिया है। ललित झा और महेश ने गुरुवार को कर्तव्य पथ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था। झा को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि महेश को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान, एक अन्य युवक कैलाश की संलिप्तता की बात सामने आई जिसके कारण उसे भी हिरासत में लिया गया।

#### भाजपा सांसद से पूछताछ संभव

स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस टीम इस मामले में मैसूर से सांसद प्रताप सिम्हा का बयान दर्ज कर सकती है।

## एक नजर

### तालाब में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**गोड्डा।** जिले के ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के माल मंडरो गांव में एक परिवार के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि शनिवार को स्थानीय बभनी तालाब में डूबने से माल मंडरो गांव के अमीर अंसारी के दो पुत्र और एक पुत्री की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के पाटाल पर खेलने के क्रम में ये घटना हुई। मुहल्ले के सभी बच्चे इसी जगह खेलने जाते हैं। घटना की सूचना मिलते हैं थाना प्रभारी रफीक आलम के साथ अंचल निरीक्षक महेश कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। बच्चों के परिवार जनों ने मृतक बच्चों की पोस्टमार्टम नहीं करने की बात कही। उनके अनुरोध पर घटना के संबंध में पंचनामा तैयार कर दिया गया। बच्चों के शव को दफनाने की तैयारी की जा रही थी।

### राघव चड्ढा बने रास में आप के नेता



**नई दिल्ली।** आप ने अपने सांसद राघव चड्ढा को संजय सिंह के स्थान पर राज्यसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया है। राज्यसभा सभापति को लिखे पत्र में आप पार्टी के नेतृत्व ने कहा है कि संजय सिंह की अनुपस्थिति में, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, राघव चड्ढा अब से उच्च सदन में पार्टी के नेता होंगे। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में फिलहाल जेल में हैं। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने पुष्टि की कि चड्ढा को सदन का नेता नियुक्त करने के संबंध में आप की ओर से एक पत्र प्राप्त हुआ है। कार्यान्वयन के लिए पत्र राज्यसभा महासचिव के पास है। चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में से एक हैं।

### शराब घोटाला मामले में ईडी ने दाखिल की चार्जशीट




**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को चार्जशीट दाखिल कर दी है। ईडी के दाखिल चार्जशीट में योगेन्द्र तिवारी के अलावा शराब का टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों की जानकारी दी गई है। साथ ही किस-किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी यह भी जानकारी दी गई है। इसके अलावा शराब के कारोबार करने वाली 10 कंपनियों का भी नाम का भी उल्लेख किया गया है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने यह जानकारी दी।

## सीएम ने चाईबासा की कुरसी पंचायत शिविर में लाभुकों से किया संवाद, बोले

# उच्च शिक्षा में आर्थिक मदद के लिए नहीं छोड़ेंगे बैंक के भरोसे

### सरकार विद्यार्थियों को 15 लाख रुपये तक का आर्थिक सहयोग देगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/ पश्चिमी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ परिवार की सभी बेटियों को देने के लिए मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गई है। अब सभी बेटियों को योजना का लाभ मिलना तय हुआ है। अब बेटियां पढ़ाई नहीं छोड़ेंगी। उन्हें उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार मदद करेगी। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सरकार उन्हें 15 लाख रुपये तक का आर्थिक सहयोग देगी। राज्य सरकार अब बच्चों को उच्च शिक्षा में आर्थिक सहयोग के लिए बैंक के सहारे नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के मंझारी प्रखंड स्थित रोलाडीह पंचायत के हाई स्कूल मैदान, मंझारी में आयोजित जिला स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा शेष पृष्ठ 11 पर




### 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव का कनेक्शन शहर से सुगमता से हो, इसके लिए 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क निर्माण का निर्णय लिया गया है। साथ ही ग्रामीणों का शहर तक व्यवस्थित और निःशुल्क आवागमन हेतु हमारी सरकार मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू कर रही है। यह परिवहन सेवा आंदोलनकारियों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं एवं दिव्यांजनों को निःशुल्क प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से गरीबों के लिए आवास की स्वीकृति नहीं मिलने के बाद राज्य सरकार ने राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना शुरू की है। यह आवास केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही दो कमरों के आवास से बड़ा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारडूबी के डिग्री कॉलेज में क्षेत्रीय भाषा के शिक्षक की बहाली के लिए सरकार निर्णय लेगी। यहां के पर्यटन स्थल को विकसित करने का निर्देश दिया गया है।

# अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर शहरों का भी हो रहा विकास : पीएम

**एजेंसी। उज्जैन**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार शाम को मध्यप्रदेश सहित देश के पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हरी झंडी दिखाकर वर्चुअली शुभारंभ किया। आचार संहिता के कारण 5 राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में यह यात्रा शनिवार से प्रारंभ हो रही है। उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां दूसरों की उम्मीद खत्म होती है, वहा मोदी की गारंटी शुरू होती है। सरकार न केवल हर व्यक्ति को भोजन, स्वास्थ्य, आवास आदि की गारंटी दे रही है, अपितु सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। गांवों के विकास के साथ ही शहरों का भी तेज गति से विकास किया जा रहा है। पहले केवल बड़े शहरों का विकास होता था, अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर शहरों का भी विकास हो रहा है। भारत में छह करोड़ छोटे शहर हैं। अमृत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से इनका भी समग्र विकास किया जा रहा है। शहरों में शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी 17-18 दिसंबर को सूरत और वाराणसी का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी 17-18 दिसंबर को गुजरात के सूरत और उत्तर प्रदेश के वाराणसी का दौरा करेंगे। पीएमओ ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री 17 दिसंबर को सुबह करीब 10:45 बजे सूरत एयरपोर्ट पर नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे। टर्मिनल भवन पीक आवर्स के दौरान 1200 घरेलू यात्रियों और 600 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को संभालने के लिए सुसज्जित है। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11:15 बजे सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन करेंगे। यह अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र होगा। यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा। पीएमओ के अनुसार इसके बाद प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी जाएंगे और करीब साढ़े तीन बजे कटिंग मेमोरियल स्कूल मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री शाम करीब 5:15 बजे नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2023 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कन्याकुमारी-वाराणसी तमिल संगमम ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री 18 दिसंबर को सुबह करीब 10:45 बजे वाराणसी के उमराहा में नवनिर्मित स्वर्वेद महामंदिर जाएंगे, जिसके बाद करीब 11:30 बजे एक सार्वजनिक समारोह में इसका उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर वह महामंदिर के भक्तों को भी संबोधित करेंगे।

# भारत में कोविड-19 के नये वेरिएंट जेएन.1 ने दी दस्तक

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केरल में आठ दिसंबर को कोविड-19 के उप-स्वरूप जेएन.1 का एक मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 79 वर्षीय महिला के नमूना की 18 नवंबर को आरटी-पीसीआर जांच की गई थी, जो संक्रमित पाया गया। महिला में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों (आईएलआई) के हल्के लक्षण थे और वह कोविड-19 से उबर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि देश में कोविड-19 के वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक मामले गंभीर नहीं हैं और संक्रमित लोग अपने घरों में ही पृथक-वास में रह रहे हैं। इससे पहले, सिंगापुर में एक भारतीय यात्री में जेएन.1 संक्रमण का पता चला था। यह व्यक्ति तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले का मूल निवासी है और उसने 25 अक्टूबर को शेष पृष्ठ 11 पर

### सीठियो जग्गू होटल में छापेमारी, हथियार के साथ पांच पकड़ाए

**रांची।** रांची पुलिस ने धुर्वा थाना क्षेत्र के सीठियो रिंग रोड स्थित जग्गू होटल में छापेमारी कर पांच अपराधियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने दो पिस्टल बरामद किया है। बताया जा रहा है कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को सीठियो इलाके में आपराधिक घटना होने की सूचना मिली। हटिया डीएसपी राजा मित्रा के नेतृत्व में गठन किया गया। गठित टीम में धुर्वा थाना प्रभारी के अलावा पुंदाग ओपी प्रभारी और पुलिस बल को शामिल किया गया। शनिवार को पुलिस की टीम ने होटल में छापेमारी की।

# सीआईडी ने ठगी करने वाले गिरोह के पांच आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में रामगढ़ के पतरातू थाना निवासी कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार शामिल हैं। इनके पास से चार मोबाईल, एक लैपटॉप, दो कंप्यूटर और बैंक से संबंधित



कागजात बरामद किए गए हैं। सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज ने शनिवार को सीआईडी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बैंक से लोन दिलाने के नाम पर सीसीएल कर्मियों से साईन किया हुआ ब्लैंक चेक प्राप्त कर फर्जी तरीके से संगठित गिरोह के जरिये अपने खाता में पैसा ट्रांसफर किये जाने का कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में प्रभात कुमार सिंह ने शिकायत की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सरिता मुर्मू के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर रामगढ़ के पतरातू रोड नंबर आठ स्थित कमल कुमार सिंह के घर में छापेमारी की गई। शेष पृष्ठ 11 पर

### नाबालिग से गैंगरेप मामले में छह दिन बाद छह आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने तुपुदाना के हुलहुंडू से अगवा कर चुकरू गांव में नाबालिग लड़की से गैंगरेप के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चार नाबालिग हैं। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि नाबालिग लड़की पांच दिसंबर को अपने दोस्त से मिलने के लिए तुपुदाना के जोजोसिरिंग पहुंची थी। इसी दौरान दोस्त से उसका झगड़ा हुआ और नौ दिसंबर की रात नाबालिग अकेले घर से निकल गई। इसी दौरान आरोपियों ने हुलहुंडू से नाबालिग को अगवा किया और सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

# डीजे के आतंक की गाज कहीं मैरेज हॉल पर न गिर जाए



सुनील बादल

*विवाह* किसी भी परिवार,जाति या संप्रदाय के लिए एक कभी न भूलने वाला सुखद अनुभव होता है इसलिए क्या गरीब क्या अमीर सभी उसे यादगार बनाना चाहते हैं। ज्यादातर लोग इसी कारण अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च करते हैं। इसी खुशी और उमंग में कई बार सीमाएं या वर्जनाएं टूटती हैं खास तौर पर जब बारात निकलती है तो लोग याद नहीं रख पाते कि समय क्या हुआ है और बम या पटाखों के शोर से दूसरों को क्या परेशानी हो सकती है? आजकल बड़े शहरों से डरते-डरते गांवों के रास्ते अब राजधानी रांची ही नहीं प्रायः सभी शहरों-कस्बों में हजारों वाट के डीजे आ गए हैं जो जब शोर मचाते हुए या यूं कहें धरती कंपाते हुए गुजरते हैं तो गाड़ियों के,घरों के शीशे ऐसे थरथराने लगते हैं मानों टूट जाएंगे। कई बार नशे में झूमते हुए बाराती खुले आम सड़कों पर फायर करते भी दिखाई देते हैं और डीजे कि चकाचौंध करती घूमती लाइट से चलना मुश्किल हो जाता है। रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है पर बिना किसी रोकटोक के रिहायशी इलाकों में बने मैरेज हॉल के आसपास रोज नए-नए डीजे अब शहरों में भी बढ़ते जा रहे हैं जिससे लोगों की नींद तो हराम हो ही रही है हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का खुला उल्लंघन हो रहा है। इसी तरह की मनमानी और कानफोंडू शोर-शराबे के बाद पंजाब के लगभग सभी मैरेज हॉल को शहरी क्षेत्रों के बाहर किया गया। अब तो जो भी मैरेज हॉल वहां बन रहे हैं वे सभी हाइवे के किनारे बन रहे हैं जहां जाम की भी समस्या नहीं होती। बिहार ने भी इस कड़े कदम उठाए हैं। राजधानी रांची में रात के समय डीजे बजाने को लेकर सितंबर में झारखंड हाईकोर्ट ने जिला अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि रात 10 बजे के बाद राज्य की राजधानी में लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। राजधानी रांची के सभी थाना क्षेत्रों में पीसीआर वैन का नंबर जारी करने को कहा गया था, जिससे प्रभावित लोग शिकायत कर सकें और पीसीआर त्वरित कार्रवाई सके। इससे पूर्व जनहित याचिका प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारूका ने बताया था कि रात 10 बजे के बाद भी शहर में डीजे व लाउडस्पीकर तेज साउंड में बजाया जाता है। इससे रात में लोगों को काफी परेशानी होती है। शेष पृष्ठ 11 पर






> ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून-2000 के मुताबिक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर पाबंदी है। हालांकि राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह कुछ शर्तों के साथ रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की इजाजत दे सकती हैं, लेकिन रात 12 बजे के बाद किसी को भी लाउडस्पीकर या डीजे बजाने की इजाजत नहीं है । ऐसा करना गैर कानूनी और क्राइम है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण भी कह चुका है कि एक तय सीमा से तेज लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

# ओएमआर शीट पर नहीं पेन पेपर बेस्ड होगी जैक बोर्ड की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राज्य में 16 फरवरी से शुरू होने जा रहे मैट्रिक और इंटर परीक्षा के पैटर्न में बदलाव कर दिया गया है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की बैठक में यह फैसला लिया गया है। इस बदलाव के मुताबिक, अब बोर्ड की परीक्षाओं में ओएमआर शीट को शामिल नहीं किया जाएगा। अब केवल पेन-पेपर बेस्ड बोर्ड की परीक्षा होगी। साल 2024 में होने जा रही बोर्ड की परीक्षा में 50 अंक की लिखित परीक्षा, 30 अंक कर ऑब्जेक्टिव परीक्षा और 20 अंक का प्रैक्टिकल लिया जाएगा। बोर्ड बैठक के बाद लिए गए निर्णय में बताया गया है कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को एक ही प्रश्नपत्र मिलेगा, जिसमें ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव सवाल होंगे। परीक्षार्थियों को दोनों ही सवालों के जवाब एक ही उत्तर पुस्तिका में देनी होगी। ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव सवालों के अंक में भी बदलाव हुआ है। ये बदलाव साल 2024 से ही लागू हो जाएगा। इसके अलावा साल 2025 से थोड़े और बदलाव देखने को मिलेंगे। इसके तहत 2025 से ऑब्जेक्टिव सवाल 20 फीसदी, सब्जेक्टिव 60 फीसदी और पैक्ट्रिकल और इंटरनल असेसमेंट 20 फीसदी रहेगा। मैट्रिक शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### मांडर चौक में अलाव की व्यवस्था

**मांडर।** शीत लहर और ठंड को देखते हुए समाजसेवी आबिद अंसारी ने मांडर थाना चौक के पास अलाव का व्यवस्था किया है। उन्होंने कहा कि ठंड कुछ दिनों से काफी बढ़ गया है। आनेवाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। ठंड को हल्के में नहीं लेना चाहिए। कभी कभी ये जानलेवा साबित हो जाता है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था की जाए।

### कंबल का वितरण

**मांडर।** मांडर मध्य जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों के बीच पुंगी मोड़ में शनिवार को कंबल का वितरण किया। साथ में कांग्रेस अल्फसंखयक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, मुस्लिम अंसारी, मकबूल अंसारी, तबरेज अंसारी, वाहिद अंसारी, दिलीप गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### टीएसपीसी ने जलाया था हाइवा डंपर, ली जिम्मेदारी

**खलारी।** प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी ने ही खलारी के जेहलीटांड़ ट्रांस्पोटिंग रोड पर हाइवा डंपर जलाया था। इस संबंध में टीएसपीसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घटना की जिम्मेवारी ली है। मालूम हो कि डंपर के चालक व मालिक ने खलारी थाना पुलिस को बताया था कि शार्ट सर्किट से डंपर में आग लग गया था। हालांकि क्षेत्र में इस बात की चर्चा थी कि हथियारबंद लोगों के द्वारा डंपर को जलाया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से टीएसपीसी के उत्तरी दक्षिणी सीमांत सबजोनल कमेटी ने ठीकेदार, लिफ्टर को चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना टीएसपीसी संगठन से बात किए काम न करें। हाइवा मालिक, लोडर मालिक से कहा है कि जिस काम में गाड़ी दें, पता करके ही दें कि टीएसपीसी संगठन से बात हुई है या नहीं। अन्यथा गाड़ी या ड्राइवर, खलासी के साथ किसी तरह की घटना होने पर वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। विज्ञप्ति में एनके, पिपरवार क्षेत्र के डंप कमेटियों को भी टीएसपीसी से बात करने कहा गया है, अन्यथा फौजी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# अस्तित्व रक्षा के लिए पहचान जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी के पीडब्ल्यूडी डाक बंगला में आयोजित संयुक्त बैठक में सरना धरम कोड की मान्यता के लिए 30 दिसंबर के भारत बंद को जोरदार सफल बनाने का फैसला लिया गया। पढहा राजा सोमा मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में पूर्व सांसद एवं सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सरना धर्म कोड हम भारत के प्रकृति पूजक आदिवासियों के अस्तित्व पहचान हिस्सेदारी के लिए अनिवार्य है। अन्यथा हमें जबरन हिंदू मुसलमान ईसाई बनना पड़ेगा। भारत बंद को सफल बनाकर सरकारों पर दबाव बनाना जरूरी है। अबतक हम आदिवासियों को धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोषी हैं। तब भी हमारा नारा रहेगा-जो सरना कोड देगा, आदिवासी उसको वोट देगा। सोमा मुंडा ने कहा एकता और आंदोलन से सफलता मिलेगी। सरना भी बचाना है, जमीन भी बचाना है। हम मालिक हैं भिखारी नहीं बनेंगे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना हमारी पहचान है। हमें संघर्ष जारी रखना है। शनिवार को रांची में और रविवार को हजारीबाग में संयुक्त सरना बैठक का आयोजन है। महादेव मुंडा ने कहा कि हम केवल फायदा के लिए नहीं सचमुच आदिवासी बनें। सोतोः समिति के केंद्रीय सचिव बिरसा कंडीर और सुभाषिनी पूर्ति ने कहा कि सरना समाज को बचाने के लिए समाज सुधार जरूरी है और हमारे पर्व त्यौहार को भी बचाना होगा। यह आंदोलन हर हाल में सफल बनाना होगा अन्यथा हमारा अस्तित्व मिट सकता है। डररर की तरफ से प्रमोद एक्का और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की तरफ से बाना मुंडा ने कहा कि सब संगठन को मिलकर आंदोलन को सफल बनाना है। केंद्रीय सरना संगोम समिति की तरफ से कुंवारी होरो और सुनीता गुड़िया ने अपने विचार रखे। आज की बैठक में अनेक प्रतिनिधियों ने अपने सार्थक विचार रखे। अंत में सेंगेल के केंद्रीय संयोजक सुमित्रा मुर्मू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई। आज की बैठक में प्रेमदास मुंडा, दीपक कुमार,बुधराम सिंह मुंडा, सीता ओडेआ, रायमुन्नी पूर्ति, अमृता मुंडा, सहाय तिर्की, सुषमा होरो, घनश्याम टुडू आदि शामिल थे।

# कठिन परिस्थिति में भी कम नहीं होता सैनिकों का जोश : इंस्पेक्टर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी सरस्वती विद्या मंदिर, करकट्टा में शनिवार को विजय दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर राजेश कुमार थे। सीआईएसएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि देश की तिरंगा हम भारत वासियों के लिए आन बान और शान है। उन्होंने कहा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में सैनिकों का जोश कम नहीं होता है। हमारे देश के सैनिक देश की सुरक्षा के लिए बार्डर पर 24 घंटे तैनात रहते हैं। कहा कि देश है तो हम सभी हैं। विद्यालय के आचार्य पुरुषोत्तमकुमार सिंह ने 1971 के युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि आज ही के दिन भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के लगभग 93 हजार सैनिकों से आत्मसमर्पण कराया था और विजय पताका फहराया था। इस विजय के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतवासी 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाते हैं।

### खलारी में डंपर जला, चालक ने पुलिस को बताया शार्ट सर्किट से लगी आग



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के जेहलीटांड़ और विश्रामपुर के बीच ट्रांस्पोर्टिंग सड़क पर आग लगने से एक हाइवा डंपर संख्या जेएच01टी/9938 का आगे का हिस्सा जलकर खाक हो गया। डंपर का केबिन सहित आगे का टायर जल गया। डंपर जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट के लिए पुरनाडीह से खलारी सीमेंट फैक्ट्री में कोयला ढुलाई कर रहा था। घटना के समय सीमेंट फैक्ट्री में कोयला अनलोड कर खाली वापस लौट रहा था। घटना की सूचना पाकर खलारी थाना पुलिस वहां पहुंची और पूरी जानकारी ली। खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम ने बताया कि डंपर चालक विश्वनाथ महतो ने पुलिस को बताया कि शार्ट सर्किट लगने से डंपर में आग लग गई। पुलिस को दिए लिखित रिपोर्ट में भी यही बात कही गई है। सुबह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी, जवान घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी लिए।

**कोयला व्यवसायियों से लेवी की मांग कर रहा है टीएसपीसी :** टीएसपीसी संगठन द्वारा क्षेत्र के कोयला व्यवसायियों से व्हाट्सअप पर मैसेज कर तथा काल करके लगातार लेवी की मांग की जा रही है। कई कोयला व्यवसायियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर यह जानकारी दी है। कल रात की घटना से पहले भी पुरनाडीह में ट्रांस्पोटिंग में लगे एक हाइवा डंपर में आग लगा दिया गया था। जेहलीटांड़ में हुई घटना को लोग इससे जोड़कर देख रहे हैं।

### आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर।** पुलिस ने टटकुंदो निवासी तीन लोगों सोमरा उरांव, जीतपहान उरांव व सोनू उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन लोगों के ऊपर टटकुंदो गांव में छेड़छाड़ के प्रयास के आरोपी झिंझरी निवासी सैंतीस वर्षीय डेविड मिंज की हत्या करने का मामल को लेकर डेविड की पत्नी द्वारा थाने में आवेदन दिया गया था। घटना गुरुवार देर शाम की है। बताया जाता है डेविड के ऊपर एक मंदबुद्धि लड़की के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया गया था। मंदबुद्धि लड़की को उसके परिजन घर में अकेला छोड़कर काम करने गये थे। शाम को जब वे वापस लौटे तो लड़की घर में नहीं मिली। अगल बगल खोजबीन में पता चला कि लड़की को डेविड मिंज के साथ देखा गया था। जब डेविड से इस विषय पर पूछा गया तो वह सीधे मुकर गया।

### अपोलो क्लिनिक में खलारी के 160 लोगों का हुई निःशुल्क जांच



**खलारी।** अपालो क्लिनिक रांची द्वारा खलारी में संपूर्ण हेल्थ चेकअप का निःशुल्क शिविर लगाया गया। इस शिविर में 160 लोगों का जांच किया गया। शिविर में फिजिशियन डा एस कुमार, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डा निभा निहारिका, दंत विशेषज्ञ डा रवि रोगन, शूगर विशेषज्ञ डा स्वरूप कुमार, डाइटीशियन डा विजेता द्वारा सभी रोगियों की मुफ्त जांच की गई। शिविर में ईसीजी, ब्लड शूगर, ब्लड प्रेशर, आक्सीजन लेबल का मुफ्त जांच किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि खलारी के शिविर में अधिकतर बीपी, शूगर, आयोडिन की कमी, पेट रोग आदि के मरीज पाए गए। बताया कि लोग बीपी की जांच की नहीं कराते हैं। इसलिए उन्हें पता ही नहीं होता है उन्हें बीपी की बीमारी है। कहा कि प्रयास रहेगा कि इस तरह की शिविर आगे भी लगाया जाए। शिविर में अपोलों के स्थानीय अधिकारी द्वारा मरीजों को सहयोग किया गया।

### ढाई महीने से जारी है श्रमिक नेता रतिया गंझू का धरना

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना खदान से सटे जामुन दोहर में बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के जोनल अध्यक्ष सह विश्रामपुर के रैयत रतिया गंझू का धरना पिछले ढाई महीने से जारी है। रतिया गंझू अन्य रैयतों के साथ जमीन के बदले नौकरी, मुआवजा व पुनर्वास की मांग को लेकर धरना पर बैठे हैं। धरना पर बैठे रतिया गंझू ने बताया कि रैयतों की मांगों पर एनके प्रबंधन के साथ प्रशासनिक अधिकारियों का भी उदासीन रवैया बना हुआ है। इतने दिन बीत जाने के बावजूद भी प्रबंधन द्वारा कोई भी ठोस पहल करने का प्रयास नहीं किया गया है। धरना में रतिया गंझू के अलावा देवराज गंझू, रोशन गंझू, सनी कुमार, संतोषकुमार गंझू, विजयकुमार गंझू, अंकितकुमार टोप्पो, संजय गंझू, विमलकुमार गंझू, राजू राम, पिंटू गंझू, सतीश गंझू आदि बैठे थे।

# विरासत से रोजगार उत्पन्न कर रही प्रेरणा



**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**
एमबीए करने के बाद मुंबई और बेंगलुरु में फ्यूचर समूह के बिग बाजार और स्वीगी जैसी नामी कंपनियों में 35 लाख रुपए का सालाना पैकेज को छोड़ आज गोड्डा के डांडे गांव की 27 वर्षीय बेटी प्रेरणा ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है। अपनी व्यक्तित्व और कृतित्व से आधी आबादी में बदलाव की बयार ला रही हैं। प्रेरणा ने बताया कि वर्ष 2020-2021 में कोरना काल के दौरान जब मैं वर्क फार्म हॉम के लिए घर आई। यहां आकर अपनी मिट्टी से जुड़ कर अपनों के बीच रह कर ग्रामीण महिलाओं को शिक्षित और स्वावलंबी को बनाने का मौका मिला। ढेकी और जाता ने ग्रामीण

**महिलाओं को दिया रोजगार:** प्रेरणा ने बताया कि जब मैं छोटी थी तो नानी और दादी को देखा करती थी की ढेकी (धान से चावल तैयार करने का उपकरण ) और जांता (दाल और मसाला तैयार करने का उपकरण) चलाना। आज विरासत में मिले इन्हीं उपकरणों से महिलाओं को जोड़ कर उन्हें रोजगार देने का प्रयास किया। गांव और आसपास से 40 से 60 महिलाएं अब तक इससे जुड़ चुकी है। इससे महिलाएं शुद्ध और प्राकृतिक खाद्य सामग्री तैयार कर उन्हें ई-कमर्स कंपनी जैसे फ्लिपकार्ट और अमेजन या फिर अन्य के माध्यम से देश भर में भेजा जा रहा है।

**ग्रामीण महिलाएं को शिक्षित और स्वावलंबी बनी:** इस अभियान में पूरी टीम सिर्फ महिलाएं ही हैं। प्रेरणा ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को ये काम बहुत ही अच्छे तरीके से आता था, बस उन्हें देश के बाजार में कैसे लाएं ये नहीं आता, इस लिए मैंने उन्हें लैपटॉप से अर्डर सर्च करना, उसे डिलीवरी ब्वाय को सौंपने तक का प्रशिक्षण दिया।

**इन जगहों से अब मिलने लगा आर्डर:** जैसे-जैसे महिलाएं आगे आने लगी आर्डर काफी बढ़ गया। आज मुंबई, दिल्ली, पटना, बेंगलुरु, कोलकता, झारखंड सहित कई जगहों से आर्डर आने लगी है। इनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (एएफएसएसआई) की ओर से भी प्रमाणित भी करने के बाद ही भेजा जाता है।

**प्रत्येक महिलाओं का प्रत्येक माह मिलने लगा 10 हजार रुपए :** सामूहिक प्रयास से नेचरशिप ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलाओं के समूह ने चावल, दाल, सत्तू, बेसन , मसाला सत्तू, बच्चों के लिए चौकलेट दलीया ,दलीया, मसाला सहित देसी उत्पादों को पैकेजिंग करने लगी और हर माह 10 हजार रुपए का आय करने का अवसर मिला। यह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुहिम है। विरासत में मिले उपकरणों की मदद से महिला किसानों के साथ मिलकर पारंपरिक तकनीक से उत्पाद तैयार करते है। इसे गुणवक्ता मानकों पर खरा उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजा जाता है।

## रांची आसपास

# सिल्ली डीएवी के छात्रों ने नेशनल स्पोर्ट्स स्टेट लेवल में लिया भाग




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स स्टेट लेवल झारखंड जोन - इडी . ए.वी.बिस्टुपुर जमशेदपुर द्वारा 14 दिसंबर एवं 15 दिसंबर 2023 को आयोजित किया गया । जिसमें डी .ए. वी. महात्मा आनंद स्वामी सिल्ली के प्रतिभागियों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। तुषार सिंह मुरा, एवं प्रेम कुमार महतो अंडर -14 में रनर अप रहे ।रुद्र प्रताप दुबे अंडर -14 वुशु में बेस्ट वुशु प्लेयर रहा । मल्लिका साय को वुशु में रजत, आर्या रानी कांस्य, मो.जीशान रजा कराटे में स्वर्ण, रिनिक मिस्त्री कराटे में रजत, आरती उरांव एवं जोशीका उरांव को तैराकी में स्वर्ण, इभ्या मिश्रा को वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण, रुद्र प्रताप दुबे को ऊंची कूद एवं लंबी कूद में रजत, कुल मिलाकर 7 स्वर्ण 4 रजत एवं 1 कांस्य एवं 1 ट्राफी सहित। कुल 11 प्रतिभागी नेशनल लेवल के लिए चयनित किए गए जो 4 जनवरी से 8 जनवरी 2024 को दिल्ली में भाग लेंगे । स्कूल के प्राचार्या सुश्री बी .शरण एवं स्पोर्ट्स शिक्षक मधुरेंद्र कुमार तथा सभी शिक्षक , शिक्षिकाओं ने बच्चों को ढेर सारे शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी और नेशनल लेवल पर बेहतरीन प्रदर्शन की कामना की।

# नगड़ा पंचायत के मुखिया ने उन्नीस जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया



मांडर। प्रखंड के नगड़ा पंचायत के मुखिया बहादुर उरांव ने अपने अगुवाई में शनिवार को कनभीठा गांव में उन्नीस जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया। जो पैसो के अभाव में विवाह करने में असमर्थ थे। ये जोड़े काफी गरीब परिवार से हैं, प्रखंड के अलगझअलग हिस्सों से थे। सूचना मिलने पर मुखिया द्वारा पहल की गई। आसपास के इलाकों में पता करने पर मुखिया को कुल उन्नीस ऐसे जोड़े मिले जो पैसे के अभाव में शादी धूमधाम से करने में असमर्थ थे। सूचना मिलने पर मुखिया द्वारा पहल की गई। मुखिया ने बताया कि लगभग पंद्रह दिन पूर्व सूचना मिली कि कुछ गरीब परिवार के लोग हैं जो अपने बच्चों की शादी तो तय कर चुके हैं पर पैसे के अभाव में शादी नहीं कर पा रहे हैं।

### सरकार आपके द्वार के तहत हुरहुरी में शिविर का आयोजन

**रातू।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के हुरहुरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरकार की प्रमुख योजनाएं अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना एवं अन्य योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से कुल 1800 आवेदन दिया गया।

# करकट और कांजिया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो/मांडर**
चान्हो प्रखण्ड के करकट पंचायत और मांडर प्रखंड के कंजिया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार और जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी उपस्थित रहे। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पतियों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारंटी, स्वास्थ्य जाँच, किसान क्रेडिट कार्ड, कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वे वित्त की योजनाऐं, राशन कार्ड सुधार एवं निर्माण, सर्वजन-पेंशन योजना है। दौरान विभिन्न कंजिया में विभागों के कुल 2157 आवेदन प्राप्त किया गया तथा 1067 परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जि०प० सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। इस कार्यक्रम के द्वारा आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबूआ आवास योजना के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है की जो भी व्यक्ति पात्र हैं उनके घर तक योजना पहुंचे और उनका उनका हक मिले।

### कांग्रेस पार्टी की चोरेया व रोल मे पंचायत सम्मेलन का आयोजन

**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया एवं रोल पंचायत मे कॉग्रेस पंचायत सम्मेलन में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कॉग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए। सम्मेलन को संबोधित करते बंधु तिर्की ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव की तैयारी मे अभी से जुट जाएं। कार्यकर्ता ही आमलोग और वोटर के सबसे करीब होते हैं।

### पोशाक आभूषण उद्यमी ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय पोशाक आभूषण उद्यमी ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अथिति के रूप में मुरी ओ पी, ए एस आइ आशीष रंजन ने राज्य के विभिन प्रखंड से आए 18 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया और खुद का स्वरोजगार करने का संदेश दिया उन्होंने कहा कि समय में पोशाक आभूषण ज्वैलरी का बहुत डिमांड है बाजारों में शादी विवाह के मौके पर आप बहुत ज्यादा से ज्यादा आय कर सकतें हैं।

## जलमीनार योजना में अनियमितता उजागर

# 84 गांवों में बने सौर जलमीनार का नहीं हो रहा कोई इस्तेमाल



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के 17 पंचायत के 84 गांवों में बनी जलमीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं। इसका उपयोग ही नहीं हो रहा है। जिसके कारण लाखों की लागत से निर्मित जलमीनारों का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। जलमीनार बनाकर सरकारी राशि का सिर्फ दुरुपयोग किया गया। विभागीय लापरवाही के कारण वर्तमान में कई जलमीनार बंद व बेकार पड़े है। वही कुछ जलमीनार ऐसे भी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है। जबकि सरकार द्वारा गांवों में शुद्ध पेयजल के लिए 14वीं और 15वीं वित्त से सौर ऊर्जा से संचालित मीनार बनाई गई है। भले ही आम जनमानस को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का दावा हो और करोड़ों रुपये की योजनाएं बनाकर रुपये खर्च हो रहे हों, पर गांव के धरातल पर सरकार की योजनाओं का वास्तविकता देखी जा सकती है। ग्रामीणों का दर्द न तो जिम्मेदार समझ रहे हैं और न ही अधिकारी। ग्रामीणों का कहना है कि भले ही सरकार लोगों को शुद्ध पानी को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन गांव में पीने की पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जिम्मेदारों की गठजोड़ से जलमीनार के नाम पर खानापूर्ति कर निर्माण मद की आधी राशि कमीशन के नाम पर बंदरबांट कर बांट लिया जा रहा है।

### भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने बेड़ो में जलमीनार योजना की जांच कर करवाई की मांग की

बेड़ो में सौर ऊर्जा जलमीनार में हुई अनियमितता पर केंद्र सरकार के द्वारा जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। सन्नी टोप्पो ने कहा कि प्रखंड में सोलर जलमिनर लगाने में सरकारी राशि की जमकर लूट हुई है। साथ ही जिस मकसद से गांवों में सोलर जल मीनार लगाई गई है उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ सोलर जलमिनर को छोड़ दिया जाए तो प्रखंड के गांवों में जलमिनर बंद पड़ी हुई है इसमें पेयजल का स्वच्छता विभाग द्वारा लगाई गई जलमीनार में जमकर लूट हुआ है 14वें और 15वें वित्त से लगी अधिकांश जलमीनार आज बंद पड़ी है।

# सिल्ली गूंज की आवाज देश विदेश तक पहुंचेगी : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार के दिन गूंज महोत्सव को लेकर सिल्ली विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने बैठक की। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि गूंज महोत्सव में सभी को सम्मान देने का काम किया जाएगा। गूंज महोत्सव का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुका है परंतु सिल्ली गूंज की आवाज देश-विदेश तक हम लोगों को पहुंचना होगा जिससे झारखंड की कला और संस्कृति को लोग काफी नजदीक से जान सके। गूंज महोत्सव में देश की झांकी का नजारा भी देखने को मिलेगा। महोत्सव में गरीबों को सम्मान एवं उनके बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया जाएगा। गूंज के संध्या पूर्व प्रत्येक गांव में कैंडल मार्च भी महिला और पुरुषों के सहयोग से निकला जाएगा। बैठक के अंत में महिला और पुरुषों को शपथ दिलाया गया कि हम लोग लड़के और लड़कियों को एक समान शिक्षा देंगे, उनमें भेदभाव नहीं करेंगे, उनका बाल विवाह नहीं करेंगे एवं महिलाओं पर होने वाले हिंसा और अत्याचार का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक,उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, बृजेश प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, सिल्ली प्रखंड समिति के सभी पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी, पूर्व मुखिया, महिला ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय महिला दीदी उपस्थित थे।

### क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन किया गया

**सोनाहातू।** सिल्ली स्टेडियम में 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक होने वाले तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के पूर्व सोनाहातू के स्थानीय थाना मैदान में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में बिधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से नीचे तबके के लोगों को सम्मान देने का काम किया गया है।

कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.11.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–लुरू, थाना–रायडीह के पास से 05 पीस साल बोटा सहित एक माल वाहक वाहन योद्धा पीकअप सं०–WB59C0072 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अत: समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.12.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:
प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 313645 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

## एक नजर

### लायंस क्लब की ओर से अलाव की व्यवस्था



रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची इस्ट की तरफ से माह के लिए फिरायालाल चौक पर शुरू अलाव की व्यवस्था का आज चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने उद्घाटन किया। विदित हो कि कंपकपाती ठंड में प्रत्येक वर्ष 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक लायंस क्लब के द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती है, जहां लोग ठंड से थोडी राहत महसूस करते हैं। विशेष केडिया ने लगातार 5 दिनों के लिए लकडी की व्यवस्था की है। क्लब के सदस्यों द्वारा लोगों से अपील की गई कि जिनके पास भी बेकार पडी लकडियां हैं, वे अलाव स्थल पर पहुंचा सकते हैं। इस अवसर पर लायंस क्लब की ओर से सुनिल केडिया, सुरेशचंद्र अग्रवाल, दीवाकर रागढिया, रतन राजगढिया, नरेश कुमार, विशेष केडिया के अलावा क्लब के 25 सदस्य उपस्थित थे।

### पोदना बालमुचू को रांची रिवोल्ट जनमंच ने किया सम्मानित



रांची। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बीच 1971 के युद्ध के 16 दिसम्बर विजय दिवस की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच ने 1965 एवं 1971 के भारतीय सेवा की जांबाज सैनिक 81 वर्षीय सेनानी पोदना बालमुचू रैंक सिपाही नम्बर 4240087 को फल भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। आज ही शाम अनशन स्थल पर दीप प्रज्ज्वलित कर विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि भारतीय सैनिक वास्तव में देश के शौर्य का प्रतीक हैं और उन्हीं के बल पर देश का सम्मान बरकरार है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बन सकते हैं ललित कुमार

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ ललित कुमार पोद्दार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है, चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन ने बताया कि सभी कागजों की जांच के बाद नामांकन पत्र वैध पाया गया। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दूसरा नामांकन पत्र दाखिल नहीं होने के कारण अब चुनाव नहीं होगा तथा 24 दिसंबर को होने वाले आमसभा में ललित कुमार पोद्दार को सर्वसम्मति से निर्विरोध रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का अध्यक्ष चुन लिया जाएगा। नामांकन पत्र लेने के समय चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन, सह चुनाव पदाधिकारी पवन पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, अशोक नारसरिया, अजय खेतान आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

### विस के समक्ष 19 को धरना में शामिल होंगे सभी संवर्ग के शिक्षक

रांची। अरगोड़ा स्थित कैम्प कार्यालय में एम ए सी पी संघर्ष मोर्चा द्वारा विधान सभा के समक्ष पुर्व निर्धारित समयानुसार 19 दिसंबर 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान एक दिवसीय धरना की तैयारी पर समीक्षा बैठक किया गया, जिसमें तीनों संवर्ग के शिक्षक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद यादव, अमीन अहमद, नरेंद्र कुमार यादव, अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, विजय बहादुर सिंह, सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक श्री अमरनाथ झा ने किया।

निर्णय लिया गया कि (1) 18 दिसम्बर को राज्य के सभी माननीय विधायको को धरना स्थल पर आने हेतु आग्रह पत्र दी जाय। (2) राज्य के तीनों संवर्ग प्राथमिक ,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की जाय। (3)धरना स्थल की तैयारी हेतु व्यवस्था प्रभारी बनाये गये।

## कनकनी बढ़ने से लोग बेहाल, अगले सप्ताह तापमान में आयेगी और गिरावट

# रहा सबसे ठंडा दिन, तापमान 8.2 डिग्री पहुंचा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में मौसम में बदलाव और तापमान में लगातार गिरावट से ठंड बढ़ गयी है। रांची का तापमान गिर कर शनिवार को 8.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। शनिवार को दोपहर से तेज ठंडी हवा चलने के कारण सर्द का अहसास ज्यादा होने लगी। रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम रहा। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। इससे कनकनी बढ़ने से दिन के धूप में भी लोगों को गर्म कपड़ों के बावजूद ठंड का अहसास हो रहा था। कई जिलों में कंपकंपाती ठंड से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। कनकनी बढ़ जाने से शनिवार को शाम को जल्द ही सड़कें सुनसान नजर आने लगी। ठंड से बचने के लिए लोग अपने घरों में दुबक गये। इधर आम लोगों और राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से जगह जगह अलाव की व्यवस्था की गयी है। इस दिसंबर यानि 16 दिसंबर को न्यूनतम पारा सबसे कम 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले साल 2022 को 17 दिसंबर के दौरान सबसे कम 8.5 डिग्री सेल्सियस था। राजधानी और आसपास के क्षेत्र में अधिकतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री नीचे चल रहा है।

### अगले सप्ताह ठंड और प्रचंड हो जाएगा

मौसम विभाग रांची के अनुसार अगले तीन चार दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट दर्ज हो सकती है। चतरा व खूंटी में सबसे ज्यादा ठंड है। यहां न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। रांची का अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड के तापमान में अभी और गिरावट होगी। अगले सप्ताह से कनकनी और बढ़ जाएगी। रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया है कि प्रदेश में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। लेकिन इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड और प्रचंड हो जाएगा।

### आज से 20 तक छाएं रहेंगे आंशिक बादल

17 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सूबे में आंशिक बादल छाए रहेंगे। हालांकि, कहीं बारिश नहीं होगी और मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। राजधानी रांची में 20 सितंबर तक आंशिक बादल छाए रहेंगे। सुबह में कोहरा या धुंध भी रहेगा। बाद में आसमान साफ हो जाएगा। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक उच्चतम तापमान चाईबासा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा जिले में दर्ज किया गया। चाईबासा का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

### कई जिलों का गिरा तापमान

रांची का अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रहा। जमशेदपुर, डालटेनगंज, बोकारो थर्मल और चाईबासा का न्यूनतम तापमान सामान्य से क्रमशः एक डिग्री, 1.6 डिग्री, 3.4 डिग्री और 4.3 डिग्री कम रहा। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री, डालटेनगंज का 8.5 डिग्री, बोकारो थर्मल का 9.2 डिग्री और चाईबासा का 8.2 रहा।

### इनर व्हील क्लब के सदस्यों ने किया पौधरोपण




रांची। इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरिखा रांची के सदस्यों ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में तुलसी के 108 पौधे, गेंदा के 8 और अन्य फूलों के कुछ पौधे लगाए। धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना जाने वाला तुलसी का पौधा औषधीय महत्व का भी है। मंदिर के ट्रस्टियों ने क्लब सदस्यों के इस भाव की सराहना की। इनर व्हील तुलसी उपवन के साथ पेंट किया हुआ एक लोहे का स्टैंडी स्थापित किया गया है और दो बड़े कूड़ेदान भी दान किए गए हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष माला श्रीवास्तव और सचिव सोमा भादुड़ी के अलावा क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### खाटू नरेश का भव्य केशर चंदन तिलक श्रृंगार

रांची। अमावस्या के दिन महास्नान के बाद से बाबा श्याम का श्यामल रूप भक्तों के लिए दर्शन सुलभ था। दोपहर के बाद मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने खाटू नरेश का भव्य केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब, रजनी, तुलसी, पीला गेंदा, लाल गेंदा की मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया।



**91वां श्री श्याम भंडारा :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 91 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। विश्वनाथ नारसरिया व अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान सुरेश डागा मंजू डागा एवं डागा परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डू गोपाल, शालिग्राम, शिव परिवार, हनुमान व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### झारखंड में पत्रकारों के समक्ष काफी चुनौतियां : रवींदनाथ



रांची। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को मोरहाबादी स्थित संस्कार होटल में हुआ। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष झारखंड रवींद्रनाथ महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड में पत्रकारों के समक्ष काफी चुनौतियां हैं। उनका कार्य जोखिम भरा है। ऐसे में अन्य राज्यों की तर्ज पर झारखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में राज्य सरकार के पास प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में झारखंड सरकार द्वारा यथाशीघ्र निर्णय लिया जाएगा। विशिष्ट अतिथि भाजपा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून झारखंड में लागू करने की मांग को लेकर जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष और राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपेंगे। वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेते हुए इसके निदान करने की दिशा में सरकार को कदम उठाना चाहिए। पत्रकारों को भी चाहिए कि पत्रकारिता पेशे की गरिमा को बनाए रखें और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

### 60 लाख की लागत से होगा टैगोर हिल के ब्रह्ममंदिर का जीर्णोद्धार : सांसद सेठ



रांची। रांची के गौरव टैगोर हिल पर स्थित ब्रह्ममंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास आज सांसद संजय सेठ ने किया। इस दौरान उनके साथ कांके विधायक श्री समरी लाल, श्री एस०डी० सिंह मौजूद रहे। सांसद की पहल और अनुशंसा पर लगभग 60 लाख रुपए की लागत से इस ब्रह्ममंदिर का जीर्णोद्धार किया जाना है। इस अवसर पर संसद श्री सेठ ने कहा कि टैगोर हिल रांची नहीं पूरे देश की अमूल्य धरोहर है। यहां रविंद्र नाथ टैगोर जी के बड़े भाई जितेंद्रनाथ टैगोर ने कई रचनाएँ की थी। यह उनके लिए एक तपोस्थली है। तकरीबन 100 वर्ष पूर्व यहां पर बैठकर की गई रचनाएं आज देश दुनिया में लोकप्रियता हासिल कर रही है। परंतु जिस स्थान पर रचना हुई, उस प्रेरणास्थल को ही लावारिस स्थिति में छोड़ दिया गया। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने दिनों तक इसके रखरखाव पर कोई ध्यान ही नहीं दिया।

## सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह कार्यक्रम का समापन

# आपसी सौहार्द का दीप सदा जलाए रखना होगा : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बिहार क्लब रांची में सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में भव्य रुप से सदभावना सम्मान समारोह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम ने की एवं पूरे कार्यक्रम की सरपरस्ती मुख्य संरक्षक डा. अजीत सहाय, संरक्षक जयसिंह यादव एवं कुणाल अजमानी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिंहा एवं विशिष्ट अतिथि एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, लोअर बाजार थना प्रभारी दयानंद कुमार, चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश प्रसाद,विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधिगण, मीडिया के प्रमुख साथियों के साथ साथ सर्वधर्म सदभावना समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ विभिन्न धार्मिक त्योहारों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने एवं विभिन्न सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाने के फलस्वरूप मोमेन्टो,शाल एवं झारखंडी प्रतीक पट्टा देकर सदभावना सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो. इश्तेयाक ,परमजीत सिंह टिंकू, मंजीत सिंह, प्रदीप राय बाबू,परवेज आलम, फिरोज अंसारी, राजन वर्मा, सुहैल खान,मौलाना तहजीबुल हसन, आशुतोष मिश्रा, तन्वीर आलम, मो. अब्दुल्लाह, संजय सिन्हा गोपू, जनक नायक, अशरफ अंसारी, सोनू भाई, जमील गद्दी, जावेद अनवर, शमीम कुरैशी, आफताब आलम, आशुतोष मिश्रा,मो. मोजाहिद, प्रो. परवेज, गौतम वैद्य, आदिल रशीद, विशाल कुमार सिंह, बुलंद अख्तर, अशोक यादव,इबरार गद्दी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे एवं सदभावना सम्मान से सम्मानित किए गए। धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप राय बाबू ने किया।

# बीआईटी में 18 से 24 दिसंबर तक पीजी व पीएचडी छात्रों का कार्यशाला




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्वविद्यालयों के पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी छात्रों की उत्पादकता में सुधार लाने के उद्देश्य से बीआईटी मेसरा में एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 18 से 24 दिसंबर चलने वाले यह कार्यशाला यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सतत विनिर्माण में भूतल इंजीनियरिंग और जनजातीय चुनौतियों विषय पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के शोध छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कार्यशाला का यह भी उद्देश्य है कि छात्रों के बीच सामग्री के संतही प्रदर्शन एवं उससे संबंधित चुनौतियों का समाधान के तकनीक तथा अनुसंधान कौशल के बारे में बेहतर मंच प्रदान करना है। ब18 से 24 दिसंबर तक इस वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा. इसमें देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के शोध छात्र एवं छात्राएं भाग लेंगे. इस कार्यशाला का प्रयोजन विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) एवं एक्सलेरेट विज्ञान योजना द्वारा किया जाएगा। अभियांत्रिकी के विभागाध्यक्ष डॉ डीपी मिश्रा एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ अरकादेब मुखोपाध्याय ने बताया कि इस कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालयों के होनहार पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी छात्रों की उत्पादकता में सुधार लाने का प्रयास है।

### इंटर स्कूल रसायन विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

रांची। बीआईटी मेसरा के रसायन विज्ञान विभाग के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल और स्टेमड एडवोकेशंस ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर के सहयोग से एक दिवसीय इंटर स्कूल केमिस्ट्री क्विज प्रतियोगिता-2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. अशोक शरण के उद्घाटन भाषण से हुई। जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। रिसर्च इनोवेशन के डीन डॉ. सी जेगनाथन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी खड़गपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सुमन चक्रवर्ती ने अपनी मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की।

### जिला रौनियार वैश्य सभा का चुनाव आज, परिणाम देर शाम तक

रांची। जिला रौनियार वैश्य सभा का चुनाव आज सोसई आश्रम मांडर में होगा। मतदान सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक होगा। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम की घोषणा की जाएगी। इस चुनाव में 82 आजीवन सदस्य और 26 इकाई के प्रत्येक इकाई से 9-9 जिला प्रधिनिधि भाग लेंगे। कुल तीन पद के लिए मतदान होना है, जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संगठन सह प्रचार मंत्री शामिल थे। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार हैं ब्रजेश कुमार, दीपक कुमार एवं शंभू प्रसाद गुप्ता। सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार हैं अनूप कुमार लाल और अशोक कुमार गुप्ता, वहीं कोषाध्यक्ष पद के दो उम्मीदवार हैं अमर नाथ गुप्ता और बिहारी लाल गुप्ता चुनाव मैदान में है। संगठन सह प्रचार मंत्री पद के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार राजेंद्र साहू होने के कारण उनको निर्विरोध विजयी घोषित किया जा चुका है।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा ओबीसी समुदाय के हक अधिकार के लिए चिंतित : विनोद पांडे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने,11वीं जेपीएससी के नियमावली को सुधारने एवं ओबीसी के हितों की रक्षा करने को लेकर आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नाम झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र प्राप्त करने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ओबीसी समुदाय के हक अधिकार के लिए चिंतित है लेकिन महामहिम ने ओबीसी के आरक्षण बढ़ाने के कैबिनेट एवं विधानसभा से की गई अनुशंसा पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने जातीय सर्वेक्षण करने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने, ट्रिपल टेस्ट कर नगर निगम में चुनाव कराने, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सदस्यों की नियुक्ति करने, सात जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिए गए हैं, जेपीएससी द्वारा निकाली जा रहे नियुक्तियों में भी ओबीसी के साथ लगातार नाइंसाफी की जा रही है। जेपीएससी के माध्यम से जूनियर जज की नियुक्ति में ओबीसी का उम्र कट ऑफ सामान्य वर्ग के उम्र के बराबर कर दिया गया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा 11वीं जेपीएससी परीक्षा नियमावली में कई खामियां है। उसे यूपीएससी पेटर्न पर आरक्षण नीति का अनुसरण करने एवम 11वीं जेपीएससी परीक्षा के लिए एससी एसटी ओबीसी के उम्र सीमा में छूट की कोई जानकारी नहीं दी गई है। इसे संज्ञान लेने की मांग की है। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी इस पर गंभीर हैं। शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है। मांग पत्र सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश महासचिव रामावतार कश्यप,कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा और जगदीश साहू शामिल थे।

## दोनों पक्ष विवाद खत्म कर राजी-खुशी लौटे अपने-अपने घर

# विशेष मध्यस्थता अभियान में 77 मामलों को सुलझाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झालसा के अध्यक्ष सह न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में सिविल कोर्ट रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का समापन हो गया है। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी, वैवाहिक पुर्नस्थापना, भरण-पोषण, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, भादवि की धारा-498ए और घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया गिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मध्यस्थों व अधिवक्ताओं ने वादों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 190 वाद विभिन्न न्यायालयों से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र में आया था। जिसमें, 77 वादों को सफलतापूर्वक मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझाया गया। पहले दिन 16, दूसरे दिन 20, तीसरे दिन 11, चौथे दिन 16 और शुक्रवार को अंतिम दिन 14 मामलों को सुलझाने में सफलता मिली। वाद के दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। डालसा सचिव राकेश रंजन ने मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के कार्य को सराहा और आगे भी इस तरह का प्रयास करने पर जोर दिया।

### डालसा ने चलाया रातू में विधिक जागरूकता अभियान

रांची। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर द्वारा परिकल्पित आउटरीच योजना के तहत रातू प्रखंड क्षेत्र के फुटकल टोली पंचायत भवन में विधिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, विधि के छात्र-छात्राएं, पीएलवी पुष्पलता देवी, नीतू देवी, सुनिता देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बच्चों से संबंधित कानूनों, एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बाल विवाह के रोकथाम और बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया। पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाश डाला। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बतायी। राजेश कुमार सिन्हा ने एमएसीटी एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। पुष्पलता देवी, नीतू देवी, सुनीता देवी एवं राजा वर्मा ने सड़क दुर्घटना में से संबंधित कानून की जानकारी दी। इसके अलावा लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया। पीएलवी पुष्पलता देवी ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। पीएलवी ने घरेलू विवाद एवं जमीन संबंधी विवाद के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौंके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पंपलेट और लिफलेट का वितरण भी किया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, विधि के छात्र-छात्राएं, पीएलवी पुष्पलता देवी, नीतू देवी, सुनिता देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

## श्री गुरु तेग बहादुर का मना शहीदी गुरुपर्व

# गुरु तेग बहादुर सिमरियै घर नव निधि आवे धाई सब थाई...




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार को सिख पंथ के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी गुरुपर्व मनाया गया। गुरुद्वारा साहब में रात 8:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा श्री हरकिशन धियाइए जिस डिठे सब दुख जाए.... शबद गायन से हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने गुरु तेग बहादुर सिमरियै घर नव निधि आवे धाई सब थाई होए सहाई'... शबद गायन कर संगत को निहाल किया। शहीदी गुरुपर्व में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई जसप्रीत सिंह ने तिलक जंझू राखा प्रभु ताका कीनो बडो कलू महि साका, साधन हेत इति जिन करी सीस दिया पर सी न उचरी..., धरम हेत साका जिन किआ सीस दिया पर सिर ना दिया.... तथा 'मैं गरीब मैं मसकीन तेरा नाम है आधारा...जैसे कई शबद गायन कर साथ संगत को गुरुवाणी से जोड़ा। कीर्तन के साथ कथावाचन करते हुए श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के बारे में साध संगत को बताया। अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा और कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति रात 11.30 बजे हुई। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। मौके पर सत्संग सभा द्वारा साध संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। कार्यक्रम में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढ़ा, सुंदर दास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, अशोक गेरा,इंदु पपनेजा और रेशमा गिरधर समेत अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

# सरना कोड के लिए 30 के भारत बंद का दिखेगा व्यापक असर

**जागें नहीं तो हमें जबरन हिंदू, मुसलमान, ईसाई बनने को मजबूर होना पड़ेगा**

**आदिवासियों को धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोषी**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सरना समिति की बैठक शनिवार को करमटोली स्थित धुमकुड़िया भवन में हुई। बैठक में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर तीस दिसंबर के भारत बंद सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आदिवासी सेंगेल अभियान, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी छात्र संघ, सरना धर्म समन्वय समिति (खूंटी), अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद आदि के प्रतिनिधि शामिल हुए। फूलचंद तिर्की ने कहा जब 1951 की जनगणना तक आदिवासियों के लिए अलग धार्मिक कलम कोड था तो उसे कांग्रेस पार्टी ने क्यों हटाया और अब भाजपा जोर जबरदस्ती आदिवासियों को हिंदू का ठप्पा क्यों लगाना चाहती है। अतः हमें पार्टियों और नेताओं से ज्यादा जनता और आंदोलन पर भरोसा करना पड़ेगा। बोडोलैंड आंदोलन की तरह जीत हासिल करनी होगी। हाल के गुमला, लोहरदगा, खूंटी की बैठकों में भारत बंद के प्रति जनता का मजबूत समर्थन दिखा। हमें सालखन मुर्मू की अगवाई पर विश्वास और भरोसा है। हम जरूर सफल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व सांसद और सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा की हम हर हाल में सरना धर्म कोड लेकर रहेंगे। अन्यथा हमें जबरन हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि बनने को मजबूर होना पड़ेगा। यह हमारे अस्तित्व की जीवन रेखा है, मौलिक अधिकार है। भारत बंद जोरदार होगा। चूंकि इस बार अनेक आदिवासी समाज (मुंडा, उरांव, हो, संताल, लोहरा आदि) का समर्थन मिल रहा है। अब तक हम आदिवासियों को धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोषी है। तब भी हमारा नारा है-जो सरना कोड देगा, आदिवासी उसको वोट देगा। सालखन मुर्मू ने आगे कहा सरना आंदोलन बृहद आदिवासी एकता का आंदोलन है और भारत में आदिवासी राष्ट्र स्थापित करने का भी आंदोलन है। आदिवासी छात्र संघ की तरफ से सुमित उरांव, मोनू लकड़ा, मनोज उरांव ने भारत बंद के समर्थन में अपने सार्थक विचार रखे। सेंगेल की तरफ से सुमित्रा मुर्मू, देवनारायण मुर्मू और चंद्र मोहन मार्डी ने विचार रखा। केंद्रीय सरना समिति की तरफ से संजय उरांव, प्रमोद एक्का, भुनेश्वर लोहरा, अमर तिर्की, चंदन पाहन ने विचार रखा। सरना धर्म समन्वय समिति की तरफ से बिरसा कंडीर ने भारत बंद का समर्थन किया।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, चार नाबालिग निरुद्ध

**रांची।** राजधानी की तुपुदाना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के छह आरोपितों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपितों में चार नाबालिग को निरुद्ध किया गया है जबकि दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नाबालिग लड़की गत पांच दिसम्बर को जोजोसिरिंग में अपने ही गांव के रहने वाले दोस्त से मिलने के लिए आई थी। नौ दिसम्बर को दोस्त से झगड़ा होने के बाद लड़की अकेले ही शाम में जोजोसिरिंग से पैदल सतरंजी होते हुए खूंटी की ओर जा रही थी। इसी क्रम में नाबालिग युवती को जबरन बाईक पर बैठाकर आठ युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में आठ लोगों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

### भू-अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक

## उपायुक्त ने रैयतों के मुआवजा भुगतान की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक में बैठक हुई। बैठक में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। बैठक में अपर समाहर्त्ता राजेश बरवार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्र, परियोजना निदेशक एनएचएआई राजीव रंजन, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण, अतिरिक्त जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ओरमांझी, अंचल अधिकारी अरगोड़ा, अंचल अधिकारी शहर, अंचल अधिकारी नगड़ी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग एवं एनएचएआई द्वारा संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं में भू-अर्जन एवं रैयतों को मुआवजा भुगतान की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी। उपायुक्त ने कहा कि महत्वपूर्ण परियोजनाओं में छोटी-छोटी बिन्दुओं के कारण बाधा उत्पन्न न हो। त्रुटि का निराकरण कर रैयतों को यथाशीघ्र मुआवजा भुगतान करायें। अरगोड़ा सड़क चौड़ीकरण कार्य समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण ने बताया कि बिजली के खंभों को हटाये जाने के लिए विभाग द्वारा एस्टीमेंट उपलब्ध कराया जाना बाकी है। उपायुक्त ने बैठक के दौरान ही बिजली विभाग के संबंधित कार्यपालक अभियंता को फोन कर इस्टीमेंट दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराने को कहा। उपायुक्त ने जिले में पथ निर्माण विभाग एवं एनएचएआई द्वारा संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं में संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार सत्यापन कर शेष रैयतों को मुआवजा भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

## एक नजर

### मनी लान्ड्रिंग के आरोपी मुकेश मित्तल की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और मनी लान्ड्रिंग करने के आरोपित मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

### जमीन घोटाले के आरोपी प्रदीप बागची की बेल याचिका खारिज

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित प्रदीप बागची की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार राय की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने प्रदीप बागची की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व गत 13 दिसम्बर को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए 16 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की थी।

### कोकर शिव मंदिर के समीप अज्ञात शव मिला

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर शिव मंदिर के समीप से शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

### झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ कमेटी भंग

**रांची।** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश, जिला, महानगर, मार्ग पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। महासंघ के संस्थापक सह प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश कमेटी को सर्व समिति से भंग किया गया। महासंघ के संस्थापक दिनेश सोनी ने बताया है कि जो भी प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन करना चाहते हैं, वह 25 तक प्रदेश कार्यालय में संस्थापक के पास आवेदन कर सकते हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन


# राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्धता व संकल्प जरूरी

**प्रदेश में 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जा रही है**

**सभी जिलों को 366 आईईसी वेन उपलब्ध करायी गयी है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा" एक विकसित और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता एवं संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जरिये पांच राज्यों- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। राज्यपाल शनिवार को पुराने विधान सभा के निकट स्थित मैदान में आयोजित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा" से लोगों को कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराने एवं जागरूक करने का अभिनव तरीका है जो लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है, ताकि विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, कोई भी व्यक्ति इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री के जरिये हमारी माताओं एवं बहनों को पारंपरिक खाना पकाने के तरीकों से होने वाले हानिकारक प्रभावों से मुक्त करने के लिए "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना" शुरू किया गया। बेघरों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज आयुष्मान भारत योजना प्रारम्भ किया गया है। कृषि के क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान निधि योजना, स्वच्छ पेयजल की दिशा में जल जीवन मिशन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाएं हैं। राज्यपाल ने कहा कि योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता आवश्यक है। इस कार्य में जन-प्रतिनिधियों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि इस दिशा में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित करें। देश की आजादी के 100वें वर्ष अर्थात 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है और ये सबके सामूहिक प्रयास से ही हासिल किया जा सकता है।



### केंद्रीय मंत्री विकसित भारत कार्यक्रम में बुंडू पहुंचे

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय सांसद सह केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार को बुंडू प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह गभड़ेया और राष्ट्रीय मार्ग-33 टोल प्लाजा समीप एदेलहातु पंचायत स्थित क्रिकेट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रचार वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण को सुनाया गया और संकल्प विकसित भारत बनाने के लिए कर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित पदाधिकारी एवं सभी आम लोगों शपथ लिया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम उज्जवला योजना ,पीएम किसान सम्मान किसान, क्रेडिट कार्ड, अन्नप्राशन ,कन्यादान, आयुष्मान भारत इत्यादि योजना के अंतर्गत लाभुकों को परिसंपत्ति का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गारंटी योजना के तहत गरीब किसान मजदूर सभी लोगों को आर्थिक उन्नति गांव समाज और देश को समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। गरीबों को अगले पांच वर्षों तक नियमित रूप से गरीब कल्याण योजना के तहत भारत सरकार अनाज देगी। उन्होंने किसानों को नई तकनीकी से खेती करने की सलाह दी।

### युवा राज्य के ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों की खोज करें



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य के युवाओं से अपील की कि वे यहां के ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों की खोज करें। समाज को उनके योगदान से अवगत करायें। डॉ. राम मनोहर लोहिया पहले राजनेता थे जिन्होंने खरसावां घटना के उपरांत वहां जाकर इस घटना की तुलना जालियांवाला बाग की घटना से की। उन्होंने अपनी पत्रिका मैनकाइंड में खरसावां में रक्त स्नान शीर्षक नामक एक लेख भी लिखा था। इस दौरान राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश सहित अन्य विशिष्ट जन भी उपस्थित थे। राज्यपाल खरसावां शहीद दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को ऑड्रे हाउस, रांची में चतुर्थ राष्ट्रीय विचार मंथन को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने मौके पर कुछ पुस्तकों का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि अनूठी शोध परियोजनाओं से संबंधित इन पुस्तकों की उपलब्धता सभी विश्वविद्यालयों में होनी चाहिए। आज हम भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण स्वतंत्र देश में रहते हैं। शहीदों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा कर्तव्य है।

## गागर में सागर

### विस के चालू सत्र में फिर से स्थानीयता का विधेयक लायेगी सरकार : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि विधानसभा के चालू सत्र में सरकार फिर से स्थानीयता का विधेयक लायेगी। इस राज्य के लिए लड़ाई आदिवासी, मूलवासियों के लिए थी। ऐसे में उनके साथ इस सरकार के कमिटमेंट को जरूर पूरा किया जायेगा। सुप्रियो भट्टाचार्य शनिवार को केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्ष 2022 में दो महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कर राज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया था। इसमें स्थानीयता का मुद्दा और सरना धर्म कोड की बात थी। राज्यपाल ने स्थानीयता विधेयक को ऐसे ही लौटा दिया। इसके बाद उनसे अपना सवाल जरूर दर्ज करने को कहा गया। इसके बाद उन्होंने अपने सवाल, सुझाव को दशार्ते हुए भेजा। उनके भेजे गये सलाह, संदेश में कहीं न कहीं बहुत बड़ा एक राजनीतिक संदेश भी है। इसमें जो बातें कही गयी हैं, जिन संवैधानिक प्रावधान के उल्लंघन की बातें हैं, वह भ्रम फैलाने का एक शिगूफा है। भट्टाचार्य ने कहा कि कई राज्यों में ऐसी नीति है, जहां तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियां स्थानीय के लिए तय हैं। ऐसे में यहां राज्यपाल ने पांच सालों के लिए स्थानीय को तृतीय, चतुर्थ श्रेणी में आरक्षण का प्रावधान करने और फिर इसकी समीक्षा करने की बात कर पेंच फंसाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने राज्य के लोगों के अधिकार के लिए किसी भी हद तक जायेगी। तय करेगी कि यहां की नौकरियों में कोई गैर झारखंडी ना आ सके। खतियान हमारी पहचान है।

### लोहरदगा में पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की प्रतिमा का अनावरण करेंगे सुदेश महतो

**रांची।** आजसू पार्टी कार्यालय, लोहरदगा में रविवार को झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो करेंगे। इस मौके पर पार्टी के कई केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष रहे कमल किशोर भगत की छवि जुझारू और ईमानदार नेता की थी। उन्होंने झारखंड आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्ष 2009 से 2015 तक उन्होंने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता का बतौर विधायक सेवा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र एवं क्षेत्रवासियों के हित के लिए कई काम किए थे, जिनके लिए आज भी लोहरदगा की जनता के दिल में वो जीवित हैं। कमल किशोर भगत लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनकी व्यवहार कुशलता ही उनकी पहचान थी। उन्होंने आजीवन जमीनी स्तर पर काम करते हुए अपनी अंतिम सांस तक जनता की सेवा की।

### कांग्रेस कार्यालय में बांग्लादेश के निर्माण पर डॉक्यूमेंटरी फिल्म चलाई गई

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 की स्वर्ण जंयती के अवसर पर बडे एलईडी के माध्यम से भारत-पाकिस्तान युद्ध और बांग्लादेश के निर्माण पर डॉक्यूमेंटरी फिल्म चलाई गई। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत को सबसे बड़ी जीत दिलाने वाली प्रधानमंत्री मंत्री इन्दिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि इन्दिरा गांधी ने विश्व का इतिहास ही नहीं बल्कि भूगोल बदलने का भी कीर्तिमान स्थापित किया। इसके साथ ही यह गर्व की बात है कि झारखंड राज्य के परमवीर लांस नायक अलर्बट एक्का इस युद्ध में शामिल थे और विजय दिलवाने में पोदना बलमुचू, लेवनूस किन्डो, नायक सुबेदार राफेल कन्डूलना, हवलदार बरनाबस किड़ो, हवलदार बनेसियएस किडो की अहम भूमिका थी। उन्होंने सभी जवानों को भी नमन किया।

### राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के प्रति साकारात्मक रुख अपनाए

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अख्तर अली ने शनिवार को कहा कि सोमवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें अल्पसंख्यकों की समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाया जाएगा। अख्तर अली व प्रदेश प्रवक्ता डॉ० इलियास मजीद ने मांग किया कि राज्य बने 23 साल हो गये परंतु अब तक मदरसा बोर्ड का गठन नहीं हुआ है। इससे मदरसे से पढ़ने वाले विधार्थियों को राज्य के बाहर उच्च शिक्षा प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबतक मदरसा बोर्ड का गठन नहीं होता है आलिम-फाजिल की संबंद्वता एवं डिग्री संबंधित क्षेत्र के विश्वविद्यालयों से संबद्धता प्रदान किया जाए। डॉ. इलियास मजीद ने कहा कि झारखंड में उर्दू अकादमी और अल्पसंख्यक वित्त निगम का गठन अति शीघ्र हो। महासचिव ने कहा कि झारखंड वक्फ बोर्ड बनाया जाए व राज्य में लंबित मॉब लिंचिग कानून को भी पुनः तकनीकी सुधार कर लागू की जाए। साथ ही झारखंड में भी जैन समुदाय को अल्पसंख्यक घोषित किया।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर में धनुर्मास महोत्सव का शुभारंभ

रांची। पहाड़ी मंदिर के निकट श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में आज से धनुर्मास गोदा महोत्सव दक्षिण भारतीय पद्धति से मनाया जाएगा। यह मास सूर्य के धनुराशि में संक्रमण करने के कारण धनुर्मास कहा जाता है। इसकी अवधि पूरे एक महीने का है। यह धनुर्मास 14 जनवरी तक रहेगा। सूर्य के मकर में प्रवेश करते ही इसकी पूणार्हुति होगी। इस धनुर्मास में उपनयन संस्कार, गृहादि प्रवेश विवाह आदि मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। किंतु 17 दिसंबर को भगवान श्रीराम-जानकी का विवाहोत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा। ज्ञात हो की सांसारिक मनुष्यों की भांति भगवान के लिए कोई नियम-बंधन नहीं होता है। अतः पूरे धनुर्मास में भगवान श्रीमन्नारायण का विशेष पूजा, सेवा, अर्चना आदि का शास्त्रों में विशेष महत्व बताया गया है।

### श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 217 लोगों को कराया गया भोजन

**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड में स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 217 लोगों ने भोजन प्रसाद दिया गया। अन्नपूर्णा सेवा जोखीराम सरावगी परिवार के रांची प्रवास के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रायोजित किया गया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा मे 210 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। मौके पर प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, ललित कुमार पोद्दार, मनोज रूईया, द्वारका अग्रवाल, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका, संजय सर्राफ, मानिक सरावगी आदि उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा ने कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के अनुसंधान कार्यों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीएआर-आईआईएबी), गढ़खटांगा, रांची का दौरा कर संस्थान की ओर से किये जा रहे अनुसंधान कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर आयोजित किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। प्रधानमंत्री हमारे अन्नदाता किसान भाइयों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। ऐसे में इस प्रकार के संस्थान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। संस्थान कृषि विकास की गति को तेज करने के लिए एकीकृत तरीके से जैव प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन करने की व्यापक दृष्टि के साथ काम कर रहा है।



### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स डे फनाथॉन-2023



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल मिनी स्पोर्ट्स डे फनाथॉन-2023 मनाया। इस अवसर पर स्कूल को आकर्षक रंगों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। खेल आयोजन की शुरूआत कैंडी रेस, बैलून रेस, कोन रेस, फ्रॉग रेस और हर्डल रेस जैसी विभिन्न मनोरंजक दौड़ों से हुई। अभिभावकों ने पजल सॉल्विंग रेस, यू एंड मी रेस और पिरामिड मेकिंग रेस जैसी कई दौड़ों में भी भाग लिया। बाधा दौड़ जिसमें कक्षा तृतीय के छात्रों ने बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान-दीपशिखा के छात्रों के साथ भाग लिया। छात्रों ने झूमर नृत्य और अपनी लयबद्ध चाल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मौके पर अतिथियों में हरभजन सिंह, सतबीर सिंह सहोता, इंद्रजीत सिंह और टीना बोधनवाला सूद ने विभिन्न श्रेणियों की दौड़ के विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल हमें मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ और बीमारियों से दूर रखते हैं।

### पहल | पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बोले बाबूलाल मरांडी

# यह आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में सक्षम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सशक्त भारत, मजबूत भारत के लिए आत्मनिर्भर भारत का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा चुका है। पीएम विश्वकर्मा योजना आत्मनिर्भर भारत की कुंजी बनेगी। इस महत्वाकांक्षी योजना में सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास भी शामिल है। बाबूलाल मरांडी शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में प्राचीन काल से हुनर की कमी नहीं रही लेकिन आजादी के बाद देश की प्राचीन हुनरमंद कारीगरों को आगे बढ़ने, उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में पहल नहीं की गई।





नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में पिछड़े, दलित, आदिवासी समाज के लोग ही सर्वाधिक शामिल हैं। इस योजना से गांव गरीब हुनरमंद पारंपरिक कारीगर आगे बढ़ेंगे। यह योजना उनके लिए प्रगति का सुनहरा अवसर लेकर आया है। यह योजना एक कारीगर को विकसित और मजबूत नही करेगी, बल्कि पूरे गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। गांव भी आत्मनिर्भर होगा। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत की प्राचीन कलाएं, हुनरमंद कारीगर, यहां की अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ थे। गांव-गांव के इनकी कलाओं का सम्मान था। सामाजिक रीति-रिवाज में इनके बनाए सामग्रियों को बढ़ावा दिया गया। आज ऐसे ग्रामीण हुनर धन और प्रोत्साहन के अभाव में विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए भारत की प्रगति में उनके योगदान को सुनिश्चित किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारत की पहचान देश के हुनरमंद पारंपरिक कारीगरों से रही है। देश में रोजगार उपलब्ध कराने में ये पारंपरिक कारीगर बड़ी भूमिका निभाते रहे।आज देश में बढ़ती बेरोजगारी पारंपरिक रोजगार को प्रोत्साहित नहीं करने के कारण बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना सिर्फ एक परिवार को सबल नहीं बनाएगा, बल्कि रोजगार के भी अवसर उपलब्ध कराएगा।

भाजपा बिहार के प्रदेश महामंत्री एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रदेश प्रवासी मिथिलेश तिवारी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर प्रारंभ की गई पीएम विश्वकर्मा योजना एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश को संबोधित करते हुए इसकी घोषणा की थी। 13 हजार करोड़ रुपये की इस योजना में 18 प्रकार के पारंपरिक व्यापार को जोड़ा गया है, जिसमें बढ़ई, नाव निमार्ता, अस्त्रकार, लोहार, टुलकिट निमार्ता, सुनार, ताला निमार्ता, कुंभकार, मूर्तिकार, चर्मकार, नाई, मालाकार, दर्जी, जाल बनाने वाले, राज मिस्त्री, बास्केट, गुड़िया, खिलौना बनाने वाले शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इसमें पंजीकरण के लिए पात्रता न्यूनतम 18 वर्ष है, जिन्होंने कोई सरकारी स्कीम में पहले ऋण नहीं लिया हो। उन्होंने कहा कि पहले चरण में आवेदक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन 500 रुपये भत्ता एवं 15 हजार रुपये औजार खरीदने के लिए मिलेंगे। पहले चरण में रोजगार को बढ़ावा के लिए एक लाख रुपये की और भुगतान के बाद दो लाख रुपये की ऋण पांच प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर मिलेंगे।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिले राजा पीटर

**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर 15 दिसंबर को जेल से बाहर आ गये। जेल से बाहर निकलते ही राजा पीटर शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं की इस मुलाकात को राजनीतिक हलकों में कई मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा ये हो रही है कि राजा पीटर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। फिलहाल जो तस्वीर वायरल हो रही हैं, जिसको लेकर यह कयास लगाये जा रहे हैं।

### सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन, डीसी ने किया निरीक्षण

# सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : डीसी



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के आलोक में 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को गोला प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत में आयोजित शिविर का उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने शुभारंभ किया। शिविर के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी लोगों से उनके पंचायत में आयोजित हुई शिविर के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है कि एक ही जगह पर आपको सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल सकता है। मौके पर उपायुक्त ने सभी से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी से कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जो भी शिविर आयोजित हो रहे हैं उन सभी में प्राप्त आवेदनों को यथा संभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिन आवेदनों को तत्काल रूप से निष्पादित करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है एवं जल्द से जल्द आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर के दौरान उपस्थित सभी लोगों से उपायुक्त ने स्वयं एवं अपने आसपास के क्षेत्र में रह रहे अन्य लोगों को भी सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने के अपील की। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर उपायुक्त ने स्टाल के माध्यम से आम जनों को दी जा रही जानकारी व लाभ का जायजा लिया वही उपायुक्त ने स्टॉलों पर प्रतिनियुक्ति अधिकारियों व कर्मियों को किसी भी योग्य लाभुक का सरकार की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले प्रत्येक शिविर के लिए वरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। वरीय अधिकारियों द्वारा उनके उनके क्षेत्र में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर लोगों को मिल रहे लाभ का जायजा लिया गया वहीं उनके द्वारा सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को शिविर के दौरान लाभान्वित किया गया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए मुखिया ने की बैठक



**बरकट्ठा।** बेलकप्पी पंचायत मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में बेलकप्पी पंचायत सचिवालय में शनिवार को एक बैठक आहूत की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 20 दिसंबर को बेलकप्पी पंचायत सचिवालय में सरकार के द्वारा निर्धारित की गई तिथि जिसमें आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा का कार्यक्रम होना तय हुआ है। कार्यक्रम को लेकर मुखिया ललिता देवी ने सभी वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, राजस्व निरीक्षक, सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, आंगनबाड़ी सेविकाएं, किसान मित्र, जलसहिया, सभी स्वयंसेवक, जे एस पीएल, बिजली विभाग के सभी को बुलाकर 20 तारीख के कार्यक्रम की सफलता के लिए रूपरेखा तय की गई। वहीं आम जनता को किसी तरह की कठिनाई न हो तथा सभी का आवेदन प्राप्त कर ऑनलाइन किया जा सके इसके लिए रणनीति बनाई गई। मुखिया ललिता देवी ने आम जनता से आग्रह किया है कि सभी लोग 20 तारीख को 9:00 बजे पंचायत सचिवालय बेलकप्पी में उपस्थित होने का कष्ट करें। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरेंद्र कुमार पांडेय, उप मुखिया छात्रधारी ठाकुर, दक्षिणी पंचायत समिति सदस्य विकास पांडेय, बेलकपी उत्तरी पंचायत समिति सदस्य बिनीता कुमारी, ग्राम सेवक कैलाश प्रसाद, रोजगार सेवक शिव शंकर, कुमार, बीएफटी अरुण हितैषी, वार्ड सदस्य नरेश ठाकुर, कर्मी देवी, प्रधानाध्यापक सुकर ठाकुर, समाजसेवी नंदू राणा, गणेश नायक, सोहन राम, हीरालाल नायक, प्रदीप राम, सतीश कुमार, संदीप कुमार, बबलू पांडे, अमर पांडे, द्वारिका गोस्वामी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## 24 दिसंबर को बरकट्ठा में स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन : विधायक अमित कुमार यादव

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव को लोगों ने क्षेत्र की समस्यायों से अवगत कराया। मौके पर विधायक ने लोगों को समस्यायों का अतिशीघ्र समाधान का अश्वासन दिया साथ ही उन्होंने बताया कि प्रखंड के दिव्य कल्याण आश्रम में 24 दिसंबर को आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गरीब असहाय लोगों को विभिन्न प्रकार की जांच कर निशुल्क दवा वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में डायबिटीज के स्पेशलिस्ट डॉ अभिषेक कुमार समेत अन्य जाने माने चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। साथ ही बुढ़े बुजुर्ग जो मोतियाबिंद बीमारी से ग्रसित हैं उनका ऑपरेशन कराया जाएगा। अगर वैसे मरीजों को ऑपरेशन कराने के लिए हजारीबाग ले जाने की जरूरत पड़ेगी तो लाने और ले जाने की सुविधा मेरे सौजन्य से उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर से क्षेत्र के हर गरीब असहाय लोगों को लाभ मिलेगा।

## बरही : जेजेए ने आठ सदस्यों को किया निष्कासित एसडीओ व डीएसपी को ज्ञापन

**बरही।** झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) की बरही अनुमंडल इकाई ने शनिवार को बरही एसडीओ व डीएसपी को ज्ञापन दिया. ज्ञापन में जेजेए से निष्कासित अमरकांत सिंह राँची, सियाराम वर्मा गढ़वा, सन्तोष श्रीवास्तव मेदिनीनगर,मनीष कुमार झा गोविंदपुर धनबाद, प्रदीप कुमार चौबे भवनाथपुर गढ़वा, मो नौशाद चतरा, जितेन्द्र सिंह टन्डवा व रुस्तम मिंया झरिया धनबाद का नाम का उल्लेखित है. ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि उपरोक्त निष्कासित लोग जेजेए संगठन के नाम का इस्तेमाल कर आर्थिक अनियमितता कर रहे है. यदि उक्त लोग जेजए के नाम पर अधिकारियों के समक्ष अपना परिचय देते है तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए. जेजेए झारखण्ड राज्य का एक निबंधित संस्था है राष्ट्रीय स्तर के भारत श्रमजीवी पत्रकार संघ से सम्बद्ध प्राप्त है. जेजेए के नाम का अनाधिकृत रूप से इस्तमाल करना गैर कानूनी है. ज्ञापन देने प्रतिनिधि मंडल में जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, बरही के पत्रकार अनुज सोनी, सुरेंद्र निषाद, जयदीप सिन्हा व शोएब अख्तर शामिल थे.

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर उपायुक्त ने किया गोला प्रखंड का दौरा

**रामगढ़।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत का दौरा किया। मौके पर उन्होंने चाड़ी पंचायत अंतर्गत तिरला मैदान को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्थल पर वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को स्टाल लगाकर स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व उनकी शिकायतों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी गोला समरेश कुमार भंडारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सांसद जयंत सिन्हा के निर्देश पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़कीपोना पंचायत में 16 दिसम्बर को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों के बीच कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखकर कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार, भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, रामगढ़ जिला मंत्री रामकृष्ण दुबे एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी वासुदेव प्रजापति, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शैलेश राम दांगी उपस्थित थे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा जरूरतमंद लोगों की मदद को हमेशा तत्पर रहते हैं। कहा की सांसद ने निर्देश दिया है की ठंड में किसी को परेशानी न हो इसका ध्यान रखें। जबकि मिथिलेश तिवारी ने कहा की हमलोग जरूरतमंद लोगों को सांसद के निर्देश पर कंबल प्रदान कर रहे हैं। मौके पर पूरन महतो, नंदू महतो, दुखन महतो, शंकर महतो, कौशल्या देवी, राजेश्वरी देवी, लखन महतो, गायत्री देवी, मनतुला देवी सहित कई अन्य लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया ।

## आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का जल्द लागू करें वेतनमान व अन्य सुविधाएं : जीपी पांडेय



**रामगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश नेता सह आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय ने राज्य सरकार से आग्रह किया है की सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार और भारत सरकार के भेजे गए पत्रों के आलोक में राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सभी सेविकाओं/सहायिकाओं को वेतनमान, ग्रेच्युटी और अन्य सुविधाओं को राज्य सरकार जल्द से जल्द लागू कर अपने वादों को पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा है की मांगों पर तत्काल पहल नहीं होती है तो बाध्य होकर राज्य के लगभग 70 हजार आंगनवाड़ी सेविकाएं/साहायिका आंदोलन और प्रदर्शन को बाध्य होंगी। साथ ही प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेवारी राज्य सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन की होगी। श्री पांडेय ने कहा है की आखिर कब तक राज्य के अनुबंधित कर्मचारियों को ठगने का कार्य राज्य सरकार करती रहेगी। और शोषित एवं पीड़ित राज्य के अनुबंधकर्मी मूक दर्शक बने रहेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समय रहते सभी राज्य के सभी अनुबंध कर्मियों और आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का जल्द से जल्द वेतनमान और सभी सुविधाए लागू करे। उन्होंने कहा कीएलएस, सीडीपीओ और डीएसडब्लूओ द्वारा हो रहे शोषण को बंद करे और महिला कर्मचारियों लूट की भट्टी से मुक्त करे ताकि राज्य में गर्भवती, धात्री और नवजात शिशुओं की रक्षा और सही पोषण हो सके।

### एक नजर

## झारखंड ओलम्पियाड परीक्षा 17 से 19 दिसंबर तक

**हजारीबाग।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार, रांची द्वारा ओलम्पियाड - 2023 एवं एसए-1 2023-24 परीक्षा का आयोजन 17 से 23 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस संबंध में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हिन्दू +2 उच्च विद्यालय के सभागार में की गई। परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार एवं एडीपीओ सुनीला लकड़ा मौजूद थे।

## मनोविज्ञान विभाग में पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने 16 दिसंबर शनिवार को मनोविज्ञान विभाग में पूर्ववर्ती छात्रों के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत पूर्ववर्ती छात्र रहे डॉ. कृष्णा गोप ने की. पूर्ववर्ती छात्रों को संबोधित करते हुए मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह आईक्यूएसी सेल के निदेशक डॉ. सादिक रज्जाक ने कहा कि पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह मनोविज्ञान विभाग के विकास में योगदान देता है. इस प्रकार का आयोजन जरूरी है. वहीं विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अविनाश कुमार ने कहा कि पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह मनोविज्ञान विभाग के साथ-साथ विनोबा भावे विश्वविद्यालय को मजबूती प्रदान करता है. धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजय कुमार ने किया. मौके पर सुभद्रा कुमारी, निकिता शिखा, नाजमुन परवीन, वरिशा माटी, धीरज कुमार, सिम्मी कुमारी, हिना कौशर, सुमन कुमारी आदि मौजूद रहे.

## सहायक अध्यापक 19 को करेंगे विधानसभा घेराव



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** स्थाई वेतनमान एवम अन्य मुद्दों को लेकर एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. सबों ने सरकार की नीतियों के असहयोगात्मक रवैए का तीखी आलोचन किया. साथ ही स्थाई वेतनमान, ईपीएफ और हेमंत सरकार के वायदाखिलाफी के खिलाफ आंदोलन तेज करने के लिए 19 दिसंबर के विधानसभा घेराव हेतु रांची जाने का निर्णय लिया. मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष के संजय कुमार दुबे ने कहा कि राज्य सरकार की वायदाखिलाफी अब बर्दाश्त नहीं है. हम सभी प्राथमिक शिक्षा के रीढ है और सरकार हमारी अनदेखी कर रही है. जबकि अन्य मद में करोड़ों खर्च कर रही है. अब जोरदार आंदोलन किया जाएगा. हर हाल के सरकार से अपनी मांगे ली जायेगी. इसके लिए सभी साथियों का सहयोग आवश्यक है. मौजे पर उपस्थित शिक्षकों ने एक सुर में प्रदेश अध्यक्ष की बातो का ताली बजाकर समर्थन किया. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दीना प्रसाद व संचालन प्रखंड सचिव मनोज घोष ने किया.

## डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास अस्पताल ने लगाया निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल ने बीजीआर माइनिंग कंपनी के सहयोग से पांडु पंचायत भवन में शनिवार को निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों का दांत,नेत्र ,रक्त एवं वील एज गाइनिक जांच किया गया। जिसमें 216 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने चिकित्सकों से निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य संबंधित परामर्श भी प्राप्त किया।इस आयोजन में बीजीआर माइनिंग कंपनी के अधिकारियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर का नेतृत्व सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सौम्या राज ने किया। विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर में बुनियादी उपचार की काफी सरहाना की। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एंव श्रीनिवास अस्पताल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है।मौके पर प्रशिक्षु डॉ. मेधा, डॉ. शीतल, डॉ. सोनालिका, डॉ. आकांक्षा, डॉ. फौजिया, डॉ. श्वेता, डॉ. कृतिका, डॉ. अरुशी, डॉ. करण एवं डॉ. बोबिन्सन ने अपनी बहुमुल्य सेवाएं दी। डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण ने डॉक्टर की टीम के कार्यों की सराहना की और आश्वासन दिया कि कॉलेज द्वारा बुनियादी उपचार सहित ऐसी निःशुल्क सेवाएं शिविर के माध्यम से सदैव प्रदान की जाएंगी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना विजय दिवस




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली,में विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में पूरे ओज एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मिथिलेश पांडे, अवकाश प्राप्त, भारतीय सेना एवं सुरेंद्र सिंह, सूबेदार, 22 झारखंड बटालियन, एनसीसी, हजारीबाग उपस्थित थे। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि, मिथिलेश पांडे ने कहा- 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सैनिकों के सामने पाकिस्तानी सैनिकों ने घुटने टेक दिए थे । आज के दिन ही भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को आत्म समर्पण करवाया। भारतीय सैनिकों ने युद्ध में अपने वीरता एवं पराक्रम का परिचय दिया था। हमारे भारतीय सेनानियों ने करीब 93000 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण करवाया था। आप सभी भैया -बहन भारतीय वीर सपूतों एवं शहीदों को नमन करते हुए देशभक्ति एवं देश सेवा का संकल्प लें। वही सूबेदार सुरेंद्र सिंह ने कहा आज का दिन हम विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं। आज के दिन ही भारतीय सेवा के वीर सपूतों ने पाकिस्तानी सैनिकों को आप समर्पण करवाया था। भारतीय सेना के पराक्रम से आज के दिन भारत को एक शानदार जीत मिली थी। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव, संजय उपाध्याय ने कहा - आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। भारतीय सेना के वीर सैनिकों एवं शहीदों को नमन करते हुए आप सभी भैया- बहन शिक्षा प्राप्त कर भारतीय सेना में जाकर देश की सुरक्षा, देशसेवा एवं देशभक्ति का संकल्प ले।

## नशीले पदार्थो की बिक्री विद्यालय के दायरे से दूर होना चाहिए : रूचि कुजूर

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** रूचि कुजूर सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार ने जिला का भ्रमण किया इस सम्बन्ध में परिसदन भवन में बाल संरक्षण और अधिकार से संबंधित विभिन्न पदाधिकारी के साथ बैठक किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण, नागेश्वर सिंह बी ई ओ, सुमितेश कुमार सहायक आयुक्त उत्पाद, संजय कु तिवारी ए पी एम, रविकांत पांडेय श्रम बिभाग, राकेश कु सिंह एल पी ओ, बाल मित्र थाना से पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, पूर्णिमा कुमारी, मनीषा टोप्पो, संजय कुमार, जीत मोहन महतो,प्रेम सांगा, जिला बाल कल्याण समिति मुन्ना सिंह, भारती नयन, कविता सिन्हा, संगीता कुमारी, दीपनारायण चौधरी पी ओ आई सी,इत्यादि उपस्थित थे। शिक्षा बिभाग से शिक्षा के अधिकार, स्कूल वैन के ड्राइवर और खालासी का चरित्र प्रमाण पत्र, जगह से ज्यादा बच्चा बैठना, इत्यादि बाल श्रम, बाल पलायन रोकना इत्यादि,विद्यालय और शिक्षण सस्था के सौ मीटर के दायरे में न हो नशीला पदार्थ की बिक्री,शराब दुकान में नाबालिक का शराब खरीद पर पाबन्दी इत्यादि पर दिशा निर्देश दिया गया।

### संदेश | सरकार आपके द्वार के तहत हजारीबाग पहुंची नुक्कड़ नाटक की टीम

# सभी को नशे से दूर रहने की दी सलाह



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों को लेकर ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता इन शिविरों में हो रही है। अभियान को लेकर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में निबंधित नुक्कड़ नाटक की टीम विभाग द्वारा निर्धारित प्रखंडों के प्रमुख चौराहा, बाजार हाट एवं खासकर सुदूरवर्ती पंचायत क्षेत्र में लोगों को स्थानीय भाषा में जागरुकता संदेश देकर शिविर में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान में महिला उत्प्रेरण केन्द्र, वनांचल सांस्कृतिक दल, हो एंटरटेनमेंट, लोकमित्र कलादल, युवा विकास केंद्र, सुधीर दास एण्ड टीम, आधार आजीविका सखी मंडल, एमडी ग्रुप आफ थिएटर कलादल, तरंग ग्रुप, सम्राट दल, अनुकृति नाट्य कला दल की टीम कार्य कर रही है। कला दल की टीम बाजार हाट, दूरदराज गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रही है। साथ ही लोगों को अपने-अपने पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भागीदारी के लिए प्रेरित कर रही है। परंपरागत नाट्य मंचन के द्वारा कलादल की टीम ने 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक हजारीबाग जिला अंतर्गत 250 पंचायत एवं नगर निकाय क्षेत्र में लोगों को सरकार के फोकस एरिया स्कीम जैसे अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय,जन्म मृत्यु, दिव्यांग प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामलों, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक और वन पट्टा एवं पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न सामाजिक आर्थिक योजनाओं के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। आम लोगों से जुड़े पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना , केसीसी योजना , आधार कार्ड ,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, नशा मुक्ति के संबंध में लोगों को

## बरही विधायक ने किया सरकार आपके द्वार शिविर का उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** मलकोको पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन हुआ. जिसकी शुरूआत विधायक उमाशंकर अकेला और जिप उपाध्यक्ष सहित उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. जिसकी अगुवाई स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव ने किया. मलकोको के शिविर में 748 अबुआ आवास, 20 बिरसा सिंचाई कूप, 11 म्यूटेशन, 22 लगान, 45 मनरेगा के तहत जॉब कार्ड, 15 जन्म प्रमाण पत्र, 5 जाति प्रमाण पत्र, सर्वपेशन 105, सावित्री बाई फुले के 83, 1 मृत्यु प्रमाण पत्र और 1 आयुष्मान कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त हुआ. 15 लोगो के आधार पंजीकरण बनाए गए जबकि मात्र 4 आवेदको का जाति प्रमाण पत्र निर्गत हुआ. मौके पर विधायक सहित उपस्थित अतिथियों ने 125 कंबल, 75 साड़ी धोती, 90 छात्राओं को साइकिल के लिए डीबीटी के तहत डमी चेक और 1092 एसएचजी क्लस्टर के सदस्यों के बीच आईडी कार्ड वितरित किया. कार्यक्रम में बीडीओ, सीओ, बीसीओ, सीआईं आदि सहित प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे. मौके पर विभिन्न विभाग के दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे.

# अघन पंचमी पर तामड़ा जतरा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में ऐतिहासिक अघन पंचमी के मौके पर लगने वाले जतरा मेला का शनिवार को विधि विधान के साथ ग्राम देवी की पूजन एवं रिबन काटकर शुरूआत की गई। सर्वप्रथम गांव के पहान धर्मनाथ खड़िया के द्वारा विधि विधान के साथ पूजन करते हुए क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना एवं अच्छी फसल के लिए भगवान को धन्यवाद दिया। वही जिसके बाद मेला का विधिवत रिबन काटकर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सफीक खान, उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग सिकंदर एवं केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली एवं वकील खान के द्वारा किया गया। इस दौरान आगंतुक अतिथियों को अंग वस्त्र देकर समिति के द्वारा स्वागत किया गया ।मौके पर मेला के शुभारंभ के पश्चात अपने संबोधन में मुख्य अतिथि झामुमो जिला सचिव ने कहा 110 सालों से लगने वाला इस ऐतिहासिक यात्रा मेला को जिस प्रकार से दिन प्रतिदिन भव्य तरीके से आयोजन किया जा रहा है यह सराहनीय है ।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हमारा प्रयास रहेगा कि अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेला सिमडेगा जिला का सबसे प्राचीन है ,जिसे प्रशासन और हम सभी मिलकर संरक्षित करने का प्रयास करेंगे। मौके पर आए हुए कई वक्ताओं ने भी अपनी-अपनी बातें रखी। मेला में बच्चों के लिए मनोरंजन के कई प्रकार के साधन नव झूला, जंपिंग मिकी माउस ,बच्चों के छोटे-छोटे मनोरंजन की चीज खिलौने ,मिठाई, सिंगार, कपड़े सहित दूर-दूर से जतरा मेला में दुकानदारों की सुंदर-सुंदर दुकानें सजी जहां पर हजारों की संख्या में लोगों के भीड़ उमड़ी और लोगों ने मेले का आनंद लिया। वही बताया गया कि आज रविवार को सुबह 11:00 बजे से झारखंड के कई बड़े कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिस पर भव्य मेला का भी आयोजन होगा और शाम 7:00 बजे कार्यक्रम की समाप्ति के साथ ही दो दिवसीय मेले का समापन किया जाएगा इधर मेला को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की भूमिका है।

## ग्राम स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**कुरडेग ।** ग्राम स्वास्थ , स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर महिला पर्यवेक्षिका आशा कुमारी ने कुरडेग प्रखण्ड के कदमटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का निरिक्षण किया । साथ ही केन्द्र में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को प्रसव पूर्व 4 ए एन सी जांच , संस्थागत प्रसव एवं टीकाकरण के बारे में विस्तृत रूप से बताई। महिला पर्यवेक्षिका आशा कुमारी ने स्वयं एएनसी जांच कराते हुए टीकाकरण कराई ताकि ग्रामीण महिलायें जागरूक होकर टीकाकरण करायें।वहीं उन्होनें उपस्थित महिलाओं को प्रसव पुर्व एएनसी जांच एवं टीकाकरण के लिए प्रेरित किया ताकि जच्चा एवं बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। इस दौरान उन्होने बताया कि प्रत्येक गर्भवती महिला के लिए एएनसी जांच बहुत जरूरी है। जांच के जरिये गर्भावस्था की गंभीर जटिलताओं की समय से पहचान और उसका निदान किया जा सकता है।

## कोडरमा : जिले में कई जगहों पर लगा शिविर, योजनाओं का दिया गया लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड के अम्बाबाद, डोमचांच प्रखंड के कुण्डीधनवार, कोडरमा प्रखंड के लोकाई, जयनगर प्रखंड के कन्द्रपडीह एवं मरकच्चो प्रखंड के देवीपुर पंचायत में शिविर लगाये गये. डोमचांच प्रखंड के कुण्डीधनवार में आयोजित शिविर में जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव शामिल हुए. साथ ही मरकच्चो प्रखंड के देवीपुर पंचायत में आयोजित शिविर में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु मौजूद रहे. इसके साथ-साथ अन्य प्रखंडों के पंचायत में आयोजित शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. शिविर के माध्यम से जिला परिषद अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख और वरीय पदाधिकारियों ने बच्चों के बीच साइकिल वितरण योजना का स्वीकृति पत्र दिये. साथ ही आमजनों के बीच धोती-साड़ी व कंबल बांटे गये. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग शिविर में आकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें. आपके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है. शिविर में विभिन्न विभागों के लगाये गये स्टॉल में आमजनों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिये. शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये थे.

## एक नजर

### दो पक्षों में जमकर मारपीट, मामला दर्ज

**झुमरी तिलैया।** गांधी स्कूल रोड मास्टर मुहल्ला में गुरुवार की रात रास्ते को लेकर शुरू विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्ष की ओर से घायल लोग तिलैया थाना पहुंचे, जहां दोनों ने अलग-अलग मामला दर्ज कराया। प्रथम पक्ष संगीता सिंह( पति अमोल कुमार सिंह) ने राज कपूर, प्रेम कपूर( दोनों के पिता कैलाश प्रसाद यादव) व सोनू कुमार पर रॉड से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष प्रेम कपूर( पिता कैलाश प्रसाद यादव) के द्वारा संजय सिंह( पिता स्व. गीता सिंह) समेत आठ लोगों पर छेड़खानी ,मारपीट व जेवर छिनने आरोप लगाया गया है। इस मामले में कांड संख्या 289/23 व कांड संख्या 290/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### रोड निर्माण को लेकर व्यवसायी संघ व ग्रामीणों की बैठक

**जयनगर।** प्रखंड के हीरोडीह दुर्गा मंदिर परिसर में शुक्रवार को व्यवसायी संघ व ग्रामीणों की संयुक्त बैठक संघ के अध्यक्ष महादेव यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन महेश मोदी ने किया। बैठक वैकल्पिक रोड निर्माण पर चर्चा किया गया और उसके लिए सभी दुकानदार और ग्रामीणों को समन्वय स्थापित कर रोड निर्माण कार्य शुरू किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक रविवार को होगी। बैठक में मुरली यादव, रंजीत यादव, यमुना यादव, राजू यादव, वीरेंद्र अंबष्टा,ओपी चौधरी, सीता राम मोदी, सहदेव यादव, प्रकाश यादव, रवि यादव, कलिम खान, रंजीत यादव, संतोष मोदी, नकुल मोदी, महेंद्र यादव, उमेश राणा समेत कई लोग मौजूद थे।

### अल्टो कार की हुई चोरी,तफ्तीश शुरू

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरिडीह रोड से आल्टो कार की चोरी हो गई। इस बारे में चन्द्रकांत कुमार, पिता- भुवनेश्वर साव, गिरिडीह रोड निवासी ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि प्रतिदिन की तरह गुरूवार की रात अपने निवास स्थान के सामने कार खड़ा किया था। पर शुक्रवार की सुबह जब बाहर निकला, तो देखा की गाडी अपने स्थान से गायब है। बहुत खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया। जबकि बगल में लगी सीसीटीवी कैमरे में देखा, तो पता चला की रात एक बजे के करीब दो व्यक्ति मेरी गाडी के लॉक तोडकर गाडी को धक्कामार कर स्टार्ट किया और ले कर चले गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी द्वारिका राम घटनास्थल पर पहुंऐ और जानकारी लेते हुए तफ्तीश में जुट गए।

### डीएवी स्कूल में फिट इंडिया अभियान चला

**कोडरमा ।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में शुक्रवार को फिट इंडिया वीक अभियान के तहत कई खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य रोजमर्रा की जीवन शैली में बदलाव लाकर शारीरिक रूप से सक्रिय होना और व्यायाम, योगा के माध्यम से स्वयं को फिट रखना है। इस अभियान का लक्ष्य देशवासियों को फिट रखना और देशज खेलों को बढ़ावा देना है। आठवीं की प्रीति कुमारी ने शिक्षकों,छात्रों को फिटनेश की शपथ दिलाई ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अघरमा में कार्यक्रम का आयोजन

# भारत की एकता को सुदृढ़ करने का लिया संकल्प





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत आज जिले में कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा एवम शाहपुर पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गई।भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवम इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार के तत्वावधान में ₹ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले के कोलेबिरा प्रखंड में कार्यक्रम करते हुए, सर्वप्रथम स्वागत समिति के द्वारा स्वागत गान के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, पूर्व विधायक विमला प्रधान, चिंतामणि कुमार, सांसद प्रतिनिधि, मुखिया अंजू रीना मिंज, जनप्रतिनिधियों एवम प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी कोलेबिरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विकसित भारत निर्माण हेतु सभी के द्वारा संकल्प लिया गया, उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे, भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे, नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित पंपलेट एवम कैलेंडर का वितरण कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में आगे केसीसी के लाभार्थी फ्रिसका टेटे ने अपनी सक्सेस स्टोरी को साझा किया। उज्जवला योजना की लाभार्थी हर्षित केरकेट्टा ,प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी कमला देवी एवं अनिता देवी मनरेगा के लाभार्थी नंदकिशोर केरकेट्टा से उंसके अनुभव साझा किया गया कार्यक्रम में आगे क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धरती कहे पुकार के थीम पर जेएसएलपीएस की टीम द्वारा नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में परिसंपत्तियों के वितरण के तहत लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी के संबोधन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।.

## जामपानी पल्ली में क्रिसमस गैदरिंग महोत्सव

**ठेठईटांगर।** जामपानी पल्ली में सलंगापोस भिखारिएट अन्तर्गत भिखारिएट स्तरीय क्रिसमस गैदरिगं महोत्सव शनिवार को मनाया गया। इस महोत्सव में सलंगापोस भिखारिएट के सभी काथलिक सभा, महिला संघ, युवा संघ, क्रूसवीर एवं सभी ख्रिस्तीय विश्वसी भाई बहनों की सहभागिता रही है। इस महोत्सव में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल कन्डुलना जी को विशेष आमंत्रित किया गया। इस महोत्सव की शुरूआत डीन फादर थोमस सोरेंग द्वारा मिस्सा पूजन विधि कर चरनी को पवित्र जल छिड़काव कर अशिष दिया। उन्होंने अपने संदेश में कहा- मनुष्य अध्यात्मिक शक्ति से भरकर अपने जीवन का संचालन करें। जो दूसरों के कल्याण के लिए शांति और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहायक होता है। प्रभु येशु ने यह सिद्ध कर दिया कि मानव जीवन कितना सुन्दर है और यही सुन्दरता हर व्यक्ति अपने जन्म में ईश्वर के द्वारा प्राप्त करता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल कन्डुलना ने कहा आज के इस खीस्त मिलन समारोह के लिए बहुत सारी शुभकामनाएँ। क्रिसमस का पर्व आपसी भाईचारा और प्रेम का संदेश देता है। हमारे लिए येशु मसीह संसार का उध्दार करने स्वर्ग छोड़ कर पृथ्वी पर आए थे। सही मायने में क्रिसमस तब होगा, जब हम येशु मसीह को अपने मन-दिल में बसायेंगे और दूसरों की हमेशा मदद करेंगे।उद्घाटन के बाद क्रिसमस कैरोल की प्रस्तुति की गई। वही कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सातों पल्ली के पल्ली पुरोहित सहायक पुरोहित, धर्म बहने,7 पल्ली के और सभी मण्डली के प्रचारक गण,कैथोलिक सभा के सदस्य गण, महिला संघ के समिति गण, युवा संघ के कमिटी और खीस्त विश्वासी उपस्थित थे।

# कुरडेग में परिवहन विभाग ने चलाया वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** परिवहन विभाग सिमडेगा ने सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि के नेतृत्व में कुरडेग माईकल किंडो स्टेडीयम के समीप शनिवार को सघन रूप से वाहन जाँच अभियान चलाया ।सड़क सुरक्षा प्रबंधक के नेतृत्व में कुरडेग पुलिस के सहयोग से चलाए गए वाहन जाँच अभियान के क्रम में दो पहिया , तीन पहिया , एवं भारी वाहनो के कागजातों की जाँच की गई वगैर हेलमेट एवं आश्यक दस्तावेज नहीं होने पर 15 बाइक चालकों पर जुमार्ना किया गया जिसमें 75200 रुपये का राजस्व वसुला गया। वहीं एक बाइक को जुवेलाइन एक्ट 199अ के तहत जप्त कर थाना में रखा गया। वहीं एक ट्रक को बिना परमीट के चलाने के आरोप में जप्त करते हुए कुरडेग थाना को सुपुर्द किया गया। साथ ही वाहन चालको को चेतावनी दी गई कि भविष्य में वाहन से संबंधित सभी प्रकार के दस्तावेज को वाहन चलाते समय साथ रखें और तीब्र गति से वाहन नही चलायें वगैर हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन नही चलाये नहीं तो कार्रवाई तय है ।अचानक परिवहन विभाग के द्वारा वाहन जाँच करने से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया लोग रास्ता बदलकर इधर उधर भागते दिखे। वहीं सड़क सुरक्षा के प्रबंधक ने बताया कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए बाइक में तीन सवारी बिना कागजात व बिना चालक लाइसेंस, बगैर हेलमेट के चल रहे बाइक चालकों पर जुमार्ने की राशि वसुली गई। जिले में यह वाहन जाँच अभियान लगातार चलाया जाएगा, ताकि लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें।

# सिमडेगा शहर में क्रिसमस कार्निवाल शोभायात्रा उत्सव का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** क्रिसमस कार्निवाल कमेटी द्वारा क्रिसमस के मौके पर शनिवार को क्रिसमस कार्निवल उत्सव यात्रा निकाली गई। कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की इस्माईल केरकेट्टा आदि के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा अलबर्ट एक्का मैदान से शुरू हुई। जहां पर विकास केंद्र के फादर किशोर के द्वारा विधि विधान के साथ मिस्सा पूजा करते हुए केक काटकर इसकी शुरूआत की, साथ ही उन्होंने सभी लोगों को क्रिसमस पर्व की शुभकामना देते हुए आपसी एकता भाईचारा और प्रभु ईसा मसीह के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दिया इधर कार्निवल शोभा यात्रा जो कचहरी परिसर,झूलन सिंह चौक, बस स्टैंड, महावीर चौक, नीचे बाजार पेट्रॉल पम्प होते हुए पुनः अलबर्ट एक्का स्टेडियम पहुंची। शोभायात्रा के माध्यम से जिले वासियों को क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामना देते हुए लोगों को प्रेम और शांति का संदेश दिया गया। शोभायात्रा में शामिल लोग शांता क्लॉज की टोपी पहने हुए प्रभु येसु के भक्ति गीतों में थिरकते-झूमते हुए चल रहे थे। साथ ही प्रभु येसु की चरनी को एक वाहन में सजाते हुए झांकी एवं क्रिसमस कैरोल द्वारा लोगों को संदेश दिया गया।इस दौरान लाइव गायकी के साथ शहर का भ्रमण किया गया। मौके पर दिलीप तिर्की ने कहा कि युवाओं को संगठित और सुंदर विचारो से आत्मसात करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बांग्लादेश मुक्ति दिवस पर फिल्म प्रदर्शन




**सिमडेगा।** बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 मुक्ति दिवस पर बांग्लादेश निर्माण में दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान को उजागर करने के लिए एक फिल्म बनाई गई है ।जिसे झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार जिला कार्यालय प्रिंस चौक सिमडेगा में अपराह्न 5 बजे विजय दिवस के संबंधित उक्त फिल्म प्रदर्शन जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया है । इस अवसर पर पीसीसी डेलिगेट् प्रदीप केशरी,जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, रणधीर रंजन, एनएसयूआई, जिला अध्यक्ष सरताज खान, अंकित अब्दुल तिर्की, अनीस खलखो, अरमान खान एवम नरेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# अबुआ आवास योजना के लिए समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण कोडिनेटर रोशन रंजन की अध्यक्षता में अबुआ आवास को लेकर बैठक किया गया। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव , रोजगार सेवक ,स्वंय सेवक भाग लिये। बैठक में कोडिनेटर द्वारा बताया गया कि आपकी योजना आपकी सारकार आयके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास योंजना में ग्रामिणों द्वारा प्राप्त आवेदन पोर्टल में लोड किया गया। जिसका निष्पादन को लेकर टीम गठन कर लाभुक का चयन हेतू प्रखण्ड के सभी पंचायत के गांव घर डोर टू डोर जाकर गठित टीम निरिक्षण कर पोर्टल में ऑपलोड किया जाएगा। जिसे लेकर टीम के कमीर्यों को एप्प लोड कराया गया। टीम में प्रवण्ड स्तरीय कर्मी के पास ओटीपी आयेगा। एंवं निरिक्षण में मुखिया, वार्ड, एवं स्वंय सेवक होगे। सभी प्रखण्ड के पंचायत के गांव गांव घर घर आवेदक के पास जाकर पोर्टल में लोड करेंगे। साथ सभी को सरकार की महत्वकाक्षी योजना अबुआ आवास के लिए पंजीकृत लाभूक की निरिक्षण कार्य करना है ताकि अबुआ आवास सही लाभुक को मिल सके।

## नए महामारी से बचाव के लिए बानो में मॉक ड्रिल



**बानो।** चीन में एक रहस्यमय तरीके से नई वायरस की वजह से बच्चों के अंदर लगातार सांस लेने में तकलीफ सहित कई प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसे ध्यान में रखते हुए सरकार अलर्ट मोड पर काम कर रही है। इसी की तैयारी को लेकर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में महामारी से बचाव को लेकर स्वास्थ्यकर्मियो द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल जिला परिषद बिरजो कंडुलना के नेतृत्व में किया गया। मॉक ड्रिल में शामिल सदस्यों ने पीपी किट,दस्ताना, मास्क आदि लगाकर सावधानी बरतते मॉक ड्रिल किया।टीम द्वारा रोगी को एम्बुलेंस से लाने ,उतारने तथा मरीज को अस्पताल के अंदर बेड तक कैसे पहुँचाया आदि बातों को ध्यान में रखते हुए मॉक ड्रिल किया गया। टीम में शामिल सदस्यों को डॉक्टर शहबाज अली ने इस सम्बंध में कई दिशा निर्देश दिये। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड द्वारा जारी निर्देश के अनुसार मॉक ड्रिल किया गया ।

## कनकनी के साथ ठंड में हुआ इजाफा, गर्म कपड़ों की बढ़ी बक्री, अलाव की व्यवस्था अब तक नहीं

**झुमरी तिलैया।** विगत दस दिनों से ठंड में हुई बढ़ोत्तरी ने लोगों को शाम होते हीं घर में दुबकने को मजबूर कर दिया है। सुबह व शाम को सर्द हवा के साथ कनकनी से लोग परेशान हैं। शुक्रवार को जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम 22 डिग्री रहा। हालांकि दोपहर में धूप खिलने के कारण लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिल रही है। मगर शाम 4 बजे के बाद से सर्द हवाओं के साथ कनकनी बढ़ जाती है। रात 8 बजते-बजते अधिकत्तर दुकानों की शटर गिर जाती है। ठंड से सबसे ज्यादा परेशानी फुटपाथ पर सोने वाले लोग व ट्रेनों व बस यात्री को उठानी पड़ रही है। शाम 4 व 5 बजे के बाद एकाध बस को छोड़कर बरही व हजारीबाग के बस मिलना मुश्किल हो जाता है। वहीं रात्रि में ट्रेन पकड़ने के लिए आने वाले लोग भी ट्रेन के विलंब होने पर घंटों स्टेशनों में रात गुजारनी पड़ती है। इधर ठंड के कारण गर्म कपड़ों की भी बिक्री बढ़ गई है। दुकानों के अलावे झंडा चौके के आसपास फुटपाथी दुकानदारों द्वारा काफी संख्या में जैकेट,स्वेटर,टोपी आदि की दुकान लगाये गये हैं, जहां लोगों की काफी भीड़ रहती है।

**एकजुट हो**

### झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का पहुंचे जोन्हा

# ग्रामीणों से मिलकर समस्याएं सुनी, हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का शनिवार को कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया पंचायत अंतर्गत जोन्हाटोली गांव के ग्रामीणों द्वारा बुलाने पर वे ग्रामीणों के बीच पहुंचे। जहाँ ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया । जिसके बाद ग्रामीण अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में संदेश एक्का के समक्ष रखा। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की हमारे क्षेत्र में समस्याएं है जिनमें बिजली, पानी , सड़क की समस्या है। लसिया से चांदो बाजार होते हुए बरसलोया बस्ती जाने वाली मुख्य पथ से ग्रामीणों का आवागमन कहीं ना कहीं खतरों से भरा हुआ बना रहता है ।लोग साइकिल, मोटरसाइकिल या अन्य वाहन चार पहिया वाहन से आवागमन करते हैं। स्कूल के बच्चे साइकिल चलाकर अपने विद्यालय पढ़ने को आते है ।परंतु सड़क पर गड्ढे एवं पड़े हुए बड़े-बड़े बोल्डर हमेशा किसी ना किसी घटना को आमंत्रित करते हैं। लोगों ने अनुरोध करते हुए कहा कि आप हमारे इस सड़क को आवागमन लायक बनवा दे साथ ही कुछ महिलाओं ने पानी की समस्या उठाते हुए कहा के नल जल योजना हमारे लिए सिर्फ कागज तक है। हम लोगों को इस योजना का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी हम पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पंप टोली, बिरनी बेड़ा, जोन्हा टोली, नीचे बस्ती, आदि गांव की महिलाओं ने अनुरोध किया की आप हमारी पानी की समस्या को दूर कर दे जिससे हमें कुछ राहत हो पाए। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद संदेश से कहा कि जिस प्रकार आप अपनी समस्याओं को लेकर एक स्थान पर जुड़ते हैं और सभी एकजुट होकर अपनी बातों को रख रहे हैं ।

### गिरिडीह पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# 13 साइबर अपराधियों को धर दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** साइबर अपराध के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। एसपी दीपक शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 13 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. जबकि दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. इनके पास से 28 मोबाइल फोन, 43 सिमकार्ड, 7 एटीएम कार्ड, 1 पासबुक, 1 लाख 35 हजार नगद, एक ब्रिजा कार समेत दो बाइक बरामद हुए हैं. इस बात की जानकारी पपरवाटांड स्थित पुलिस ऑफिस में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर दी. दीपक कुमार शर्मा के अनुसार, सभी



साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी गिरिडीह जिले के गांडेय और अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाके से हुई है. गिरफ्तार साइबर अपराधियों में अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जमजोरी का सरफुद्दीन, जामताड़ा जिले के लटाई का विकास मंडल, नारायणपुर का विकास मंडल, अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के देवपुर का सुनील रवानी, मुकेश वर्मा, गांडेय के चंपापुर का इरफान अंसारी, मो. दानिश, मो. तनवीर, देवघर के मरगोमुंडा का मो. सोएब अख्तर, गांडेय के चंपापुर का सयैद अंसारी, मो. अहमद अंसारी, अबुल हसन और गांडेय के आसनबोनी का मनोज मंडल शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे गर्भवती महिलाओं के मोबाइल नंबर पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ दिलाने का झांसा देते थे. साइबर अपराधी उनके फोन पर रिमोर्ट एक्सेस ऐप का लिंक भेजकर उसको इंस्टॉल करवाते थे. इसके बाद ठगी की घटना को अंजाम देते थे. इसके अलावा साइबर अपराधी एयरटेल पेमेंट बैंक के मित्रा एप के माध्यम से लोगों के ई-वायलेट नंबर प्राप्त कर उन्हें कॉल कर उनके साथ ठगी करते थे।

## विजय दिवस पर एसएसवीएम स्कूल में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर (एसएसवीएम) स्कूल में आज शनिवार को विजय दिवस पर सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों व विद्यालय परिवार ने 16 दिसंबर 1971 के ऐतिहासिक विजय के नायक रहे भारतीय वीर जवानों को नमन किया. मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य राजीव सिन्हा ने विद्यालय के पूर्व छात्र एवं सेवानिवृत सैनिक विद्या भूषण सिंह को अंग-वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया. राजीव सिन्हा ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 को 13 दिनों तक युद्ध के बाद पाकिस्तान पर भारत ने जीत हासिल कर पूर्वी पाकिस्तान अर्थात



बांग्लादेश को आजाद किया था. पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल नियाजी ने 93,000 सैनिकों के साथ भारतीय सेना प्रमुख मानिक शा और बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी की संयुक्त सेना के समक्ष समर्पण कर दिया. सेवानिवृत सैनिक विद्या भूषण ने कहा कि सैनिक का अर्थ सिर्फ युद्ध करना नहीं, बल्कि देश की सेवा करना भी होता है. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पाकिस्तानी सेना का समर्पण का अब तक सबसे बड़ा सैनिक समर्पण है. कहा कि बच्चे बचपन में जो सोचते हैं, उसे अपना लक्ष्य मानकर मूर्त रूप देने की पूरी कोशिश करते हैं. इस विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र सेवा का भाव बच्चों में भरा जाता है. यह हर्ष का विषय है।

### चोर शटर का ताला तोड़कर दुकान में घुसे

## लाखों के जेवरात और नगदी लेकर हुए फरार

### वारदात सीसीटीवी में हुई कैद

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद ।** जिले के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत डीगवाडीह खालसा मार्केट स्थित मां गायित्री ज्वेलरी शॉप को अपराधियों ने बुधवार रात निशाना बनाया. आधा दर्जन चोर दुकान का शटर और ग्रिल का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और दुकान में रखे लगभग 4 लाख के सोने और चांदी के गहने लेकर फरार हो गये. चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. वहीं, सीसीटीवी कैमरे को भी चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया. भुक्तभोगी दुकानदार प्रदीप वर्मा ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है. इस मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है. पीड़ित दुकानदार दिलीप वर्मा ने बताया कि बुधवार की रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच 6 से सात की संख्या में चोर दुकान के अंदर दाखिल



हुए. इसके बाद सभी चोर दुकान में रखे लगभग 4 लाख रुपये के सोने और चांदी के गहने लेकर फरार हो गये. इस मामले को लेकर सोनार समाज के अध्यक्ष मनोज बर्मन ने कहा कि सोने के गहने दिलीप वर्मा ने लोगों के ऑर्डर बनाने के लिए भी रखे थे, वह भी चोरी हो गए. जो उन्हें अपनी जेब से हर्जाना भरना पड़ेगा. उन्होंने मामले का जल्द उद्भेदन करने की मांग पुलिस से की है. पुलिस ने जल्द चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है.

### घर के सामने खड़ी कार में लगी आग मामला दर्ज

**बोकारो।** जिला के बेरमो कोयलांचल स्थित गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित फ्राइडे बाजार में बीते 14 दिसंबर की देर रात्रि फोर व्हीलर अटिका स्मार्ट हाइब्रिड गाड़ी में आगलगी कि घटना सामने आई है. आग कैसे लगी है इसका पता चल नहीं पाया है. आग की चपेट में गाड़ी पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई है. घटना के संबंध में गाड़ी मालिक मोहम्मद तौकीर ने गांधी नगर थाना को लिखित सूचना दिया है. उन्होंने आवेदन में लिखा है कि मो तौकीर पिता स्वर्गीय मोहम्मद आलम ग्राम फ्राइडे बाजार, पोस्ट संडे बाजार, थाना गांधीनगर का निवासी हूं. बीते देर रात मेरी फोर व्हीलर मॉडल अटिका स्मार्ट हाइब्रिड वीएक्सआइ गाड़ी जिसका नंबर जेएच 9 एवाई -2052 है. प्रति दिन की तरह मेरी गाड़ी घर के निकट खड़ी थी. रात लगभग 3.42 बजे मेरे मोहल्ले के अमन सिंह ने मेरे घर आकर मुझे जगाया और बताया कि तुम्हारे गाड़ी में आग लग गई है. यह सुनकर हम लोग दौडते हुए गाड़ी के पास गए. उस समय गाड़ी पूरी तरह आग की चपेट में आकर धधक रही थी.

### स्मृति शेष

## कवि, गीतकार शेष आनंद मधुकर का जाना सभी को कर गया मर्माहत

**विजय केसरी**

**हजारीबाग।** देश के जाने-माने



मगही भाषा और हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार, कवि गीतकार शेष आनंद मधुकर का इस तरह अचानक हम सबों को छोड़कर हमेशा हमेशा के लिए अलविदा कह देना सबों को मर्माहत कर दिया है। उनका निधन 84 वर्ष की उम्र में हुआ। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र पांच पुत्रियां, नाती - नातिन,पोता - पोती से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शेष आनंद मधुकर मगही और हिन्दी भाषा में लगातार काम कर रहे थे । इतनी उम्र हो जाने के बावजूद मगही भाषा और हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए उनकी यात्राएं जारी थी। शेष आनंद मधुकर मगही भाषा और हिंदी के मर्मज्ञ विद्वानों में एक नामचीन शख्सियत थे। उनकी लोकप्रियता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक रही है। मगही भाषा में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें 2018 में साहित्य अकादमी से सम्मान से सम्मानित भी किया गया था। शेष आनंद को साहित्य अकादमी का पुरस्कार प्राप्त होने के हजारीबाग की साहित्यिक संस्था परिवेश द्वारा उनका बहुत ही शानदार तरीके से अभिनंदन किया गया था। उस अभिनंदन समारोह में हजारीबाग के लगभग सभी साहित्यकार और साहित्यानुरागी सम्मिलित हुए थे। इसे संजोग ही कहा जाए कि उस अभिनंदन समारोह में मैं और भारत यायावर सम्मिलित नहीं हो पाया थे। जिसका आज भी मन में एक बोझ सा बना हुआ है। उस कार्यक्रम में शेषा आनंद मधुकर बहुत ही सहजता के साथ अपनी बातों को रखे थे ।मगही की विकास यात्रा में अपने अवदान को उन्होंने बहुत ही तर्क पूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया



था। उन्होंने मगही भाषा की मिठास पर भी बहुत ही सारगर्भित बातें रखीं थीं। व बारी-बारी से सब की बातें बड़े ही ध्यान पूर्वक सुनते रहें थे। जब उनकी बोलने की बारी आई तब उन्होंने बड़े ही अदब और शालीनता के साथ सबकी बातों का निराकरण किया था। उनकी विद्वत उनकी वाणी से प्रकट होती रही थी। उनके उक्त भाषण की आज भी लोग चर्चा करते हैं। वे जिस मंच पर भी जाते, मंच के केंद्र बिंदु बन जाया करते थे। लोग उनके सस्वर गीत सुनकर मंत्र मुग्ध हो जाया करते थे।

### एक नजर

### बोकारो : टास्क फोर्स ने रेस्टोरेंट में काम कर रहे दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

**बोकारो।** बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देश पर गठित टास्क फोर्स की टीम ने शनिवार को श्रम निरीक्षक बसंत महतो के नेतृत्व में नयामोड़ स्थित कृष्णा रेस्टोरेंट में छापमारी कर दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया. जिला टास्क फोर्स व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने बताया कि मुक्त कराए गए गए एक बाल श्रमिक की उम्र 14 वर्ष से कम है. उसे पुनर्वासित किया जायेगा. वहीं दूसरे की उम्र 17 वर्ष है, जिसकी काउंसिलिंग की जा रही है. दोनों को बाल गृह चास भेज दिया गया है. वहीं, होटल संचालक पर कानूनी कारवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. टीम में सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रीति प्रसाद, सहयोगिनी के फुलेंद्र रविदास, अनिल कुमार हेंब्रम शामिल थे. सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने कहा कि पूरे जिले में बाल मजदूरी, बाल यौन हिंसा तथा बाल विवाह को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है.

### धनबाद : लव जिहाद के खिलाफ हिंदू संगठनों ने दिया धरना, डीसी को ज्ञापन सौंपा

**धनबाद।** देश में बढ़ रहे लव जिहाद के खिलाफ हिंदू संगठनों ने आज शनिवार को शहर के रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया. इस दौरान संगठन के सदस्यों ने अर्चना, साक्षी, अंकिता, अनुराधा की हत्या करने वाले लव जिहादियों को फांसी दो, लव जिहाद प्रकरण में शामिल मदरसों और मस्जिदों को बंद करो आदि नारे लगाये. हिंदू संगठनों ने उपायुक्त वरुण रंजन को केंद्र व राज्य सरकार से इन लोगों के खिलाफ कठोर कानून बनाने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. मौके पर हिंदू जन जागृति समिति के पूर्व व पूर्वोत्तर भारत समन्वयक शंभू गवारे ने कहा कि झारखंड में लव जिहाद के नाम पर आदिवासी समुदाय की हिंदू लडकी अर्चना कडुलना के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या कर दी गयी. उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर अलग-अलग कुएं में फेंक दिया गया. राज्य में लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं. देश के उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों ने 'लव जिहाद' के विरोध में कानून बना दिया है. यहां भी लव जिहाद को लेकर कानून बनना चाहिए.

### गिरिडीह : 9वीं की छात्रा को लेकर हुआ था फरार, पुलिस ने भेजा जेल

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद पंचायत से एक सप्ताह पूर्व गायब हुई 9वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा को पुलिस ने उसके प्रेमी के साथ बरामद कर लिया है. पुलिस ने दोनों युवक-युवती को अहलियापुर थाना क्षेत्र से शुक्रवार को बरामद किया है. थाना लाने के बाद नाबालिग को मेडिकल जांच एवं 164 के बयान के लिए न्यायालय भेज दिया गया. वहीं युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. इस संबंध में थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि बीते 8 दिसंबर को नाबालिग अपने घर से लापता हो गई थी. 12 दिसंबर को नाबालिग की मां ने अहलियापुर थाना क्षेत्र के नावाडीह के रहने वाले विकास तुरी के खिलाफ नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया था. नाबालिग की मां के आवेदन के आधार पर बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 283/23 के तहत केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई. जांच पड़ताल के क्रम में नाबालिग एवं आरोपी युवक को पुलिस ने बरामद कर लिया. जिसके बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया.

### जमशेदपुर : एमजीएम में तैनात होमगार्ड जवानों को दो माह से नहीं मिला वेतन



**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल की सुरक्षा में 90 होमगार्ड जवानों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है. इससे जवानों में नाराजगी व्याप्त है. जवानों ने अब आंदोलन करने का मन बना लिया है. जवान निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही अगर अस्पताल प्रबंधन की ओर कोई पहल नहीं की जाती है तो सबसे पहले उपायुक्त और अस्पताल अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा. इसके बाद अस्पताल में सभी धरना पर बैठ जाएंगे. उन्होंने बताया कि अक्टूबर और नवंबर का वेतन उन्हें नहीं मिला है. अस्पताल अधीक्षक से मिलने पर उनके द्वारा रिमाइंडर भेजे जाने की बात कही जा रही है. वेतन नहीं मिलने के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है. बच्चों के स्कूल फीस से लेकर घर का भाड़ा तक वे लोग नहीं दे पा रहे है. अगर जल्द से जल्द उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो सभी धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे.

### कतरास : मांगें पूरी नहीं हुई तो भूख हड़ताल पर बैठेंगे सहायक अध्यापक

**धनबाद।** 4% वार्षिक मानदेय वृद्धि को लेकर नगर निगम कतरास अंचल कार्यालय गेट पर झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक संघ ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेन्द्र कुमार शर्मा व संचालन चंदन मोदक ने किया. इस दौरान अध्यापकों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की. कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे चंदन मोदक ने कहा कि 4% वार्षिक मानदेय शहरी क्षेत्र को नहीं मिला तो 14 जनवरी के बाद भूख हड़ताल पर बैठेंगे. इधर सहायक अध्यापकों को समर्थन देने पहुंचे मासस के केन्द्रीय महासचिव हलधर महतो ने शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि शहर के शिक्षक केन्द्र और राज्य की कुनीतियों के शिकार हो रहे हैं. सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने कहा कि सहायक अध्यापक समाज में शोषित पीड़ित बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रहे हैं. लेकिन इनके साथ इस तरह का भेदभाव अच्छी बात नहीं है. सरकार को अविलंब इनकी समस्या का समाधान करना चाहिए. वहीं समाजसेवी चुन्ना यादव, राजेश स्वर्णकार, विनय पासवान, उमेश ऋषि, परवेज इकबाल इन सभी वक्ताओं ने शिक्षकों की मांगों को जायज ठहराया और आगे भी साथ देने की बात कही.

### एक नजर

### पारा शिक्षकों का धरना प्रदर्शन

**धनबाद।** जिले के कतरास अंचल निगम कार्यालय के सामने दर्जनों पारा शिक्षकों ने शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों को 4% मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया. पारा शिक्षकों ने शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध जताया. वहीं धरना दे रहे पारा शिक्षकों ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के पारा शिक्षकों को 4% वार्षिक मानदेय दिया जा रहा है. लेकिन शहरी क्षेत्र के शिक्षकों को वार्षिक 4% मानदेय बढा कर नहीं दिया जा रहा है. पारा शिक्षकों द्वारा पिछले एक साल से इसकी मांग सरकार से किया जा रहा है. इसी क्रम में 4%वर्षीय मानदेय बढ़ोतरी की मांग लेकर शनिवार को पारा शिक्षक धरना दे रहे हैं.

### कलेक्शन एजेंट से लूट मामले में एक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत गुदड़ी मार्केट के पास कदमा निवासी हितेंद्र कुमार अग्रवाल के पास से चार लाख की चोरी करने के मामले में पुलिस ने बमामाईंस कैरेज कॉलोनी निवासी रवि पांडेय को गिरफ्तार किया है.रवि के पास से पुलिस ने चोरी किए गए 3.50 लाख रुपये भी बरामद किए.शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए एएसपी लॉ एंड ऑर्डर सुमित अग्रवाल ने बताया कि हितेंद्र कलेक्शन एजेंट का काम करते है. वे रुपये कलेक्ट कर बैग को अपने बाइक पर ही छोड़कर चले गए थे. इसी बीच मौके का फायदा उठाते हुए रवि ने बैग की चोरी कर ली और फरार हो गया.

### डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी में फ्री कोचिंग क्लास शुरू

**बोकारो।** बोकारो जिले के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग क्लास की सुविधा मिलेगी. इसकी शुरूआत शनिवार को जिला परिषद मॉल चास स्थित डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी में की गई. अब यहां जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को फ्री कोचिंग क्लास मुहैया कराई जाएगी. गणित विषय के विशेषज्ञ देवेंद्र कुमार व राज किशोर महतो ने छात्र- छात्राओं को पढ़ाया. मौके पर शहर के शिक्षाविद् व गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

## देश के अंतिम व्यक्ति तक केंद्रीय योजना का लाभ पहुंचे : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी से किया गया, जो कि पूरे देश में 26 जनवरी 2024 तक मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जमशेदपुर शहर में दिनांक 16 दिसंबर को सिद्धगोरा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता वाहन को मुख्य अतिथि सांसद विद्युत बरन महतो और विशिष्ट अतिथि नगर उपायुक्त, जमशेदपुर रवि प्रकाश सहित कई गणमान्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल से ने वर्ष 2024 के कैलेंडर और अन्य जागरूकता सामग्री का भी वितरण किया। सांसद महोदय ने स्थल पर लगे प्रधानमंत्री मोदी की सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी ली। बिरसा मुंडा सभागार के अंदर माननीय अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। अपने संबोधन में सांसद श्री विद्युत वरण महतो ने कहा कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र योजना का लाभ पहुंचे। पूरे देश में सड़कों का जाल बिछा है। आयुष्मान, उज्ज्वला योजना सहित कई योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। 80 करोड लोगों को निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है। पहले बैंक में अकाउंट खुलवाना बड़ी मुश्किल काम था। जीरो बैलेंस में मोदी जी ने गरीबों का अकाउंट खुलवाया और आज करोड़ों रुपया इन खताओं में संग्रहित हुआ।

### धनबाद : गोविंदपुर में हाइवा के धक्के से जैप जवान की मौत

**धनबाद।** धनबाद जिले के गोविंदपुर स्थित झारखंड सैन्य पुलिस वाहिनी- 3 के जवान जमाल अख्तर की शनिवार को हाइवा की चपेट में आकर मौत हो गई. जमाल अख्तर अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी बलियापुर रोड में कमाटांड़ के समीप तेज गति से आ रहे हाइवा ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में जवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हजारीबाग के लाखे कोर्रा निवासी 38 वर्षीय जमाल अख्तर वर्ष 2006 में वाहिनी में बहाल हुए थे. जानकारी के अनुसार, दोपहर में उनकी मां हजारीबाग से गोविंदपुर आ रही थीं. जमाल उन्हें रिसिव करने गोविंदपुर बाजार पहुंचे थे. वहां मां टेंपो पर बैठाकर खुद बाइक से कमाटांड़ की ओर अपने किराए के आवास पर जा रहे थे. तभी हादसे का शिकार हो गए. गोविंदपुर थाना के इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को एसएनएमएमसीएच, धनबाद भिजवाया. खबर पाकर बड़ी संख्या में जैप जवान भी एसएनएमएमसीएच पहुंचे. पोस्टमार्टम के बाद शाम में शव गोविंदपुर वाहिनी परिसर लाया गया, जहां इंस्पेक्टर के नेतृत्व में जवानों ने उन्हें सलामी दी. इसके बाद शव को वाहिनी के वाहन से हजारीबाग भेजा गया.

## अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का 27वां अधिवेशन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ।अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का 27वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शनिवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में आरंभ हुआ. अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने किया. उन्होंने कहा कि भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराना हमारी प्राथमिकता है. इसके लिए हमें एकजुट होकर थोड़ा और जोर लगाना होगा. इस क्रम में विधायक श्री राय ने मॉरिशस, सूरीनाम में भोजपुरी की महत्ता व विशिष्टता की भी चर्चा की. अधिवेशन में मॉरिशस के पूर्व उप प्रधानमंत्री की पत्नी सरिता बुधु समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे. इससे पूर्व सुबह सम्मेलन की स्थायी समिति की बैठक हुई. उसके बाद पुस्तक प्रदर्शनी का अतिथियों समेत उपस्थित लोगों ने अवलोकन किया. केंद्रीय आदिवासी मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी संबोधित किया ।

### एसएनएमएमसीच में सफाई कर्मियों का हड़ताल समाप्त, 8500 रु. वेतन पर बनी सहमति

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तीन दिनों से चल रही सफाई कर्मियों की हड़ताल आखिरकार शनिवार की शाम समाप्त हो गई. अधिकारियों के साथ वार्ता में सफाई का काम संभाल रही कमांडो एजेंसी ने प्रतिमाह 8500 रुपए वेतन, पीएफ व ईएसआई सुविधा का लाभ देने का आश्वासन दिया. इस पर सहमति के बाद 150 सफाई कर्मी काम पर लौट आए. वार्ता में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलकांत गुप्ता और सहायक श्रम आयुक्त रंजीत कुमार मौजूद थे. एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ पदाधिकारियों की वार्ता में पता चला कि सफाई कर्मियों को न्यूनतम वेतन तक नहीं मिल रहा है.

### दी बधाई | रिजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड में डीपीएस बोकारो का परचम

# आईएनएमओ के लिए पांच विद्यार्थियों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के पांच विद्यार्थियों ने रिजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) में शानदार सफलता प्राप्त कर भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आईएनएमओ) के लिए क्वालिफाई किया है. आईएनएमओ के लिए क्वालिफाई करने वाले विद्यार्थियों में स्कूल की 10वीं कक्षा के छात्र कुमार अनमोल व आयुष राज, 11वीं के अभिनीत शरण, 9वीं के आयुष लच्छीरामका व 12वीं के



सौम्यदीप मंडल शामिल हैं. विद्यार्थियों की सफलता पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईएनएमओ के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं. उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन व विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक वातावरण को दिया है. द इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आईएनएमओ) एक हाई स्कूल गणित प्रतियोगिता है, जो वर्ष 1989 से प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है. यह अंतरराष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम की चयन प्रक्रिया का द्वितीय चरण है. होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) की ओर से नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स (एनबीएचएम) के तत्वावधान में यह परीक्षा आयोजित की जाती है.

## एक नजर इधर भी

# 'कविता एक थैरेपी भी है'

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में इस बार हिन्दुस्तान टाइम्स साहित्य उत्सव-2023 में कविता की गूंज सुनाई दी। कविता पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। उत्सव का आयोजन कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगी आईटीएल पब्लिक स्कूल द्वारका के सभागार में किया गया। ख्यातिलब्ध कवियों और लेखकों का रचना पाठ और संवाद तो प्रभावी ही रहा। लेखकों की कार्यशाला, पेंटिंग, कथावाचन और डूडल गतिविधि ने भी श्रोताओं का ध्यान खींचा। इस उत्सव का आगाज कविता की समाज में भूमिका के आरंभिक सत्र से हुई। एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के प्रोफेसर प्रोफेसर आनंद खत्री, प्रख्यात कवि-ललित निबंधकार, आलोचक तथा प्रोफेसर एवं नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर परिचय दास, द्विभाषी कवयित्री एवं लेखिका सुनीता सिंह और रचना पंत ने इस संदर्भ में अपनी प्रासंगिक कविताएं सुनाईं। पैनल चर्चा के बाद संवाद सत्र में विद्यार्थियों और युवा कवियों ने अतिथियों से दिलचस्प सवाल पूछे। प्रोफेसर आनंद खत्री ने काव्य-चेतना पर चर्चा की। सुनीता सिंह ने कविता को मन व जीवन की जरूरत बताया। प्रोफेसर परिचय दास ने अपने ललित वक्तव्य में कविता को अपने आप में एक उत्सव के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि कविता मनुष्य के अन्तर्मन की विषनाशिका और मुक्तिदायिनी है। कविता आत्मालाप व सामाजिक संवाद यानी दोनों की हेतु है। यह भीतर के उपचार का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कविता को सबको जोड़ने, नकार से विरत होने व भावना की संसिद्धि कहा। प्रो. परिचय दास ने कहा कि वह अंदर की लय है। इसलिये सबसे बड़ी थैरेपी है। उन्होंने कहा कि अपनी रचना-प्रक्रिया में मैंने आत्म संघनन व बाहर के वैषम्य को प्रमुख आधार के रूप में देखा है। रचना पंत ने विद्यार्थियों को याद दिलाया कि साहित्य और कविता परामर्श की आवश्यकता को दूर कर देती है। इसलिए बच्चों को सिर्फ तकनीक की ओर नहीं भागना चाहिए। भावनात्मक रूप से परिपक्व होने और जीवन और भावनाओं को समझने की बारीकियों के लिए साहित्य आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि छात्रों को एक समान बने रहने के लिए रुडयार्ड किपलिंग की कविता पढ़नी चाहिए। इस सत्र के बाद इन बिटवीन द लाइंस नाम से एक और इंटरैक्टिव पैनल- चर्चा हुई। इसमें अतिथि लेखकों में सुनीता पंत बंसल, डॉ. हषार्ली सिंह, उपभोक्ता मंच की सदस्य न्यायाधीश और कवयित्री प्रेरणा जैन ने हिस्सा लिया। सत्र का संचालन वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल द्वारका की प्रिंसिपल मनीषा शर्मा ने किया। डॉ. हषार्ली सिंह ने अपनी आने वाली किताब 'अनारकली' के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह इस विषय के प्रति आकर्षित हुईं। सुनीता पंत बंसल ने पौराणिक कहानियों के साथ अपनी यात्रा के बारे में बात की। इस उत्सव का आकर्षक कार्यक्रम 'द ह्यूमन लाइब्रेरी' रहा। यह ऐसा मंच है जिसमें छात्र अपनी अनूठी कहानियों और अनुभवों को साझा करते हुए 'मानव पुस्तक' बन जाते हैं। यह मंच रूढ़िवादिता को तोड़ता है। लोगों को व्यक्तिगत कथाओं के माध्यम से जुड़ने की अनुमति देकर समझ को बढ़ावा देता है। इसे सहयोगात्मक स्टोरी टेलिंग डूडल गतिविधि के रूप में देखा गया। दिल्ली इन्टरनेशनल स्कूल द्वारका की प्राचार्य अनुभा श्रीवास्तव ने कहा कि कथा-वाचन की कला को और भी गति देने की आवश्यकता है। सीबीएसई संकल्प सहोदय (एसडब्ल्यू) दिल्ली की अध्यक्ष और आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सुधा आचार्य ने साहित्य उत्सव का हिस्सा बनाने के लिए आयोजक और सूत्रधार अखबार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि साहित्य हमेशा आत्मा का भोजन होता है। इस उत्सव ने इस तरह के आयोजन से आने वाले नये विचारों और जुड़ाव को देखने का एक अवसर और मंच प्रदान किया। इससे विद्यार्थियों को अमूर्त विरासत, रोमांचक विचारों और बहुत करीबी अनुभव से साहित्य को जानने का मौका मिला **(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

**■ मुकुंद**

# यूक्रेन को यूरोपीय संघ का सदस्य बनाने पर सहमति

**वैश्विक** स्तरपर रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास युद्ध से दुनियां को आभास हो चुका है कि दुनियां अब तीन खेमों में बट चुकी है, इसे और भी स्पष्ट रूप से देखें तो दुनियां की दो महा शक्तियों के पक्ष विपक्ष में और कुछ देश अपने आप को न्यूट्रल रूप से रखे हुए हैं, जो हमें संयुक्त राष्ट्र में युद्ध विराम या अन्य मुद्दों पर वोटिंग में देखने को मिल रहा है, जिसमें भारत ने हमेशा न्यूट्रल स्थिति अपना कर रखी है और वोटिंग में अनुपस्थित रहा है परंतु दो दिन पहले ही भारत ने यूएन महासभा में फौरन मानवीय युद्ध विराम व बंधकों को रिहाई के मामले पर प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया था। उधर अमेरिका ने भी इसराइल को सख्त चेतावनी दी है कि अपना रुख बदले अन्यथा गाजा युद्ध के लिए समर्थन खो देगा यानी भारत अमेरिका की वर्तमान मंशा को देखा जाय तो इस मुद्दे पर दोनों देशों की आम सहमति झलकती है, इसलिए ही दोनों की मैत्री जग प्रसिद्ध है परंतु मेरा मानना है कि दोनों देशों को मिलकर उपरोक्त दोनों नामित युद्धों को रोकने के लिए आगे आना चाहिए परंतु इसके विपरीत दिनांक 14-15 दिसंबर 2023 को बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में आयोजित यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में यूक्रेन को यूरोपीय संघ जिसमें 27 सदस्य देश हैं उसमें सदस्य बनाने की महत्वपूर्ण सहमति दे दी है, जिससे रूस यूक्रेन युद्ध मामले में घी में तेल डालने का काम होगा इसपर चीन की मुश्किलें बढ़ना तय है। क्योंकि अगर यूक्रेन ईयू का सदस्य देश बन जाता है तो स्वाभाविक रूप से उसके समर्थन में खुलकर 27 देश भी आ जायेंगे, हालांकि हंगरी ने इसका विरोध किया है। परंतु अभी केवल एयू संघ की सहमति ही मिली है,अभी अनेक प्रक्रियाएं होना बाकी है जिसमें कुछ वर्ष भी लगा सकते हैं तब तक ऊंट कहां करवट बदलेगा पता नहीं। चूंकि हमें युद्ध रूपी आग में उकसावे रूपी घी नहीं डालना है, बल्कि युद्ध विराम करना है, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। भारत अमेरिका को आगे आकर रूस-यूक्रेन इसराइल-हमास युद्ध को समाप्त करने आम सहमति बनवाना मानवीय कल्याण के लिए जरूरी है। साथियों बात अगर हम यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल करने पर सहमति की करें तो, ब्रसेल्स में,14 दिसंबर यूरोपीय संघ ने यूक्रेन और मोल्दोवा को सदस्य के रूप में शामिल करने पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को सहमति जताई। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के लिए यह एक बड़ी राहत वाली खबर साबित हो सकती है। यूक्रेन लंबे समय से 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में शामिल होने का इच्छुक रहा है। यूरोपीय संघ के 27 नेताओं के ब्रसेल्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों को सदस्य देश के रूप में शामिल करने के लिए चर्चा करने के संबंध में निर्णय लिया गया। जब यूरोपीय संघ के नेताओं ने इस संबंध में सदस्यता वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई। यह यूक्रेन के लिए एक बड़ी राजनीतिक जीत है। वह भी ऐसे

**भारत अमेरिका को आगे आकर रूस-यूक्रेन इसराइल-हमास युद्ध को समाप्त करने आम सहमति बनवाना मानवीय कल्याण के लिए जरूरी है। यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल करने पर सहमति की करें तो, ब्रसेल्स में,14 दिसंबर यूरोपीय संघ ने यूक्रेन और मोल्दोवा को सदस्य के रूप में शामिल करने पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को सहमति जताई। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के लिए यह एक बड़ी राहत वाली खबर साबित हो सकती है।**

इन दिनों



किशन भावनानी गोंदिया

समय में जब रूस का हमला लगातार बढ़ता जा रहा है और अमेरिकी सैन्य सहायता भी अनिश्चित हो गई है। यूरोपीय संघ के राजनयिकों और अधिकारियों ने कहा कि वार्ता के लिए अप्रत्याशित हरी झंडी हंगरी के पीएम विक्टर ओर्बन ने दी है। जिन्होंने इससे पहले कहा था कि वह इस तरह के समझौते को रोक देंगे। ओर्बन ने पुष्टि की कि वह यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में मतदान से दूर रहे थे, जिसे उन्होंने खराब निर्णय कहा था। इस स्तर पर यह स्पष्ट नहीं था कि बदले में उसे वास्तव में क्या मिल सकता है। ऐसे में इस तरह के निर्णय को मंजूरी देने को असामान्य माना जा रहा है। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति ने फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, यह यूक्रेन के लिए एक जीत है। पूरे यूरोप के लिए एक जीत है। एक जीत जो प्रेरित करती है, प्रेरणा देती है और मजबूत करती है। आगे कहा कि मैं इस दिन प्रत्येक यूक्रेनी को बधाई देता हूं। इतिहास उन लोगों द्वारा बनाया जाता है जो स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए नहीं थकते। यूक्रेन को रूसी सेनाओं के खिलाफ लगभग दो साल से जारी युद्ध में अपने पश्चिमी सहयोगियों के समर्थन की सख्त जरूरत है। हाल ही में यूक्रेन बाइडन प्रशासन की तरफ से यूक्रेन को मिलने वाला 60 बिलियन डॉलर का सहायता पैकेज नहीं मिल सका था। यूक्रेन लंबे समय से 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में शामिल होने का इच्छुक रहा है। यूरोपीय संघ के 27 नेताओं के ब्रसेल्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों को सदस्य देश के रूप में शामिल करने के लिए चर्चा करने के संबंध में निर्णय लिया गया। यूक्रेन को सदस्यता देने के लिए यूरोपीय संघ वार्ता शुरू करने पर हुआ सहमत हो गाय है, कीव को मिली अप्रत्याशित सफलता। साथियों अगर हम हंगरी के वोटिंग से दूर रहने की करें तो, हंगरी के बात पीएम क्षण भर के लिए कमरे से चले गये, जबकि अन्य 26 नेता वोट के लिए आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो संदेश के साथ अपने सहयोगियों से दूरी बना ली। यूक्रेन की यूरोपीय संघ की सदस्यता एक बुरा निर्णय है। हंगरी इस गलत फैसले में भाग नहीं लेना चाहता है, और इसलिए आज इस निर्णय से दूर रहा। यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य हंगरी ने गुरुवार (14 दिसंबर) को यूरोपीय संघ के बजट से यूक्रेन के लिए 54 बिलियन डॉलर (50 अरब यूरो) के सहायता सौदे को रोक दिया हंगरी के पीडी एफ विक्टर ओर्बन ने अपना कदम पीछे खींच लिए खींच लिया और डील को अगले साल जनवरी तक के लिए टाल दिया ओर्बन ने एक्स यह जानकारी झा की और कहा कि उन्होंने डील पर वीटो कर दिया है। उन्होंने ने सोशल मीडिया पर लिखा, नाइटशिफ्ट का सारांशः यूक्रेन को अतिरिक्त धन के लिए वीटो, एमएफएफ (बजट)समीक्षा के लिए वीटो, हम उचित तैयारी के बाद अगले साल यूरोपीय परिषद में इस मुद्दे पर वापस आयेंगे।

# देश में क्या खूखांर डॉग्स को पालने में लगेगी रोक?

**दिल्ली** हाई कोर्ट डॉग बाइट और अटैक (कुत्तों के काटने और हमले) की घटनाओं पर सख्त हुआ है। वह अक्टूबर में खतरनाक कुत्तों को रखने के मुद्दे पर अहम आदेश दे चुका है। हाई कोर्ट ने पिटबुल, टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग और रॉटविलर जैसे खतरनाक नस्ल के कुत्तों को रखने के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने और रद्द करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार को तीन माह के अंदर निर्णय लेने के लिए कहा। अदालत ने याचिकाकर्ता बैरिस्टर लॉ फर्म के प्रतिवेदन पर जल्द से जल्द विचार करने को कहा है। दरअसल देश में कुत्तों के काटने और हमला करने से कई लोगों की जान जा चुकी है। चिंता की बात यह है कि कुछ लोग तो बिना लाइसेंस के ही खतरनाक नस्ल के कुत्तों को पाल लेते हैं हैं। याचिका में कहा गया था कि ऐसे नस्ल के कुत्तों ने अपने मालिकों सहित अन्य लोगों पर भी हमला किया है। इस लॉ फर्म ने अदालत का ध्यान दिलाया कि ब्रिटेन के खतरनाक कुत्ते अधिनियम (1991) में पिटबुल और टेरियर को लड़ाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। टाइम मैगजीन के अनुसार अमेरिका में पिटबुल और टेरियर्स की संख्या कुत्तों की आबादी का केवल छह प्रतिशत है लेकिन वर्ष 1982 से कुत्तों के 68 प्रतिशत हमलों और 52 प्रतिशत मौतों के लिए इसी नस्ल के डॉग जिम्मेदार हैं। याचिका के अनुसार आमतौर पर पिट बुल ऐंड टेरियर्स अन्य कुत्तों से ज्यादा आक्रामक होते हैं। ऐसे कुत्तों को प्रतिबंधित करना और उनके पालन-पोषण के लाइसेंस को रद्द करना समय की मांग है। याचिका में दावा किया गया कि यह केंद्र और राज्य सरकार का कर्तव्य है कि लोगों के हित में काम करे और ऐसे खतरनाक नस्लों के कुत्तों के काटने की किसी भी बड़ी घटना के जोखिम से नागरिकों के जीवन को बचाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। दरअसल ऐसे डॉग्स से मानव जीवन पर प्रहार हो रहा है। जो लोग खतरनाक नस्ल के कुत्ते पालते हैं, उनसे दूसरो को तो खतरा होता ही है, उनकी अपनी जान का भी खतना बना रहता है। स्ट्रीट डॉग से भी बाहरी लोगों का लगातार खतरा रहता है। कुत्तों की संख्या में लगातार वृद्धि होने से मानव जीवन पर संकट आ गया है। बिना वजह लोगों का मरना चिंता विषय है। सुप्रीम कोर्ट भी इस पर संज्ञान ले चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सरकार को

**हाई कोर्ट ने पिटबुल, टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग और रॉटविलर जैसे खतरनाक नस्ल के कुत्तों को रखने के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने और रद्द करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार को तीन माह के अंदर निर्णय लेने के लिए कहा। अदालत ने याचिकाकर्ता बैरिस्टर लॉ फर्म के प्रतिवेदन पर जल्द से जल्द विचार करने को कहा है।**

एक्शन लेने आदेश दिया था। कुत्तों के काटने के कारण हुई मौतों में करीब 36 फीसदी लोगों की मौत रेबीज की वजह से होती है। बड़ा तथ्य यह है कि अधिकांश मामले तो रिपोर्ट ही नहीं होते। भारत में सबसे ज्यादा लावारिस कुत्ते हैं। हमारे यहां ऐसा कानून है ऐसे डॉग्स को मारा नहीं जा सकता। इसकी वजह से इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे मानव जीवन पर संकट बना हुआ है। इसके अलावा लावारिस पशुओं की वजह से हर रोज कई लोगों की जान जा रही है। इसके बचाव लिए सरकारों के पास कोई भी प्लान नही हैं। दुखद यह है कि वाघ बकरी के मालिक पराग देसाई भी डॉग अटैक का शिकार होकर चल बसे। इस हाई प्रोफाइल व्यक्ति की मौत पर कई दिनों तक चर्चा हुई। हालांकि देश में हर रोज ऐसी सैकड़ों मौतें होती हैं। कुछ समय पहले दिल्ली में एक प्रोफेसर को कुत्तों ने नोच-नोच कर मार डाला था। दरअसल ऐसी मौतों को हत्या नहीं माना जा सकता, लेकिन यदि इसकी गंभीरता को समझा जाए तो यह सवालों के घेरे में संबंधित विभाग आता है, क्योंकि लावारिस कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए अच्छा खासा बजट होता है। कई बार तो ऐसी खबरें सामने आई हैं जब छोटे बच्चों को भी कुत्तों ने नोच कर खा लिया। बीते दिनों एक खाना देने वाले डिलीवरी ब्वॉय को पीछे कुत्ते पड़ गये। वह जान बचाकर भागा। मोटरसाइकिल की गति तेज कर दी। इससे बैलेंस नहीं बन पाया और एक खंभे से टकरा कर बेमौत मारा गया। एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लावारिस कुत्तों के हमले भारत में होते हैं। इस मामले में याचिकाकर्ता बैरिस्टर लॉ फर्म ने आरोप लगाया था कि खतरनाक नस्लों के कुत्ते भारत सहित 12 से अधिक देशों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन दिल्ली नगर निगम अभी भी इनका पंजीकरण पालतू जानवर के रूप में कर रहा है। ऐसे कुत्तों की खरोद-फरोख्त करने वालों को भी यह समझना होगा कि वह इन नस्लों को आगे न बढ़ाएं और पालें। दरअसल देशभर के तमाम लोग खतरनाक कुत्तों को प्रजनन करके उनको बेचने का व्यापार करते हैं। यदि सरकार इनको रखने के लिए लाइसेंस नहीं भी देगी तो वह चोरी से इनको रखेंगे। इसलिए सरकार को इसके लिए विशेष अतिरिक्त विभाग बनाकर बड़ा काम करना होगा।

**■ योगेश कुमार सोनी**

## है न विचित्र बात !

# लिव इन रिलेशन

**लिव**-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश में कानूनी मान्यता हासिल हो चुकी है। भारत में लिव-इन रिलेशनशिप को 1978 में कानूनी मंजूरी मिली थी। उस समय बद्री प्रसाद बनाम डायरेक्टर ऑफ कंसॉलिडेशन नामक एक मुकद्दमे में सर्वोच्च न्यायलय ने पहली बार लिव-इन रिलेशनशिप को वैध ठहराया था। इसके बाद 2010 में महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को कानूनी मान्यता दी गई थी। परन्तु कानूनी मान्यता मिलने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में बनने वाले शारीरिक रिश्ते अर्थात बिना शादी किये एक ही घर में एक साथ रहने पर सामाजिक दृष्टिकोण से बार-बार सवाल उठते रहे हैं। लिव-इन रिलेशनशिप कानून के पक्षधर इसे मूलभूत मानवीय अधिकारों और लोगों के व्यक्तिगत जीवन के विषय के रूप में देखते हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक बड़ा वर्ग इस व्यवस्था को भारतीय सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विरुद्ध मानता हैं। यह वर्ग इसे गैर पारंपरिक,अनैतिक यहां तक कि अधार्मिक भी मानता है। जबकि अदालत अपने निर्णय में स्पष्ट कर चुकी है कि 'लिव-इन रिलेशनशिप को पर्सनल ऑटोनॉमी यानी व्यक्तिगत स्वायत्ता के चश्मे से देखने की जरूरत है, ना कि सामाजिक नैतिकता की धारणाओं से।' फिर भी 1978 में कानूनी मंजूरी मिलने के बावजूद अर्थात 45 वर्षों बाद भी इस कानून के विरुद्ध अभी भी देश के किसी न किसी भाग से स्वर उठते ही रहते हैं। परन्तु लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को अदालतें यही कहकर संरक्षण देती रही हैं कि ये विषय 'संविधान के आर्टिकल 21 के तहत दिए राइट टू लाइफ' की श्रेणी में आता है। सर्वोच्च न्यायालय तो यहाँ तक कह चुकी है कि 'शादीशुदा होने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में रहना भी कोई गुनाह नहीं है। और इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता कि शादीशुदा व्यक्ति ने तलाक की कार्रवाई शुरू की है या नहीं। निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला उन मानवाधिकारों की तर्जुमानी करता है जिसके तहत किसी भी व्यस्क व्यक्ति को अपने जीवन व भविष्य के बारे में निर्णय लेने का अधिकार हासिल है। जाहिर है जब किसी व्यस्क को अपनी मर्जी का कपड़ा पहनने, खाने-पीने, अपने शैक्षिक विषय चुनने, अपना कैरियर चुनकर भविष्य निर्धारित करने जैसे सभी अधिकार हासिल हैं फिर उसे अपना जीवन साथी चुनने जैसा महत्वपूर्ण निर्णय लेने का भी हक होना चाहिये। क्योंकि यह निर्णय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2006 के ऐसे ही एक मामले में फैसला देते हुए कहा था कि, 'वयस्क होने के बाद व्यक्ति किसी के साथ रहने या शादी करने के लिए आजाद है।' परन्तु इसी दौरान लिव-इन रिलेशनशिप में ही रहने वालों से सम्बंधित कई खबरें ऐसी भी आ चुकीं हैं जो घोर अपराधपूर्ण तथा रिश्तों में विश्वासघात या धोखा साबित हुईं। कहने को तो यह नकारात्मक स्थितियां उस वैवाहिक रिश्तों के बाद भी सामने आती हैं जिन्हें पारंपरिक विवाह या 'अरेंज मैरिज' कहा जाता है। परन्तु यह भी सच है कि सामाजिक व धार्मिक परम्परानुसार होने वाली शादियों में आने वाले किसी भी उतार चढ़ाव के समय परिवार व समाज बच्चों के साथ खड़ा होता दिखाई देता है। किसी भी पारिवारिक संकट के समय बच्चों के परिजन उनके साथ होते हैं। परन्तु लिव इन रिलेशन शिप में ऐसा नहीं हो पाता। क्योंकि चूँकि लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश की परम्पराओं व मान्यताओं के अनुसार अनैतिक माना गया है इसलिये प्रायः लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के इच्छुक लड़के या लड़की दोनों ही के परिजन इस रिश्ते में रहने के लिये शुरू से ही राजी नहीं होते। और यदि राजी होते भी हैं तो बच्चों के दबाव में आकर ही अपने अभिभावकों को इस रिश्ते में रहने के लिये किसी तरह अनमने तरीके से राजी कर लेते हैं।

**■ निर्मल रानी**

# अब कौन पहुंचायेगा सरकारी संपत्ति को नुकसान?

**जिस** बात का देश से प्रेम करने वाले हरेक नागरिक को दशकों से इंतजार था, वह अब हो गई है। अब किसी आंदोलन के दौरान कथित आंदोलनकारी सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगे। यदि नुकसान पहुंचाया तो उन्हें सख्त सजा होगी। हमारे यहां सरकार से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करने वाले आमतौर पर सरकारी बसों, इमारतों, रेलों और दूसरी सार्वजनिक संपतियों को बेशर्मी से तोड़ते रहे हैं। कहना न होगा आजाद भारत में इस कारण से सत्तर सालों में अरबों-खरबों रुपये का नुकसान हुआ। जिन्होंने नुकसान किया उन्हें किसी ने कुछ नहीं कहा। वे दशकों से मौज करते रहे। उनमें से कई बड़े नेता भी बन गये। पर अब आगे किसी ने सरकारी संपत्तियों को हानि पहुंचाई तो लेने के देने पड़ जायेंगे। इसलिए ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से पिछले मंगलवार को संसद में पेश भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 के अपडेटेड वर्जन में आतंकवाद के कृत्यों से निपटने वाली धारा 113 में संशोधन किया गया है। इसमें 'आतंकवादी कृत्य' में देश की आर्थिक सुरक्षा और मौद्रिक स्थिरता पर हमले भी शामिल किये गये हैं। संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाये गये संशोधनों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र में सदन में पेश किये गये भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने मंजूरी दी। इसके बाद उन्होंने नये विधेयकों को पेश किया। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 113(1) में प्रावधान है कि अगर कोई व्यक्ति ऐसी मंशा या हरकत करता है, जिससे देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता को नुकसान या खतरा पैदा होता है, या आतंकी घटना की मंशा रखता हो, आतंकी हमले करता हो, इसके लिए बम, हथियार, केमिकल, बॉयोलॉजिकल हथियार और जहर आदि का इस्तेमाल करता हो, जिससे जान-माल का नुकसान हो तो ऐसे मामले में दोषी शख्स को उम्रकैद या फांसी की सजा तक हो सकती है। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 113(5) में कहा गया है कि अगर कोई शख्स भारत की रक्षा परिसंपत्ति को नुकसान पहुंचाता हो या अन्य तरह की सरकार की ऐसी संपत्ति को नुकसान पहुंचाता हो तो वह आतंकवाद यानी टेरर एक्ट माना जायेगा। इसी कानून की धारा 113(बी) में कहा गया- अगर कोई संवैधानिक पद पर बैठे या पब्लिक फंक्शनरी पर हमला करता है या अगवा करता है या ऐसी मंशा रखता है तो ऐसे मामले को भी टेरर एक्ट माना जायेगा। इससे मौत होने पर उम्रकैद और फांसी की सजा का प्रावधान है। आपको याद होगा कि नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) के खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए थे। कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रुख भी अख्तियार कर लिया। दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्रों ने भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बसें और दूसरी गाड़ियां जला दीं थीं। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि छात्रों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन कोर्ट ने प्रदर्शन के दौरान हुए सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान पर नाखुशी जाहिर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि छात्रों को बसें जलाने का अधिकार किसने दे दिया? कोर्ट ने छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी बात रखने के लिए उन्हें सड़क पर उतरने का अधिकार तो है लेकिन, वो अगर सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान करेंगे तो कोर्ट उनकी बात नहीं सुनेगा। अक्सर विरोध प्रदर्शनों में सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान होता है। कभी बसें जला दी जाती हैं, कभी ट्रेनों पर पथराव होता है, कभी सरकारी इमारतों में तोड़-फोड़ होती है, तो कभी सरकारी ट्रांसपोर्ट व्यवस्था का नुकसान किया जाता है। ये सवाल बार-बार पूछा जाता था कि अगर विरोध प्रदर्शन में सरकारी संपत्ति का नुकसान होता है तो इसका जिम्मेदार कौन है? अब स्थिति साफ हो गई है। अब किसी ने सरकारी संपत्ति को हानि पहुंचाई तो लेने के देने पड़ जायेंगे। कहना ना होगा कि विरोध प्रदर्शन के कारण भारतीय रेलवे को तो हमेशा बलि का बकरा ही समझा जाता है। रेलवे को पिछले तीन सालों में लगभग 262 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है और रेलवे को सबसे ज्यादा नुकसान 2022 में हुआ है। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ समय पहले संसद में बताया था कि बीते तीन सालों में यानी कि 2020, 2021 और 2022 में भारतीय रेलवे को 1.78, 0.68 और 259.44 करोड़ रुपये का नुकसान विरोध प्रदर्शनों के दौरान रेलवे संपत्ति को क्षति पहुंचाने के कारण हुआ है। 2022 में भारतीय सेना द्वारा सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना लाई गई थी जिसका देश के कई राज्यों में काफी विरोध हुआ था। उस समय रेलवे की संपत्ति में तोड़फोड़ की कई घटनाएं सामने आई थीं। वहीं कई ट्रेनों को भी प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया था। दरअसल सरकारी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कानून पहले भी था। उसे सार्वजनिक संपत्ति नुकसान रोकथाम अधिनियम 1984 कहते थे। इसके प्रावधानों के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का दोषी साबित होता है तो उसे 5 साल की सजा हो सकती थी। इसमें जुर्माने का भी प्रावधान था। ऐसे मामलों में दोषी पाये जाने पर सजा और जुर्माना दोनों हो सकता था। पर पुराना कानून कमजोर पड़ रहा था या कहें कि उसका असर नहीं हो रहा था। इसलिए नये और सख्त कानून की दरकार थी। सुप्रीम कोर्ट को भी हमेशा लगता रहा कि इस मामले में और भी उपाय किये जाने की जरूरत है। 2007 में सार्वजनिक संपत्ति के भीषण नुकसान की खबरों पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। उस वक्त हिंसक विरोध प्रदर्शन, बंद और हड़ताल में सरकारी संपत्ति का खूब नुकसान हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में कानून में बदलाव के लिए दो कमेटी बनाई थी। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज केटी थॉमस और सीनियर वकील फली नरीमन को कमेटियों का प्रमुख बनाया गया था। 2009 में इन दोनों कमेटियों की सलाह पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी और सार्वजनिक संपत्ति को लेकर कुछ गाइड लाइंस जारी किये थे। कहना न होगा कि अब एक उम्मीद पैदा हुई है कि सरकारी संपत्ति से तोड़फोड़ करने से पहले देश के दुश्मन 10 बार सोचेंगे। **(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

**संसद में पेश भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 के अपडेटेड वर्जन में आतंकवाद के कृत्यों से निपटने वाली धारा 113 में संशोधन किया गया है। इसमें 'आतंकवादी कृत्य' में देश की आर्थिक सुरक्षा और मौद्रिक स्थिरता पर हमले भी शामिल किये गये हैं। संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाये गये संशोधनों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र में सदन में पेश किये गये भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने मंजूरी दी।**

**■ आर.के. सिन्हा**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव में शामिल हो सकते हैं मोदी व राष्ट्रपति

**अयोध्या।** जगदगुरु रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव की तैयारी तेज हो चली है। अमृत महोत्सव के क्रम में रामनगरी में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक अनुष्ठान की तैयारी है। 22 जनवरी को समापन कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं। रामभद्राचार्य की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदि मुर्मू को भी आमंत्रण भेजा गया है। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी आमंत्रित किया गया है। रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने बताया कि कार्यक्रम में करीब एक लाख भक्तों के आने की संभावना है। इसके अलावा आठ राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी आमंत्रित किये जा रहे हैं।

### नए सीएम भजनलाल शर्मा ने पेपर लीक मामले में एसआईटी का किया गठन

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पेपर लीक मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने की घोषणा की है। सीएमओ में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, ₹युवाओं का भविष्य दांव पर लगाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में पेपर लीक न हो। आरोपियों को सजा दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा, किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में संगठित अपराध को खत्म करने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का भी संकेत दिया है। भजनलाल ने कहा, ₹हम अपने घोषणा पत्र के आधार पर काम करेंगे। हम जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे और अंतिम व्यक्ति को समर्थन देने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए जिस तरह का काम किया है।

# 10 दिन में ही धंसी 7 करोड़ की नहर, खुल गई पोल



**एजेंसी। भोपाल**
भोपाल के कोलार क्षेत्र में 7 करोड़ की लागत से बनी नहर 10 दिन भी नहीं टिक पाई। गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात नेहर पूरी तरह से धंस गई। दरअसल यहां गेंहुखेड़ा से हिनोतिया आलम तक नहर को पक्का करने का काम किया जा रहा है। लेकिन यह नहर बनने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इसका 50 फीट एरिया रात में अचानक जमीन में धंस गया। अब जिम्मेदार अधिकारी जांच की बात कर रहे हैं। वहीं स्थानिये लोगों का आरोप है कि नहर निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। पूर्व में शिकायत करने पर भी इस पर एक्शन नहीं लिया गया। अब परिणाम सबके सामने है।

**एक साल पहले हुआ था टेंडर :** बता दे, करीब 1 साल पहले जल संसाधन विभाग ने इस नहर को पक्का किए जाने का टेंडर जारी किया था। इस टेंडर की लागत 7 करोड़ 4 लाख रुपए तय की गई थी। इसके बाद निर्माण के लिए इस नहर को लोक निर्माण विभाग के जिम्मे कर दिया गया था। इसके बाद कोलार के गेंहुखेड़ा से प्रियंका नगर, बैरागढ़ चीचली होते हुए हिनोतिया आलम तक इसका निर्माण कार्य किया जा रहा था। लेकिन इसके पूरा होने से पहले ही नहर ने जवाब दे दिया।

**पायलट प्रोजेक्ट हुआ था शुरू :** बताया जा रहा है कि यह जल संसाधन विभाग का एक पायलट प्रोजेक्ट है। इसके सफल होने के बाद इसे प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किया जाना है। विभाग के अनुसार कोलार में सड़क निर्माण के लिए जगह की आवश्यकता थी। इसके साथ ही नहर के खुले होने के कारण उसमे गंदगी भी होती थी। इसलिए इसे पक्का किया जा रहा था। इसके साथ ही पाइपलाइन से पानी सप्लाई होने से पानी की चोरी पर भी रोक लगती।

**अधिकारियों का कहना :** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री नितिन कोहिकर का कहना है कि नहर को पक्की करने का काम लोक निर्माण विभाग कर रहा है इसमें अगर गड़बड़ी हुई है तो हम इसकी जांच करवाएंगे। वहीं लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ डीके शर्मा का कहना है कि वे अभी सीएम ड्यूटी में व्यस्त हैं।

### विपक्ष ने संसद सुरक्षा उल्लंघन पर ममता बनर्जी की चुप्पी पर उठाया सवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विपक्षी दलों ने मास्टरमाइंड के राज्य से संबंध होने के खुलासे के बीच संसद सुरक्षा उल्लंघन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर सवाल उठाया है। मास्टरमाइंड ललित झा के माओवादियों से संभावित संबंध भी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में आ गए हैं। भाजपा ने पहले ही वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस विधायक तापस रे के साथ झा की तस्वीर पोस्ट करके सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी सहित वरिष्ठ भाजपा ने मुख्यमंत्री की चुप्पी को लेकर उन पर हमला बोला है। जबकि मालवीय ने कहा है कि मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के विधायक के साथ ललित झा के संबंध के बारे में चुप नहीं रह सकते हैं, अधिकारी ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ दल पर राज्य में विभाजनकारी और अलगाववादी तत्वों को सीधे संरक्षण देने का आरोप लगाया।

### बंगाल के राज्यपाल को छात्रों के समूह ने काले झंडे दिखाए



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को बर्धमान विश्वविद्यालय में छात्रों के एक समूह ने कथित तौर पर काले झंडे दिखाए। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की छात्र शाखा तृणमूल छात्र परिषद के प्रवक्ता ने दावा किया कि परिषद के सदस्यों ने विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की अनुपस्थिति पर गुस्सा व्यक्त करते हुए बोस की कार के परिसर में प्रवेश करने पर काले झंडे दिखाए। बोस विश्वविद्यालय के पदेन कुलपति भी हैं। छात्र नेता ने कहा, पूर्णकालिक कुलपति की अनुपस्थिति हमारे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों में बाधा डाल रही है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि जब राज्यपाल परिसर के अंदर सभागार के पास अपनी कार से उतरे तो विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और इस दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

### आईईडी विस्फोट में शामिल 4 सक्रिय नक्सली गिरफ्तार



कांकेर । जिले के थाना परतापुर सडकटोला में दो दिन पूर्व हुए आईईडी विस्फोट में शामिल साक्रिय 04 नक्सलियों मुकुंद नरवास पिता सदाराम उम्र 45 वर्ष, जग्गू राम आंचला पिता मनीराम आंचला उम्र 45 वर्ष, अर्जुन पोटाई पिता रैजू राम पोटाई उम्र 26 वर्ष, एवं दशरथ दुग्गा पिता गस्सु राम उम्र 35 वर्ष सभी निवासी परतापुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्स्लियों को अभिरक्षा में लेकर अपराध के संबंध में पूछताछ करने पर अपराध कारित करना कबूल करने पर आज शनिवार को थाना परतापुर में कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उल्लेखनिय है कि थाना परतापुर से दो दिन पूर्व बीएसएफ के जवान सर्चिंग पर ग्राम सडकटोला की ओर निकले थे, जिस पर नक्सलियों ने परतापुर सडकटोला के पास पूर्व से घात लगाकर आईईडी विस्फोट कर दिया था। इस नक्सली वारदात में बीएसएफ के प्रधान आरक्षक अखिलेश कुमार राय निवासी गाजीपुर उत्तर प्रदेश बलिदान हो गये थे।

### पत्नी को विधवा के रूप में किया पेश

# उद्योगपति को हनी ट्रैप में फंसाया



**एजेंसी। बेंगलुरु**
सेंट्रल सिटी क्राइम ब्रांच (सीसीबी) की स्पेशल विंग ने एक उद्योगपति को हनी ट्रैप में फंसाने के आरोप में एक शादीशुदा जोड़े समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच से पता चला कि पति ने अपनी पत्नी को विधवा के रूप में दशार्या था और उसे फंसाने और पैसे ऐंठने के लिए एक उद्योगपति के साथ भेजा था। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान खलीम, सभा, ओबेद रकीम और अतीक के रूप में की गई है। खलीम और सभा नामक एक विवाहित जोड़े ने एक उद्योगपति अतीउल्लाह को फंसाने का प्रयास किया। खलीम ने अपनी पत्नी सबा का परिचय अतीउल्ला से विधवा के रूप में कराया और उसकी देखभाल करने को कहा। जल्द ही अतीउल्लाह और सभा के बीच शारीरिक नजदीकियां बढ़ गईं। उसने पीड़िता को आरआर नगर इलाके में एक होटल का कमरा बुक करने के लिए आधार कार्ड के साथ आने के लिए कहा। जब अतीउल्लाह होटल के कमरे में दाखिल हुआ, तो आरोपी अंदर घुस आया और उसके परिवार से उसके अफेयर को छुपाने के लिए उससे 6 लाख रुपये की मांग की। जब आरोपी हंगामा कर रहे थे तो सीसीबी पुलिस को सूचना मिली और उन्होंने होटल पर छापा मारा। अधिकारियों ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया और हिरासत में ले लिया। पुलिस को संदेह है कि आरोपी हनी ट्रैपिंग और जबरन वसूली के कई मामलों में शामिल हो सकते हैं। आरआर नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की जा रही है और आगे की जांच चल रही है।

### कांग्रेस की नूरबानो की दावेदारी से इंडिया गठबंधन में बढ़ेगी रार

# रामपुर सीट पर सपा के आजम खां का है दबदबा



**एजेंसी। रामपुर**
10 साल तक चुनावी राजनीति से दूर रहने के बाद नवाब खानदान की बहू बेगम नूरबानो ने एक बार फिर से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। इस एलान से जहां रामपुर के सियासी समीकरण बदलेंगे, वहीं इस घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन में रार बढ़ने की भी संभावना है। इसके पीछे वजह यह है कि रामपुर लोकसभा सपा की सीट मानी जाती है, लेकिन कांग्रेस नेता द्वारा यहां से दावेदारी करने से गठबंधन में रार बढ़ सकती है। रामपुर की दो बार सांसद रह चुकीं बेगम नूरबानो ने बृहस्पतिवार को कांग्रेसियों के साथ हुई बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए ताल ठोंकने की घोषणा कर दी। इस घोषणा से सियासी जानकार भी हैरत में हैं। उनका कहना है कि इससे घोषणा से रामपुर की सियासत में नए समीकरण बनकर तो उभरेंगे ही साथ ही इंडिया गठबंधन में दरार भी बढ़ सकती है। इंडिया गठबंधन में अभी सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है, लेकिन रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता आजम खां का खासा दबदबा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब सपा-बसपा गठबंधन था तब भी यह सीट सपा के खाते में गई थी और आजम खां चुनाव लड़े थे और जीते थे।

### धार्मिक स्थलों से उतारे गए लाउडस्पीकर, सभी समुदायों ने मुख्यमंत्री के फैसले का किया स्वागत




ग्वालियर। मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाने एवं कोलाहल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का पालन करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया गया है। जिस पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश चंदेल ने धर्म गुरुओं के साथ मीटिंग कर के धार्मिक स्थलों मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा चर्च आदि से लाउड स्पीकर हटाने व विधिवत अनुमति लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इस बीच थाना हस्तिनापुर में एसडीओपी बेहट् संतोष पटेल और एसडीएम इसरार खान के द्वारा समन्वय से मीटिंग ली गई, जिसमें सिरसोद गांव के मुस्लिम भाइयों ने शासन के आदेश का सम्मान करते हुए ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए स्वेच्छा से मस्जिद से लाउड स्पीकर को निकाला गया। सिरसोद मस्जिद के इमाम उजर अहमद व गांव के बुजुर्ग शमशाद अली व पूर्व सरपंच आबिद अली के साथ मिलकर मुस्लिम भाइयों ने जुम्मे की नमाज से पहले मस्जिद के बाहर लगे चार चुंगों हो हटाकर शासन के निर्देश का स्वागत किया।

# मुख्तार को 15 महीने में सातवीं बार सजा, हत्या मामले में उम्रकैद

**एजेंसी। वाराणसी**
कोयला व्यवसायी नंद किशोर रुंगटा के अपहरण के मुकदमे की पैरवी करने पर उनके भाई और परिजनों को बम से उड़ाने की धमकी देने के 26 वर्ष पुराने मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया गया। साथ ही साढ़े पांच साल की सजा सुनाई गई। 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना राशि न देने पर दो महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मुख्तार को अब तक प्रदेश की अलग-अलग अदालतें सात मामलों में सजा सुना चुकी हैं। वाराणसी की अदालत ने दूसरे मामले में सजा सुनाई है। इससे पहले अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन प्रथम) / एमपी-एमएलए कोर्ट के प्रभारी उज्वल उपाध्याय की अदालत ने व्यापारी और उसके परिजनों को धमकाने के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) के सरगना मुख्तार अंसारी को दोषी पाया। अभियोजन के मुताबिक, कोयला व्यवसायी और विश्व हिंदू परिषद के तत्कालीन कोषाध्यक्ष नंद किशोर का रुंगटा का अपहरण बनारस स्थित उनके ऑफिस से 22 जनवरी 1997 को किया गया था। मुख्तार अंसारी गिरोह को सवा करोड़ रुपये की फिरौती देने के बाद भी नंद किशोर रुंगटा का पता नहीं लगा। अपहृत व्यापारी के भाई महावीर प्रसाद रुंगटा के अनुसार, उनके भाई के प्रकरण की सीबीआई जांच का आवेदन मंजूर हो गया था। उसकी पैरवी कोर्ट में की जा रही थी। पांच नवंबर 1997 की शाम पांच बजे जवाहर नगर एक्सटेंशन स्थित उनके आवास के लैंडलाइन नंबर पर मुख्तार अंसारी का फोन आया।

# प्रदेश में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे आया



**एजेंसी। भोपाल**
मध्य प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान रोज लुढ़क रहा है। शुक्रवार को कई जगह पारा 10 डिग्री के नीचे आ गया। वहीं, कुछ स्थानों पर ये 15 डिग्री के नीचे रहा। तापमान में आगे और गिरावट का अनुमान है। तापमान गिरने से ठिठुरन बढ़ गई है। सबसे कम तापमान राजगढ़ में बना हुआ है। यहां शुक्रवार को पारा 7.0 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। प्रदेश में यहां रात सबसे ठंडी रही। जबकि दिन में पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा यहां अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा अधिकतम तापमान भोपाल संभाग के जिलों में काफी बढ़ा एवं शेष सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। न्यूनतम तापमान में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। यहां छाएगा कोहरा । ग्वालियर, दतिया, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले में हल्का कोहरा छाएगा। इसके कारण दृश्यता कम रहेगी। दिन में मौसम साफ रहेगा। धूप खिली रहेगी।

**प्रमुख शहरों यह रहा तापमान**

दमोह में 9.5 जबलपुर में 7.8 मंडला में 8.6 रीवा में 8.5 सतना में 9.8 सीधी में 9.6 मलाजखंड में 8.9 दतिया में 9.0 गुना में 9.0 ग्वालियर में 8.6 पचमढ़ी में 7.2 रायसेन में 9.4 और राजगढ़ में 7.0 डिग्री सेंटीग्रेड न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। जबकि बैतूल में 12.0, भोपाल में 10.8, धार में 12.5, नर्मदापुरम में 14.7, इंदौर में 14.2, खंडवा में 12.0, खरगोन में 11.8, रतलाम में 12.0, उज्जैन में 13.0, टीकमगढ़ में 13.0, सिवनी में 10.6, सागर में 12.2, नरसिंहपुर में 14.4 और खजुराहो में 10.0 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।

### ज्ञानवापी को लेकर एक और केस

# नंदी महाराज का महादेव से साक्षात्कार कराने की मांग



**एजेंसी। वाराणसी**
वाराणसी के सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में ज्ञानवापी प्रकरण से संबंधित एक और मुकदमा शनिवार को दाखिल हुआ। नंदी महाराज विराजमान बनाम यूनियन आफ इंडिया व अन्य का यह मुकदमा लखनऊ की रहने वाली आकांक्षा तिवारी व चार अन्य लोगों द्वारा न्यायालय में दाखिल किया गया है।
अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि ज्ञानवापी प्रकरण से संबंधित वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से मांग की गई है कि भगवान नंदी महाराज ज्ञानवापी स्थित कथित मस्जिद के बाहर सदियों से प्रतीक्षित हैं। खसरा नंबर 9130 में अवस्थित कथित ज्ञानवापी मस्जिद से मुक्ति कर भगवान आदि विशेश्वर से नंदी महाराज का देवाधिदेव महादेव से साक्षात्कार कराया जाए।

### चिकित्सा, समाज के प्रति सेवा है, व्यवसाय नहीं : मांडविया

**लखनऊ।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि चिकित्सा, समाज के प्रति सेवा है, व्यवसाय नहीं। हमारी संस्कृति में अस्पताल मंदिर है और डाक्टर को ईश्वर माना गया है। उन्होंने कहा कि यह चरक और धन्वन्तरि का देश है। गुलामी के प्रतीकों को तोड़कर हमें आगे बढ़ना है। डॉ. माडविया ने संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के 28वें दीक्षांत समारोह में संस्थान के छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हमारे लिए राष्ट्र ही प्रथम हो। इसके लिए राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज से ही स्वस्थ राष्ट और सफल राष्ट्र बनता है। अमृत काल में हम सभी की जिम्मेदारी बढ़ गयी है। सन् 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आपकी एक जीवन शैली समाप्त हुई है व दूसरी शुरू हुई है।

## आस्था

### राम राम रटते हुए उज्जैन से अयोध्या को निकले राजवर्धन

# 22 जनवरी को पूरी होगी 900 किमी की पैदल यात्रा



**एजेंसी। उज्जैन**
राम-नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं, जिन पर कृपा राम करे वो पत्थर भी तिर जाते हैं...। इन्हीं पंक्तियों को आधार बनाकर उज्जैन शहर का एक युवक प्रभु श्री राम का नाम लेकर 900 किमी की पैदल यात्रा पर निकल पड़ा। जो 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाले मंदिर के शुभारंभ समारोह और प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य समारोह में शामिल होगा। यह युवक है उज्जैन शहर का राजवर्धन सिंह सिसौदिया जो कि 13 दिसंबर 2023 को उज्जैन से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। 900 किमी की यात्रा कर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या पहुंचेगा। राजवर्धन ने बताया कि वह एक दिन में 30 से 35 किमी की यात्रा करेगा। राजवर्धन दो दिन में 65 किमी की पैदल यात्रा तय कर अब तक शाजापुर जा पहुंचा है। उसका एक ही लक्ष्य है कि वह प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बने और मंदिर में विराजे रामलला को अपनी आंखों से देख सके। यही वजह है कि युवक ने पहले बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया और भगवान श्री राम का नाम लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ कर दी।

### प्रभु श्री राम के भक्त हैं राजवर्धन

**राजवर्धन ने बताया कि वह बचपन से ही प्रभु श्री राम और हनुमानलला की पूजा करता आ रहा है। उसने तय किया था कि जब मंदिर बनकर तैयार होगा और वहां रामलला की स्थापना होगी वह वहां जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन करेगा। अब वो दिन आ गया है, जिसके चलते उसने तय किया और भगवान राम के दर्शन का लक्ष्य लेकर उसने यात्रा शुरू कर दी। राजवर्धनसिंह सिसौदिया (राज बन्ना) ने श्री अवंतिका नगरी से श्री अयोध्या नगरी तक पैदल यात्रा प्रारंभ कर दी है। बाबा महाकाल के दर्शन कर वे पैदल यात्रा पर रवाना हुए। शक्ति दूत टीम के अजय देवड़ा, दर्पण मेवाड़ा, ललित प्रजापति, कमल पोरवाल, नवीन केमकार, निखिल चौहान, गौरव आदि ने यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व महाकाल लोक में राजवर्धन सिसौदिया का अभिनंदन कर स्वागत किया। और राजवर्धन सिसोदिया का हौसला भी बढ़ाया।**

### मारपीट के मामले में आप विधायक 3 दिन की पुलिस हिरासत में

**अहमदाबाद।** गुजरात की एक अदालत ने शुक्रवार को गुजरात के राजपीपला निर्वाचन क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा को मारपीट के एक मामले में तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। यह मामला आप नेता के आवास पर वन विभाग के अधिकारियों के कथित हमले से संबंधित है। वसावा ने मामले के सिलसिले में 14 दिसंबर को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्हें नर्मदा जिले के डेडियापाडा की एक अदालत ने पुलिस हिरासत में भेज दिया था। राजपीपला से विधायक के साथ देडियापाडा कोर्ट तक नर्मदा पुलिस पहुंची। नर्मदा जिला पुलिस ने एक रिमांड आवेदन दायर किया था। जिसमें वन अधिकारियों को डराने के लिए वसावा द्वारा कथित तौर पर हवा में फायरिंग करने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद करने के लिए गहन जांच की जरूरत का हवाला देते हुए, विधायक की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया गया था।

### खुली पोल : 6.5 करोड़ खर्च, स्कूलों में न बिजली पहुंची न फर्नीचर

# गलन भरी ठंढ में फर्श पर बैठेंगे नौनिहाल



**नवीन मेल संवाददाता। बहराइच**
बहराइच जिले के सरकारी विद्यालयों के कायाकल्प के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए लेकिन तमाम विद्यालय वैसे ही पड़े हैं। जिनका अभी तक कायाकल्प नहीं हो पाया है। कई विद्यालयों में फर्नीचर नहीं पहुंच सका है। जिन विद्यालयों में वायरिंग आदि कराई गई है, वहां घटिया किस्म के उपकरण लगाए गए हैं। पुलिस लाइन में पुराने जर्जर भवन में बच्चे बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं, विभाग 92 प्रतिशत विद्यालयों के कायाकल्प होने का दावा कर रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले में 2803 परिषदीय विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में पांच लाख से अधिक बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। इनमें तमाम ऐसे विद्यालय थे जिनका डीसी निर्माण की देख-रेख में कायाकल्प होना था। इसमें विद्यालयों की रंगाई-पुताई, 442 स्कूलों की चहारदीवारी निर्माण व मरम्मत, 77 बालक व 66 बालिका शौचालय निर्माण, 57 विद्यालयों का विद्युतीकरण, फर्नीचर आदि के लिए लगभग साढ़े छह करोड़ बजट से गांवों के विद्यालयों का पंचायत स्तर, शहरी क्षेत्र के नगर पालिका व नगर निकाय स्तर से कार्य होना था। वहीं कुछ विद्यालयों का कायाकल्प बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से कराया जाना था लेकिन जिले के तमाम विद्यालयों का अभी तक कायाकल्प नहीं हो पाया है। जिसे देखकर लगता है कि भवन काफी पुराने व जर्जर हो गए हैं। पुलिस लाइन स्थित संविलियन विद्यालय बदहाल हो गया है। इस विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के 204 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। पड़ताल की तो हकीकत सामने आई। यहां अधिकतम 50 बच्चे ही स्कूल पहुंचे, जिन्हें शिक्षक पढ़ा रहे थे। मरम्मत के अभाव में भवन जर्जर हो गया है। छत में सीलन है। दीवारों व छतों के प्लास्टर छूटकर गिर रहे हैं। दीवारों में दरारें आ गई हैं। फिर भी कमरे में बैठाया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यालय में साफ-सफाई का बड़ा अभाव है। हैंडपंप के चारों ओर गंदगी का अंबार है।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 57.700

चांदी (किलो) 77.500

## एक नजर

### विराट कोहली के रेस्टोरेंट में पीपीएल के गाने बजाने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को क्रिकेटर विराट कोहली के मालिकाना हक वाले रेस्टोरेंट में पीपीएल के कॉपीराइट वाले गाने बजाने पर रोक लगा दी। विराट कोहली के रेस्टोरेंट में ढढछ के गाने बजाने पर रोक, दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश दिया।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्पेन से 0-1 से हारी

**वालेंसिया।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पाँच देशों के टूनामेंट वालेंसिया 2023 के अपने पहले मैच में शुक्रवार को स्पेन से 0-1 से हार गई। मैच का एकमात्र गोल स्पेन के अल्वारो इग्लेसियस ने 29वें मिनट में किया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक-एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन कोई भी गोल करने में कामयाब नहीं हो पाई। दूसरे क्वार्टर में स्पेन ने आक्रमण किया और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, हालाँकि कृष्ण पाठक ने उसे बचा लिया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच अगला गोल करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली लेकिन कोई टीम गोल नहीं कर सकी।

### तीसरे व अंतिम टी-20 मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 106 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग।** तीसरे और अंतिम टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मैच में कल रात भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 106 रन से पराजित कर दिया। 202 रन के विशाल लक्ष्य के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 14वें ओवर में 95 रन पर आउट हो गई। भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने 17 रन देकर पांच खिलाडियों को आउट किया जबकि रवींद्र जडेजा ने दो विकेट लीं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 56 गेंदों पर शानदार शतक बनाया। यशस्वी जायसवाल ने 41 गेंद पर 60 रन बनाए। भारत की इस जीत से दक्षिण अफ्रीका के साथ प्रतियोगिता बराबरी पर छूटी।

### अयोध्या जाने के लिए दिल्ली, अहमदाबाद से शुरू होने वाली है फ्लाइट सेवा

**नई दिल्ली।** लोगों को अयोध्या तक पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी एयरलाइंस इंडिगो ने भी पूरी तैयारी कर ली है'इंडिगो ने बताया कि अहमदाबाद और दिल्ली से अयोध्या जाने के लिए केवल 2,999 रुपये किराए के साथ यात्रा की शुरूआत होगी. यात्री इंडिगो की आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से टिकट बुक करवा सकते हैं.

**दिल्ली से शुरू होगी कमर्शियलफ्लाइट :** 6 जनवरी 2024 से दिल्ली से अयोध्या जाने के लिए कमर्शियल फ्लाइट की शुरूआत होगी. जिसके लिए किराया 7799 रुपये तय हुआ है. ये फ्लाईट सुबह 11.55 बजे दिल्ली से निकलेगी और दोपहर 1.15 बजे अयोध्या पहुंचेगी।

# चोटिल मो. शमी दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से हुए बाहर, वन डे से हटे दीपक चाहर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। इसके अलावा तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। शमी की अनुपस्थिति दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने की कोशिश कर रहे भारत के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने केवल 64 टेस्ट मैचों में 27.71 की बहुत अच्छी औसत से 229 विकेट लिए हैं और 2021-22 में अपनी पिछली यात्रा पर टीम के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 21 की औसत से 14 विकेट लिए थे। हालांकि बीसीसीआई ने शमी के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है,टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए पांच तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा हैं। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर जोहान्सबर्ग में सिर्फ शुरूआती एकदिवसीय मैच का हिस्सा होंगे और टेस्ट से पहले इंट्रा-स्क्वाड रेड-बॉल अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में पारस म्हाम्ब्रे (गेंदबाजी कोच), विक्रम राठौड़ (बल्लेबाजी कोच) और टी. दिलीप (क्षेत्ररक्षण कोच) का कोचिंग स्टाफ एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा नहीं होगा।

**वन डे टीम**

**ऋतुराज गायकवाड़, साई सुधारसन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, आकाश दीप।**



# सेंट्रल इंडिया कॉउंसिल क्रिकेट श्रृंखला में लगा रनों का अंबार

**एजेंसी। रांची**

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के कोल्इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल के क्रिकेट श्रंखला के तीसरे दिन उषा मार्टिन स्कूल के मैदान में खेले गए दो मैचों में मेरठ ने किशनगढ़ एवं जयपुर ने रायपुर के ऊपर जीत दर्ज की क किशनगढ़ ने निर्धारित 20 ओवर्स पर अपने सारे विकेट खोकर 122 रन बनाये जवाब में मेरठ की टीम 20 ओवर्स में 6 विकेट खोकर 123 रन ही बना पायी। मेरठ के सभ्य कांत ने 4 ओवरों में 4 विकेट चटकाई और वो मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में जयपुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की एवं 6 विकेट खोकर 209 रन का लक्ष्य रायपुर के सामने रखा। अपनी धुआँधार गेंदबाजी से जयपुर से आयी टीम ने रायपुर को 16 ओवर्स में 87 रन में समेट दिया । जयपुर के सुनील मेहता ने 70 गेंदों में 5 छक्के और 20 चौकों के साथ 149 रन्स बनाकर मैन ऑफ द मैच का किताब हासिल किया। टॉरियन स्कूल में खेले गए पहले मैच में उदयपुर की टीम ने मेजबान टीम को 57 रनो से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उदयपुर की टीम ने 20 ओवर्स में 3 विकेट खोकर 188 रन बनाये। जवाब में रांची की टीम 131 रनो पर अपनी विकेट खोकर मैच हार गयी। उदयपुर के के पियूष मंडल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 47 रन बनाये एवं टीम के लिए 4 विकेट भी लिए। पियूष मंडल इस भिड़ंत के मैन ऑफ द मैच रहे। इस मैदान के दूसरे मैच में कानपूर ने पटना को 8 विकेट्स से मात दी। कानपूर के अनंत के 31 गेंदों पर 51 रन बनाया और आसानी से पटना द्वारा 126 रन के लक्ष्य को ध्वस्त किया।

## सरना रत्न दादा वीरेंद्र भगत स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट आरंभ

**एजेंसी। रांची**

हरमू मैदान में आदिवासी एकता मंच के बैनर तले शनिवार को सरना रन दादा वीरेंद्र भगत स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का पहला मैच भगत इलेक्ट्रॉनिक बनाम अंश क्लब कांके के बीच खेला गया, जिसमें भगत इलेकट्रोनिक विजय हुई। विजय गोल मोहन हांसदा ने किया जबकि दूसरे मैच में मेकन रांची ने जीत दर्ज किया। रोहित तिग्गा ने बिजयी गोल किया। उदघाटन कर्ता सरना रत्न दादा वीरेंद्र भगत के पिता विशवंभर भगत थे। मैच के मुख्य अतिथि नामकोम अंचल के अंचलाधिकारी श्अमित भगत थे। मैच के सफलतम आयोजन हेतु अनादि विनती की गयी। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष नारायण उरांव, मुख्य संरक्षक अमर उरांव, उपाध्यक्ष झरी लिंडा, हेमंत गाड़ी, सचिव राजु तिग्गा, उप सचिव पंकज टोप्पो, कोषाध्यक्ष सुधीर गाड़ी, उप कोषाध्यक्ष विशाल तिग्गा, संरक्षक बुधुवा उरांव, प्रभात तिर्की सुलेन गाड़ी, सोमा लकड़ा, सोमनाथ उरांव, रेनू उरांव, प्यारी उरांव, रायमुनी किस्पोट्टा, सोनी कच्छप,सुमन खलखो,जयन्ती उरांव, संध्या उरांव सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## दीप्ति शर्मा भारतीय टीम की बेन स्टोक्स हैं : अमोल मुजुमदार

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मुजुमदार ने खुलासा किया कि ऑफ स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को टीम की बेन स्टोक्स कहा जाता है। शनिवार की सुबह, दीप्ति ने अपने मैच का प्रदर्शन नौ विकेट तक बढ़ाया, दूसरी पारी में चार विकेट लिए, इसके अलावा बल्ले से 67 और 20 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले मैच में इंग्लैंड पर 347 रन की यादगार जीत हासिल की। दीप्ति को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच खत्म होने के बाद मुजुमदार ने प्रसारकों से कहा,आप स्टोक्सी के बारे में बात कर रहे हैं - मैं मजाक में उसे टीम का बेन स्टोक्स कहता हूं।

# पुरुष-महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता संपन्न

**एजेंसी। रांची**

पर्यटन कला , संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय रांची जिला पुरुष - महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में सम्पन्न । महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में अनगड़ा प्रखंड ने संघर्षपूर्ण मैच में ओरमांझी प्रखंड को 1-0 से पराजित कर जिला विजेता बना।अनगड़ा की ओर से एक मात्र गोल सीता कुमारी ने किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में बुण्डू प्रखण्ड ने रातू प्रखंड को 3-0 से हरा कर जिला विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। जबकि पूरे प्रतियोगिता एवं मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। प्रतियोगिता के दौरान महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनगड़ा की चमनी कुमारी एंव सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर ओरमांझी प्रखंड की आशा कुमारी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



## कमिंस को आईपीएल में मोटी रकम, लेकिन प्रदर्शन फीका रहेगा : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना। है कि 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आगामी आईपीएल नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को अच्छी खासी रकम मिल सकती है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि टूर्नामेंट के 2024 सीजन में इस तेज गेंदबाज के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप खिताब दिलाने वाले कमिंस ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण 2023 सीजन को छोड़ने से पहले, आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेला था।

# भारतीय खेल प्राधिकरण में स्कूल और उ. शिक्षा संस्थान फिट इंडिया सप्ताह संपन्न

**एजेंसी। लद्दाख**

लद्दाख में कारगिल स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केन्द्र में आज स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थान फिट इंडिया सप्ताह संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले एक सप्ताह के दौरान विभिन्न स्कूलों और कारगिल डिग्री कॉलेज में खेलों का आयोजन किया गया। वाद-विवाद और निबंध तथा चित्रकारी की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद-एलएएचडीसी, कारगिल के मुख्य कार्यकारी पार्षद डॉ. मोहम्मद जाफर आखोन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान भारतीयों के लिए एक वरदान है जिससे लोग चुस्त-दुरुस्त रह सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल का भविष्य उज्ज्वल है और लोग खेल को एक पेशे के रूप में अपना सकते हैं और सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों से लाभान्वित हो सकते हैं।

## व्यापार

# भारतीय रेल को पेंशन वितरित करने के लिए आरबीआई ने किया बंधन बैंक को अधिकृत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अखिल भारतीय सार्वभौमिक बैंक, बंधन बैंक ने आज घोषणा की है कि उसे रेल मंत्रालय की ओर से ई-पीपीओ के जरिये पेंशन के वितरण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अधिकृत किया गया है। लगभग 12 लाख कर्मचारियों की संख्या के साथ भारतीय रेल, देश का सबसे बड़ा नियोक्ता है। बैंक पेंशन वितरण प्रक्रिया को संचालित करने के लिए जल्द ही रेल मंत्रालय के साथ संबद्ध होगा। आरबीआई द्वारा बंधन बैंक को अधिकृत किये जाने से बैंक को रेल मंत्रालय के उन सभी कर्मचारियों को पेंशन वितरित करने में मदद मिलेगी, जो सेवानिवृत्त हो गए हैं। यह अधिदेश बैंक को 17 क्षेत्रीय रेलवे और भारतीय रेलवे की 8 उत्पादन इकाइयों सहित सभी कार्यालयों में हर साल लगभग 50,000 औसत भारतीय रेलवे सेवानिवृत्त लोगों तक पहुँच प्रदान करता है। इससे बंधन बैंक के मौजूदा और नए ग्राहकों को बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली विश्व स्तरीय बैंकिंग सेवाओं, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक विशेषाधिकार का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। पेंशनभोगियों को बंधन बैंक की 1640 से अधिक शाखाओं और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म तक पहुँच मिलेगी।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने अंग्रेजी के सामान्य शब्दों के लिए ट्रेडमार्क एकाधिकार को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि अंग्रेजी के आम बोलचाल के शब्दों को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत नहीं किया जा सकता है, और कोई भी व्यक्ति ऐसे शब्दों पर एकाधिकार का दावा नहीं कर सकता है। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने कहा कि अंग्रेजी के सामान्य शब्दों से युक्त ट्रेडमार्क के लिए पंजीकरण की अनुमति देने से पूरी भाषा के विनियोजन का जोखिम होगा, जो अस्वीकार्य है। अदालत ने कहा, आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द, या ऐसे शब्दों के गैर-विशिष्ट संयोजन पर किसी एक व्यक्ति का एकाधिकार नहीं हो सकता है, ताकि बाकी दुनिया को इसके इस्तेमाल से वंचित किया जा सके। इसलिए, धारा 9(1)(ए) (ट्रेड मार्क्स अधिनियम, 1999 की) में उन चिह्नों के पंजीकरण पर पूर्ण प्रतिबंध है जिनमें स्वाभाविक रूप से विशिष्टता की कमी है, क्योंकि वे वस्तुओं या सेवाओं को अन्य से अलग करने में असमर्थ हैं।



## रतन टाटा की सुरक्षा के संबंध में फोन करने वाले को सिजोफ्रेनिया

**मुंबई।** मशहूर उद्योगपति रतन टाटा की सुरक्षा से संबंधित गुमनाम फोन करने वाला शख्स सिजोफ्रेनिया नामक बीमारी से ग्रस्त पाया गया है। इसी वजह से पुलिस ने उस पर कानूनी कार्रवाई नहीं की है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि फोन करने वाले ने पुलिस कंट्रोल रूम में रतन टाटा की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा था, ऐसा न करने पर शख्स ने चेतावनी दी थी कि उद्योग जगत के इस दिग्गज का हश्र टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री जैसा ही होगा। गौरतलब है कि साइरस मिस्त्री की 4 सितंबर, 2022 को एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। फोन कॉल मिलते ही मुंबई पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गई और एक विशेष टीम को रतन टाटा की निजी सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई जबकि दूसरी टीम को कॉल करने वाले के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए कहा गया। पुलिस ने बताया कि उन्होंने तकनीकी सहायता और एक दूरसंचार सेवा प्रदाता की मदद से कॉल करने वाले का पता लगाया।

## एफपीआई ने बैंकिंग और आईटी शेयरों में जमकर खरीददारी की

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने शनिवार को कहा कि दिसंबर में एक बड़ी बात यह हुई है कि एफपीआई ने बैंकिंग और आईटी क्षेत्रों में भारी स्टॉक खरीदा है। उन्होंने कहा कि फेड द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के चक्र की समाप्ति का संकेत देने और 2024 में संभवतः तीन बार दरों में कटौती का संकेत देने के बाद यह प्रवृत्ति तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिकी बांड से होने वाली कमाई में गिरावट आई और 10 साल के बॉन्ड पर मिलने वाला ब्याज चार प्रतिशत कम हो गया। विजयकुमार ने कहा, एफपीआई ने बैंकिंग और आईटी सेगमेंट में जमकर शेयर खरीदे। एफपीआई की खरीददारी जारी रहने और आगे बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत एफपीआई के शीर्ष निवेश स्थलों में से एक है। वैश्विक निवेशकों में अब लगभग आम सहमति है कि आने वाले कई वर्षों तक निरंतर विकास के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत में सबसे अच्छी संभावनाएं हैं। इस वृद्धि में शेयर बाजार के माध्यम से अभूतपूर्व संपत्ति बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा, एफपीआई इस संभावित धन सृजन से लाभ उठाने के लिए निवेश कर रहे हैं। विजयकुमार ने बताया कि जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड इंडेक्स में भारत के शामिल होने के बाद देश के सरकारी बॉन्ड में निवेश को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा, कुछ संस्थानों ने पहले ही खरीददारी शुरू कर दी होगी। अब जब अमेरिकी बांड पर लाभ में काफी गिरावट आई है, तो भारतीय बांड अधिक निवेश आकर्षित करेंगे।

## मेंडिटरेनियन शिपिंग की सहयोगी कंपनी से 247 करोड़ की डील

# मुंडी एईसीटीपीएल में खरीदेगी 49% हिस्सेदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एपीएसईजेड की एईसीटीपीएल में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। बयान के अनुसार, मुंद्रा बंदरगाह पर सीटी3 कंटेनर टर्मिनल के लिए संयुक्त उद्यम के बाद यह टीआईएल के साथ एपीएसईजेड की दूसरी रणनीतिक साझेदारी है। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को कहा कि मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी की सहयोगी कंपनी मुंडी लिमिटेड 247 करोड़ रुपये में अडाणी एन्नोर कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एईसीटीपीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। एपीएसईजेड की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस संबंध में एक शेयर खरीद समझौते पर 14 दिसंबर 2023 को हस्ताक्षर किए गए। एईसीटीपीएल का कुल उद्यम मूल्य 1,211 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया, लेन-देन के लिए अभी विनियामक की मंजूरी की आवश्यकता है। लेन-देन के तीन से चार महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। इसके पूरा होने के बाद एपीएसईजेड की एईसीटीपीएल में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। बयान के अनुसार, मुंद्रा बंदरगाह पर सीटी3 कंटेनर टर्मिनल के लिए संयुक्त उद्यम के बाद यह टीआईएल के साथ एपीएसईजेड की दूसरी रणनीतिक साझेदारी है। एपीएसईजेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं पूर्णकालिक निदेशक करण अडाणी ने कहा, ह्यह्य दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनी (एमएससी) के साथ हमारा सहयोग पारदर्शी व्यावसायिक दृष्टिकोण के जरिए क्षेत्रीय विकास में तेजी लाने की एपीएसईजेड के मजबूत दृष्टिकोण को दशार्ता है।



## अडानी ग्रुप ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी

नई दिल्ली। अडानी ग्रुप ने मीडिया सेक्टर में अपनी मौजूदगी को और बढ़ाया. एक रेगुलैटरी फाइलिंग में अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि इसकी सहायक कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इक्विटी शेयरों में 50.50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है' अरबपति गौतम अडानी' के ग्रुप ने समाचार एजेंसी आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में एक अज्ञात राशि के लिए बहुमत हिस्सेदारी हासिल की. कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इक्विटी शेयरों में 50.50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है!

## अंतर्राष्ट्रीय बनेगा सूरत हवाई अड्डा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सूरत हवाई अड्डा न केवल अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए प्रवेश द्वार बनेगा, बल्कि संपन्न हीरे और कपड़ा उद्योगों के लिए निर्बाध निर्यात-आयात संचालन की सुविधा भी प्रदान करेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह रणनीतिक कदम अभूतपूर्व आर्थिक क्षमता को उजागर करने, सूरत को अंतर्राष्ट्रीय विमानन परिदृश्य में एक प्रमुख गंतव्य बनाने और क्षेत्र में समृद्धि के एक नए युग को बढ़ावा देने का वादा करता है। आर्थिक विकास को बढ़ाने, विदेशी निवेश को आकर्षित करने और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है। बयान में कहा गया है कि यात्री यातायात और कार्गो संचालन में वृद्धि के साथ, हवाई अड्डे का अंतर्राष्ट्रीय पदनाम क्षेत्रीय विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

# गूगल से कर्मचारियों की छंटनी का तरीका नहीं था सही : सुंदर पिचाई

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**



गूगल के 12 हजार कर्मचारियों की छँटनी की घोषणा के लगभग एक साल बाद अल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा है कि प्रभावित कर्मचारियों को सूचित करने का तरीका सही नहीं था। इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में पिचाई से इतने सारे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के फैसले के बारे में पूछा गया। एक कर्मचारी ने पिचाई से पूछा, लगभग एक साल हो गया है जब हमने अपने कार्यबल को कम करने का कठिन निर्णय लिया था। इस निर्णय का हमारे विकास, पीएंडएल और मनोबल पर क्या प्रभाव पड़ा। जवाब में सीईओ ने कहा कि छंटनी का मनोबल पर स्पष्ट रूप से बड़ा प्रभाव पड़ा। यह गूगलजीस्ट में टिप्पणियों और फीडबैक में परिलक्षित होता है। गूगलजीस्ट कंपनी का आंतरिक सर्वेक्षण है, जो नेतृत्व, उत्पाद फोकस और मुआवजे जैसे विषयों पर कर्मचारियों की संतुष्टि को मापता है। पिचाई ने कहा, किसी भी कंपनी के लिए इससे गुजरना मुश्किल है। गूगल में हमने वास्तव में 25 वर्षों में ऐसा क्षण नहीं देखा है। यह स्पष्ट हो गया है कि अगर हमने कार्रवाई नहीं की होती, तो यह भविष्य में एक और भी बुरा निर्णय होता। यह कंपनी के लिए एक बड़ा संकट होता। मुझे लगता है कि दुनिया में बड़े बदलाव वाले इस तरह के एक साल में क्षेत्रों में निवेश करने की क्षमता पैदा करना बहुत मुश्किल हो जाता। अधिकारियों से यह भी पूछा गया कि क्या उनके पास इस बारे में कोई विचार है कि छंटनी को कैसे संभाला जाए, और पिचाई ने स्वीकार किया कि कंपनी ने इसे उतनी अच्छी तरह से नहीं संभाला जैसे करना चाहिए था।

## फिलिप्स कंपनी करेगी कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** स्मार्ट लाइटिंग ब्रांड फिलिप्स ह्यू और वाईजेड का मालिकाना हक रखने वाली नीदरलैंड स्थित सिग्नीफाई बाजार में चल रही अस्थिरता और अनिश्चितता के मद्देनजर पुनर्गठन कर रही है, जिससे कंपनी में नौकरियों में कटौती होगी। सिग्निफाई ने घोषणा की कि वह ग्राहक-केंद्रितता, निष्पादन की गति बढ़ाने और अपनी संरचनात्मक लागत को कम करने के लिए संगठन को अनुकूलित कर रहा है। सिग्निफाई के सीईओ एरिक रोंडोलैट पिछले दशक में हासिल किए गए बड़े बदलाव के बाद, हम अपनी कंपनी को चार एकीकृत व्यवसायों के आसपास व्यवस्थित करके अगला कदम उठा रहे हैं। प्रोफेशनल, ओईएम और कंज्यूमर चौथा पारंपरिक प्रकाश प्रौद्योगिकियों के लिए समर्पित होगा। नई ग्राहक-केंद्रित संरचना के अनुरूप, कंपनी अपने केंद्रीय संगठन के आकार को और समायोजित करेगी और बाजार में चल रही अस्थिरता और अनिश्चितता की स्थिति में कंपनी के प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए लागत कम करेगी।

## एक नजर

### उर्जा मित्रों को आठ माह से नहीं मिल रहा मानदेय

**लातेहार।** लातेहार विद्युत प्रमंडल के शहरी क्षेत्र के उर्जा मित्रों को पिछले आठ माह से मानदेय नहीं मिल रहा है. जिसकी वजह से उर्जा मित्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. एक तो अल्प मानदेय (कमीशन) पर उर्जा मित्र काम रहे हैं, ऊपर से उनको आठ माह से मानदेय नहीं मिला है. जानकारी के अनुसार, कार्यकारी एजेंसी साई कंप्यूटर (मेदिनीगर) को प्रति माह प्रमंडल से विपत्र का भुगतान किया जाता है, लेकिन एजेंसी उर्जा मित्रों को भुगतान नहीं कर रही है. कई उर्जा मित्रों ने बताया कि मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है. उर्जा मित्रों ने विद्युत कार्यपालक अभियंता मो शमसाद आलम से मानदेय भुगतान कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है।

### नगर प्रशासक की अपील खुले में ना फेंके कचरा

**लातेहार ।** लातेहार नगर प्रशासक राजीव रंजन ने नगर वासियों से खुले में कचरा नहीं फेकने की अपील की है. उन्होंने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में नगर पंचायत को सहयोग करने को कहा है. राजीव रंजन ने कहा कि नगर पंचायत कर्मी सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा उठाने जाते हैं. लोग निर्धारित जगहों पर ही कचरा फेंके. ताकि नगर पंचायत कर्मियों को कचरा उठाने में सहुलियत हो. कहा कि वाहन कम होने के कारण वार्ड के अंदर की गलियों में वाहन नहीं जा पा रहा है. उन्होंने कहा कि वाहन उपलब्ध कराने के लिए विभाग से पत्राचार किया गया है. शीघ्र ही शहर के हर वार्ड के सभी गलियों में वाहन प्रवेश करेंगे।

### जेएसएलपीएस कर्मियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** जेएसएलपीएस के एल-5 और 6 कर्मियों ने डीसी व डीडीसी लातेहार को अपने तीन दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि अपनी मांगों को लेकर वे विगत दो वर्षों से संघर्षरत हैं. इस संबंध में प्रबंधन से कई बार पत्राचार किया गया है. लेकिन प्रबंधन कोई रूची नहीं ले रहा है. इस कारण बाध्य होकर तीन दिवसीय हड़ताल कर रहे हैं. हड़ताल होने से गांव से लेकर प्रखंड एवं जिला स्तर की समस्त ग्रामीण विकास की गतिविधियां प्रभावित हो गयी है. ज्ञापन में कहा गया है कि जब तब उनकी मांगें पूरी नहीं होती है वे हड़ताल पर रहेंगे. ज्ञापन सौंपने वालों में अंकित कुमार, मनोज कुमार,आदि का नाम शामिल है।

### होमगार्ड बहाली में आधी आबादी का उत्साह चरम पर

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस स्टेडियम में शनिवार को भी होमगार्ड महिला जवानों की बहाली प्रक्रिया जारी रही। शनिवार को पलामू जिले के हुसैनाबाद,मुहम्मदगंज, नौड़िहाबजार,छतरपुर सहित अन्य प्रखंडों के लगभग 1000 से अधिक महिला अभ्यर्थी शामिल हुये। होमगार्ड बनने के लिये सभी अभ्यर्थी उत्साहित दिखे। चयन प्रक्रिया में पुलिस स्टेडियम में मैराथन दौड़ में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग किया जा रहा है,

शहर के मध्य डा. राजेंद्र प्रसाद चौक पर विहंगम आयोजन

# पूर्व सैनिकों ने मनाया विजय दिवस



छहमुहान पर विजय दिवस मनाते पूर्व सैनिक

### वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभक्ति व वीर रस से ओत-प्रोत कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा वर्ष 1971 में भारत की पाकिस्तान पर अभूतपूर्व व ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में शनिवार को विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहर के डा. राजेंद्र प्रसाद चौक (छह मुहान) पर आयोजित समारोह में युद्ध का हिस्सा रहे सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभक्ति व वीर रस से ओत-प्रोत कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम के गायन से हुयी। तत्पश्चात पलामू के लाल मनु अखौरी, युगांबर दीक्षित, प्रबोध मेहता व अनुराग शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही आजादी के बाद हुई लड़ाईयों में अपने प्राणों का न्योछावर करने वाले शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में 1971 के युद्ध में हिस्सा ले चुके पूर्व सैनिक शिवजी सिंह, उदित नारायण पाण्डेय, अंबिका राम व बैजनाथ पाल को परिषद पदाधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कवि गोष्ठी में हरिवंश प्रभात, राकेश कुमार, गुरमीत सिंह मीत, मनीष मिश्र नन्दन, मोहम्मद इस्तेखार, किरन राज, रीना प्रेम दुबे, सरोज कुमार आजाद, सुभाष प्रसाद, धनंजय पाठक, श्याम किशोर पाठक, परशुराम तिवारी व परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने कविता पाठ किया। इस अवसर पर कर्नल संजय अखौरी, पूर्व जिला अध्यक्ष गयानंद पाण्डेय, महासचिव दिनेश गुप्ता, शंभूनाथ सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, अगस्त तिवारी मौजूद थे।

### भारतीय जांबाजों ने दिखाया था पराक्रम

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पोलपोल स्थित शहीद स्मारक पार्क में शनिवार को विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं अध्यक्षता पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शौर्यांजलि दी गई। पूरा परिसर शहीद परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का अमर रहे, शहीद युगाम्बर दीक्षित अमर रहे, शहीद प्रबोध महतो अमर रहे, शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी अमर रहे, शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला अमर रहे के नारो से गुंजायमान हो उठा। वक्ताओं ने कहा कि उस युद्ध में अपना पराक्रम दिखाते हुये भारतीय जांबाजों ने पाक के 93000 सशस्त्र सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया था। कार्यक्रम में कर्नल संजय अखौरी,अभिमन्यु कुमार सिंह, मंगल पांडेय, रुपेश कुमार, गिरिजा ठाकुर, अनिल आदि उपस्थित रहे।

## अब नहीं रुकेगी विकास की रफ्तार : मंत्री मिथिलेश

**आरएनएम संवाददाता। गढ़वा**



जिले 40 करोड़ रुपए की लागत से दो सुदूरवर्ती अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा. लगभग 59 किलोमीटर लंबी इन सड़कों के निर्माण की पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है. निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा. जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा के तहत 18 करोड़ 9 लाख 11 हजार 300 रुपए की लागत से भंडरिया से टेहरी वाया बड़गड़ 26 किलोमीटर सड़क तथा 21 करोड़ 21 करोड़ 92 लाख 49 हजार 700 रुपए की लागत से लगभग 33 किमी चिनिया, रणपुरा, खुथुवा मोड़ सड़क का 5.5 मीटर कैरिजवे के साथ राइडिंग क्वालिटी में सुधार किया जाएगा. यह सड़क एनएच 343 का वैकल्पिक मार्ग है. यह छत्तीसगढ़ राज्य को भी जोड़ती है. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह दोनों सड़कें जिले के अति सुदूरवर्ती क्षेत्रों से गुजरती है. उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी. इन सड़कों के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी. साथ ही छत्तीसगढ़ पहुंचना काफी आसान हो जाएगा. इससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी बचत होगी. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विकास की रफ्तार पकड़ चुका है. विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, गढ़वा की विकास की रफ्तार रुकने वाली नहीं है. उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोगों की मानसिकता ही नकारात्मक होती है।

**40 करोड़ की लागत से होगा दो सुदूरवर्ती सड़कों का निर्माण**

## संत मरियम स्कूल उत्कृष्ट छात्रों को देगा स्कॉलरशिप




**आरएनएम संवाददाता। मेदिनीनगर**

मेदिनीनगर शहर के संत मरियम स्कूल में स्कूल के डायरेक्टर अविनाश देव, प्राचार्य आदर्श कुमार ने बताया कि संत मरियम स्कूल उत्कृष्ट छात्रों को स्कॉलरशिप देगा. डायरेक्टर अविनाश देव ने कहा कि 2024 झ 25 का जो नामांकन सत्र है, उसमें एक महीना पहले अभिभावक को एडमिशन फॉर्म के साथ-साथ प्रश्न पत्र दिया जाएगा. जिसे परीक्षा के दिन छात्र और छात्राएं तैयारी कर आएंगे और परीक्षा देंगे. उत्कृष्ट छात्रों को नामांकन में 10 प्रतिशत छूट और फीस में भी 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी. दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिया जाएगा. कपड़े और भोजन भी दी जाएगी. कक्षा 1 से कक्षा 9 तक के सभी छात्र और छात्राओं प्रश्न पत्र दिए जाएंगे. मेधावी छात्र छात्राओं जो 90 प्रतिशन से ऊपर अंक लाते है उन्हें स्कॉलरशिप दी जाएगी. प्रश्नपत्र 50 अंक का रहेगा प्रश्न पत्र. 28 जनवरी को परीक्षा होगी.18 दिसम्बर से नामांकन पत्र छात्र और छात्राएं ले सकेंगे. अविनाश देव ने कहा कि कोई भी अभिभावक नामांकन के लिए आते हैं तो वे छात्रावास का अवलोकन कर ही अपने बच्चों का नामांकन करवाये।

## उर्जा मित्रों को आठ माह से नहीं मिल रहा मानदेय

**लातेहार।** लातेहार विद्युत प्रमंडल के शहरी क्षेत्र के उर्जा मित्रों को पिछले आठ माह से मानदेय नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से उर्जा मित्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो अल्प मानदेय (कमीशन) पर उर्जा मित्र काम रहे हैं, ऊपर से उनको आठ माह से मानदेय नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार, कार्यकारी एजेंसी साई कंप्यूटर (मेदिनीगर) को प्रति माह प्रमंडल से विपत्र का भुगतान किया जाता है, लेकिन एजेंसी उर्जा मित्रों को भुगतान नहीं कर रही है। कई उर्जा मित्रों ने बताया कि मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई आदि बाधित हो रही है। उर्जा मित्रों ने विद्युत कार्यपालक अभियंता मो शमसाद आलम से मानदेय भुगतान कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता मो शमशाद आलम से पूछे जाने पर कहा कि साई कंप्यूटर एजेंसी उर्जा मित्रों को भुगतान करती है।

## क्षेत्र के एक-एक गांव का हो रहा है विकास : कमलेश सिंह

**आरएनएम संवाददाता। पलामू**



हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के झरगड़ा उतरी के सुअरदहा नदी पर पुल निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया. विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद, हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव का विकास किया जा रहा है. गांव की नली-गली का निर्माण विधायक कोटा की राशि से जनता की सहमति लेकर की जा रही है. विधायक ने कहा कि एक-एक ग्रामीण सड़क का जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है. कई सड़कों व पुल के निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है.काफी पुरानी मांग सुअरदाहा नदी पर पुल निर्माण की थी. उसे भी पूरा कर दिया गया है.गांव गांव में छठ घाट का निर्माण किया गया है. ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र की समस्या दूर करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं. कमलेश सिंह ने कहा कि विवाह मंडप का निर्माण बड़ी संख्या में कराया गया है. इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं.

**शिलान्यास-उद्घाटन के लिए बनाई गई चार टीम :** वहीं विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करने के लिए चार टीम बनाई गई है. चारों टीम अलग अलग गांव में स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर रही है. उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी है. उन्होंने कहा कि कहीं गलत होता है तो उस गांव के लोग विधायक या उन्हें सूचना दे सकते हैं. कार्यक्रम में एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, विनय पासवान नरेश रजवार, सुबालाल यादव,राम राज यादव, सुरेंद्र ठाकुर, इंदल ठाकुर,नंदू यादव,सुनील यादव, अनुज पासवान रामनाथ बारी, जानकी रजवार, हंसराज सिंह, प्रमोद पासवान के अलावा कई लोग शामिल थे।

### होपवेल हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल से

**हुसैनाबाद ।** होपवेल हॉस्पिटल रांची के तत्वावधान में आगामी 17 दिसंबर दिन रविवार की सुबह दस बजे से प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा. शिविर में मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवा दी जायेगी. शिविर का आयोजन रांची के जाने माने सर्जन डॉक्टर शाहबाज आलम द्वारा किया है. उन्होंने बताया कि मैं हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के सिंघना गांव का निवासी हूं. उन्होंने गांव के लोगों की स्वास्थ्य संबंधित जरूरतों को नजदीक से देखा है. वह पैसे के अभाव में अपना स्वास्थ्य जांच भी नहीं करा पाते हैं. बाद में उन्हें बीमारियों का शिकार होना पड़ता है. इसे ध्यान में रखकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर उन्हें निःशुल्क दवा की व्यवस्था की है. उन्होंने बताया कि पूर्व में उन्होंने हैदरनगर में भी शिविर आयोजित कर काफी लोगों की जांच कर दवा उपलब्ध कराने का काम किया है।

डीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा, कहा-

## योजनाओं को धरातल पर उतारें

**आरएनएम संवाददाता। गढ़वा**



समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को डीसी शेखर जमुआर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की. बैठक में अब तक संचालित हुए कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी ली. विकसित भारत संकल्प यात्राह्व को लेकर रोस्टर अनुसार विभिन्न पंचायत में संचालित हो रहे एलईडी युक्त वाहन की समीक्षा करते हुए डीसी ने एलईडी वाहन के आगमन पर पंचायत में उसका स्वागत करने, विकसित भारत का आमजनों के बीच संकल्प दिलाने, प्रधानमंत्री के रिकॉर्डेड वीडियो मैसेज को जन-जन तक पहुंचाने एवं आमजनों से मेरी कहानी मेरी जुबानी थीम के तहत लाभुकों को दी गई भारत सरकार की योजनाओं के लाभ से जुड़े जानकारी देने का निर्देश दिया गया।

### शिविर में आये आवेदनों की हुई समीक्षा

बैठक में डीसी ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के संचालन की भी समीक्षा की. कार्यक्रम के माध्यम से शिविरों में प्राप्त आवेदन का निष्पादन कर उसे ऑनलाइन पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड करने का निर्देश दिया. जिससे डिस्पोजल हुए मामलों को एवं प्रक्रियाधीन मामलों को देखा जा सके. इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत ऑनलाइन माध्यम वीसी के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी मौजूद थे।

### संघ ने मृत अध्यापक के परिवार को दी आर्थिक सहायता

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के मध्य विद्यालय नवादा में सहायक अध्यापक रहे स्व. संजय कुमार के परिवार को सहायक अध्यापक संघ की ओर से रू.53800 की सहयोग राशि प्रदान की गयी। मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि सहायक अध्यापकों को सेवा देते हुए 20 वर्ष से अधिक हो गया, लेकिन सरकार सहायक अध्यापकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इस कारण सहायक अध्यापकों की माली हालत ठीक नहीं है। सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों का इस्तेमाल सिर्फ राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा में आश्वासन दिया था कि अगर उनकी सरकार बनी तो तीन माह के अंदर पारा शिक्षकों को स्थाई एवं वेतनमान देंगे, समान काम के लिए समान वेतन देंगे,परंतु अभी तक सरकार द्वारा पारा शिक्षकों के लिए कोई काम नहीं किया गया है।

### सीएम हेमंत के उद्घाटन के 10 महीने बाद भी नहीं खुल पाया डिग्री कॉलेज

**लातेहार ।** यह भी एक विडंबना है कि जिला बनने के 22 वर्षों बाद लातेहार जिला मुख्यालय में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना नहीं हो सकी है. लातेहार साल 2001 में पलामू से अलग हो कर एक नये जिला के रूप में अस्तित्व में आया था. तब से लातेहार जिला मुख्यालय में सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग लगातार की जाती रही है. हालांकि पूर्व शिक्षा मंत्री व स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम के प्रयास से लातेहार में एक डिग्री कॉलेज और एक महिला डिग्री कॉलेज लातेहार में स्थापित करने की स्वीकृति मिली. इन दोनो कॉलेजों का भवन भी बन कर तैयार हो गया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 फरवरी को इन दोनों कॉलेज भवनों का उदघाटन भी कर दिया. बावजूद इसके इन 10 महीनों में इन दोनो कॉलेजों में सत्र शुरू नहीं हो सका।

## पेज एक के शेष

### डीजे के आतंक की ...

वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बताया था कि राजधानी में अलग-अलग जगहों पर साइलेंस जोन में ध्वनि का अलग-अलग मानक निर्धारित किया गया है। आवासीय क्षेत्र में 55 डेसिबल, इंडस्ट्रियल एरिया में 75 डेसिबल, हाईकोर्ट के आसपास 50 डेसिबल आदि ध्वनि के मानक निर्धारित किये गये हैं। अस्पतालों के 50 मीटर की परिधि को साइलेंस जोन बनाया गया है। लाउडस्पीकर व डीजे संचालकों के साथ जिला प्रशासन की बैठक हुई थी। उन्हें नियमों की जानकारी दे दी गयी है. उल्लंघन करने पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। रात 10 बजे के बाद कोई भी लाउडस्पीकर या डीजे नहीं बजाया जाना चाहिए, अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। यह भी बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण नियम का उल्लंघन करने पर इस वर्ष जनवरी से मई माह तक पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। उन्नता साउंड सिस्टम भी जब्त किया गया है। राजस्थान, हरियाणा में भी शादी व अन्य समारोह में रात्रि दस बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हरियाणा में भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत मैरिज पैलेसों व ऐसे सभी समारोह स्थलों में शादियों के आयोजन के दौरान रात्रि दस बजे के बाद व प्रातः छह बजे से पहले डीजे बजाने पर पूर्णतयाः प्रतिबंध लगाया है। ये आदेश विद्यार्थियों की परीक्षाओं व बीमार वृद्ध व्यक्तियों को ध्यान में रखकर जारी किए गए हैं। आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई होती है।

### उच्च शिक्षा में ...

कि उनके नेतृत्व में जब तक सरकार चलेगी सरकारी अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मी आपके द्वार पहुंचकर दरवाजा खटखटाते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग गांव-गांव जाना चाहते हैं। पूर्व में राज्य सरकार की योजना और आवाज गांवों तक नही पहुंचती थी लेकिन अब गांव-गांव सरकार की योजना भी पहुंच रही है और आवाज भी। हमारी सरकार गांव से चलेगी। राज्य सरकार ने यहां के किसानों, श्रमिकों, नौजवानों, बुजुर्ग समेत सभी वर्ग के लिए योजनाएं बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड कुछ वर्ष बाद युवा राज्य बन जायेगा। अबतक इस राज्य को मजबूत हो जाना चाहिए था। राज्यवासियों के लिए पूर्व में बेहतर ढंग से कार्य किया गया होता तो आज यह राज्य समृद्ध राज्य के रूप में जाना जाता।

### अब भारत के टू-टियर ...

जलापूर्ति, ड्रेनेज, सीवेज, सीसीटीवी, स्वच्छता के साथ ही ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, ईज ऑफ ट्रेवल पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में शहरों के छोटे व्यवसायियों को सरकार की गारंटी पर व्यवसाय के लिये ऋण दिया जा रहा है, इनमें 45 प्रतिशत महिला हितग्राही हैं। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ लें। इन योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में 17 हजार करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना में अभी तक हितग्राहियों को एक लाख करोड़ रुपये का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है। जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। आवास योजना में पिछले 9 वर्षों में 4 करोड़ से अधिक घर बनाये जा चुके हैं। किराये का घर योजना के लिये विशेष कॉम्पलेक्स बनाये जा रहे हैं।

### सीआईडी ने ठगी ...

छापेमारी के दौरान कमल कुमार सिंह के घर से अन्य तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। कमल कुमार सिंह की निशानदेही पर पतरातु स्थित न्यू मार्केट में जमीर मियां के घर पर तलाशी लिया गया। जमीर के घर से कम्प्यूटर एवं बैंक से संबंधित कागजात बरामद कर जब्त किया गया। साथ ही कमल के घर से भी कंप्यूटर और बैंक के कागजात जब्त किये गए है। आईजी ने बताया कि छापेमारी टीम में ममता कुमारी, कुणाल कुमार, बिधानचन्द्र पटेल, रविन्द्र कुमार शर्मा, अमरजीत कुमार और दलबीर कौर सिंधु शामिल रहे।

### भारत में कोविड-19 का...

सिंगापुर की यात्रा की थी। तिरुचिरापल्ली जिले या तमिलनाडु के अन्य स्थानों में जेएन.1 से संक्रमण के मामले सामने आने के बावजूद मामलों में वृद्धि दर्ज नहीं हुई। सूत्र ने कहा, भारत में जेएन.1 स्वरूप का कोई अन्य मामला सामने नहीं आया है। कोविड-19 के उप-स्वरूप जेएन.1 की पहचान पहली बार लक्जमबर्ग में की गई थी। कई देशों फैला यह संक्रमण पिरोलो स्वरूप से संबंधित है।

### ओएमआर शीट पर...

और इंटर की परीक्षा 6 फरवरी से ली जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। छह फरवरी से शुरू होकर परीक्षा 26 फरवरी तक चलेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहली पाली में मैट्रिक की परीक्षा और दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा ओएमआर और उत्तर पुस्तिका दोनों में ली जाएगी, जिन विषयों में प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं होती है उसमें 20 अंकों का इंटरनल असेसमेंट होगा। मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं का रिजल्ट 15 जून तक जारी किया जा सकता है।

**आयोजन** सेंट जेवियर कॉलेज में 'क्षितिज को पाटना' विषय पर अंतराष्ट्रीय सेमिनार

# 'शिक्षा के माध्यम से ही होगा देश का विकास'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

सेंट जेवियर कॉलेज में 'क्षितिज को पाटना' विषय पर अंतराष्ट्रीय सेमिनार आयोजन किया गया, जिसमे सेंट जेवियर कॉलेज, मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया के मिस्टर लुइस, मिस सिल्विया और विधार्थी उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही देश का विकास होगा। मिस्टर माइकल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो निरंतर बदलाव हो रहे हैं उससे अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलनों द्वारा नई शिक्षा तकनीकी के माध्यम से एक दूसरे को आदान प्रदान किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह कहा कि मेलबर्न के विद्यार्थी सात समुद्र पार करके यहां कि महुआडांड़ के सेंट जेवियर महाविद्यालय में आए और इसी तरह आपके देश के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूसरे देश जा सकते हैं। शिक्षा में वह शक्ति है जो समाज को परिवर्तन की दिशा में अग्रसर करती है और उसका नवनिर्माण करती है। प्राचार्य ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमारे बीच में ऑस्ट्रेलिया के दो विद्वान उपस्थित हैं, जिनके ज्ञान से हमारे विद्यार्थियों को नई जानकारियां मिलेंगी। सेंट जेवियर कॉलेज मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया की मिस सिल्विया ने कहा कि मूल्यों एवं संस्कृति को शिक्षा के साथ बढ़ाते हुए लोगों को अच्छा जीवन प्रदान किया जा सकता है। प्राचार्य फादर डॉक्टर एम के जोश ने कहा कि शिक्षा को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने में यह महाविद्यालय हमेशा तत्पर रहता है और




महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सर्वांगिण विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर शेफाली प्रकाश ने जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभाव भारत के संदर्भ में विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के विद्यार्थी गीलबर्ट ने वर्किंग ऑफ टेस्ला कॉइल और आशिका मिन्ज ने महिलाओं के विभिन्न राजनीतिक स्तरों पर निर्णय संबंधी शोध पत्र प्रस्तुत किए। शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रोफेसर एवं विधार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर जोली ने धन्यवाद ग्यापन प्रस्तुत किया।




## एक नजर

### सीएम भजनलाल के पिता की तबीयत बिगड़ी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता किशन स्वरूप शर्मा की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद डॉक्टरों की टीम उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंची। जहां वरिष्ठ डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। फिलहाल वह अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ अचल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता किशन स्वरूप शर्मा को शुक्रवार देर रात अचानक यूरिन में समस्या होने के बाद एसएमएस अस्पताल लाया गया। वे यूरिन रुकने की वजह से परेशान थे। अस्पताल के मेडिकल आईसीयू वार्ड नंबर 8 में उन्हें भर्ती किया गया है। जहां चिकित्सकों की टीम उनकी जांच और निगरानी कर रही है।

### माल्टा के अपहृत जहाज की मदद के लिए भारतीय नौसेना आई आगे

**मुंबई।** एक बड़े घटनाक्रम में, भारतीय नौसेना कुछ दिन पहले अरब सागर में चालक दल के 18 सदस्यों के साथ अपहृत माल्टा-ध्वज वाले जहाज की मदद के लिए आगे आई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जहाज एमवी रुएन के मई दिवस के संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कि कम से कम छह 'समुद्री डाकू' जहाज पर चढ़ गए थे, भारतीय नौसेना के मिशन डिप्लॉयड प्लेटफॉर्म ने तेजी से प्रतिक्रिया व्यक्त की। जैसे ही खुले समुद्र में गंभीर स्थिति सामने आई, आईएन ने एमवी रुएन का पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए नौसेना के समुद्री गश्ती विमान को क्षेत्र में एक निगरानी मिशन पर और अपने युद्धपोत को अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती विरोधी गश्त पर भेज दिया।

### चीन ने सफलतापूर्वक लांच किया रिमोट सेसिंग 41 उपग्रह

**बीजिंग।** चीन ने दक्षिण चीन के हाएनान प्रांत में स्थित वनछांग अंतरिक्ष उड्डयन प्रक्षेपण केंद्र में 15 दिसंबर की रात 9 बजकर 41 मिनट पर लॉन्ग मार्च नंबर 5 रिमोट 6 वाहक रॉकेट से रिमोट सेसिंग 41 उपग्रह लॉन्च किया। उपग्रह सुचारू रूप से निर्धारित कक्षा में पहुंचाया गया और प्रक्षेपण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रिमोट सेसिंग 41 उपग्रह हाई ऑर्बिट ऑप्टिकल रिमोट सेसिंग उपग्रह है। इसका मुख्य प्रयोग भू-सर्वेक्षण, कृषि, पर्यावरण सुधार, मौसम पूर्वानुमान और आपदा न्यूनीकरण में किया जाता है। यह राष्ट्रीय आर्थिक निर्माण के लिए सूचना सेवा प्रदान कर सकता है। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट की 502वीं उड़ान भी है।

### उग्रवादी हो रहे संगठित, आतंकवाद विरोधी प्रयास तेज

**श्रीनगर।** पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के नये पुलिस महानिदेशक बने आरआर स्वैन ने क्षेत्र में आतंकवाद को खत्म करने के अंतिम लक्ष्य के साथ आतंकवादी नेटवर्क, विशेष रूप से ओवर ग्राउंड नेटवर्क को खत्म करने के लिए समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया है। एक संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने सुरक्षा स्थिति की निगरानी के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग के महत्व को रेखांकित किया और वहां छिपे आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ने के लिए ऊंचे इलाकों में अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। ऊंचे इलाकों में विदेशी और स्थानीय आतंकवादियों से निपटने और सर्दियों के दौरान उनकी घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लगातार प्रयासों के बावजूद, आतंकवादी कश्मीर में आतंक भड़काने के लिए नई रणनीति तैयार कर रहे हैं।

# भारत और बांग्लादेश में 53वें विजय दिवस की धूम



### पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने भारत के आगे घुटने टेके थे

### 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश का स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में हुआ था जन्म

**एजेंसी। नई दिल्ली/ढाका**

भारत और बांग्लादेश में शनिवार को विजय दिवस की धूम है। भारतीय जनता पार्टी ने इस मौके पर मां भारती के जांबाज सैनिकों को नमन किया है। बांग्लादेश में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी ढाका में संसद को रोशनी से सजाया गया। भारत में इस मौके पर नई दिल्ली स्थिति आर्मी हाउस में आयोजित एट होम कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुईं।

प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के एक्स हैंडल पर जारी सचित्र विवरण के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आर्मी हाउस में 'एट होम' रिसेप्शन में शामिल हुईं। भाजपा ने एक्स हैंडल पर 52 साल पहले आज की तारीख की स्मृतियों को याद करते हुए कहा है कि 1971 के युद्ध में अपने अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान से ऐतिहासिक विजय का गौरवशाली अध्याय लिखने वाले मां भारती के जांबाज सैनिकों को कोटि-कोटि नमन। आर्मी हाउस के एट होम पर एडीजी पीआई-भारतीय सेना ने अपने एक्स हैंडल पर सचित्र विवरण साझा किया है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य और सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों की याद में आर्मी हाउस में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित स्वागत समारोह में शामिल हुईं। एडीजी पीआई-भारतीय सेना के एक्स हैंडल की सूचना के अनुसार जनरल मनोज पांडे ने समारोह का आयोजन किया। इसमें उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, दिग्गज, राजनयिक बिरादरी, खिलाड़ी, प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्धियां हासिल करने वाले लोग शामिल हुए। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार राष्ट्र आज 53वां विजय दिवस मनाने के लिए तैयार है। इस दौरान 1971 के मुक्ति संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके लिए सारे देश में जगह-जगह समारोह आयोजित होंगे। सरकार के साथ-साथ, विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थानों और संगठन विजय दिवस का जश्न मनाएंगे। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर 1971 को पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा रहे बांग्लादेश का स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में जन्म हुआ था। पाकिस्तान की सेना पर भारत की जीत और बांग्लादेश के गठन की वजह से हर साल 16 दिसंबर को भारत और बांग्लादेश में इस तारीख को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। बांग्लादेश के गठन में भारत की बेहद अहम भूमिका रही है। पाकिस्तान की सेना के बांग्लादेशी (उस समय पूर्वी पाकिस्तान) लोगों पर जुल्मो-सितम को लेकर भारत इस जंग में कूदने को मजबूर हुआ था। इस प्रतिरोध से पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव बढ़ा और आखिर में भारतीय सेना की कार्रवाई के आगे पाकिस्तान के हौसले पस्त हुए और 16 दिसंबर 1971 को ही इतिहास के सबसे बड़े आत्मसमर्पण के रूप में पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने भारत के आगे घुटने टेके।

## विजय दिवस पर कृतज्ञ राष्ट्र की शहीदों को श्रद्धांजलि




**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित तमाम नेताओं ने शनिवार को विजय दिवस के अवसर पर वीर नायकों का स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जहां एक्स पर संदेश पोस्ट किए वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, नौसेना स्टाफ प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से कहा कि राष्ट्र 1971 के युद्ध के दौरान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा किए गए निस्वार्थ बलिदान को कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। विजय दिवस पर, मैं उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने अद्वितीय साहस दिखाया और ऐतिहासिक जीत हासिल की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विजय दिवस पर, हम अपने सैनिकों के अटूट साहस का सम्मान करते हैं जो देश की संप्रभुता की रक्षा करते हैं और मानवीय गरिमा को बनाए रखते हैं। 1971 के युद्ध के दौरान उनके बलिदान ने हमारे सशस्त्र बलों के अद्वितीय दृढ़ संकल्प और असाधारण कौशल को प्रदर्शित किया। राष्ट्र उनके सर्वोच्च बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वीर जवानों के बलिदान और अटूट जज्बे को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, यह हमेशा लोगों के दिलों और देश के इतिहास में अंकित रहेगा। मोदी ने लिखा, आज, विजय दिवस पर, हम उन सभी बहादुर नायकों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने 1971 में निर्णायक जीत सुनिश्चित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा से भारत की सेवा की। उनकी वीरता और समर्पण राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का स्त्रोत है। उनका बलिदान और अटूट भावना हमेशा लोगों के दिलों और हमारे देश के इतिहास में अंकित रहेगी। भारत उनके साहस को सलाम करता है और उनकी अदम्य भावना को याद करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजय दिवस के अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, विजय दिवस के विशेष अवसर पर, राष्ट्र 1971 के युद्ध के दौरान भारत के सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस और वीरता को सलाम करता है। हमें अपनी सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है जिन्होंने हर परिस्थिति में निडर होकर हमारे देश की रक्षा की है। उनका बलिदान और सेवा सदैव हमारे दिलों में अंकित रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, मैं विजय दिवस के अवसर पर हमारे सशस्त्र बलों के बहादुरों को दिलों को नमन करता हूं। इस दिन हमारे सैनिकों ने 1971 में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ शानदार जीत हासिल की और जीवन, महिलाओं और मानवीय मूल्यों की गरिमा को सुरक्षित रखा, जिसके परिणामस्वरूप एक नए राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ। हमारी सेनाओं का बलिदान और वीरता अनंत काल तक साहस का स्तंभ बनी रहेगी। 16 दिसंबर एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में वीर शहीद नायकों के असाधारण बलिदान और जीत की याद दिलाता है। 13 दिनों की लड़ाई के बाद भारत ने 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान पर एक शानदार जीत हासिल की, जिसके बाद बांग्लादेश नामक नए देश का निर्माण हुआ।

**आईडीएफ की गाजा की लड़ाई में बड़ी भूल**

## अपने ही नागरिकों पर चला दी गोली तीन इजरायली बंधकों की मौत

**एजेंसी। तेल अवीव**

इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के दौरान अपने ही देश के तीन लोगों को मार डाला। इनको हमास ने बंधक बना लिया था। इनकी मौत शुजाया में लड़ाई के दौरान हुई। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मारे गए बंधकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घटना की पारदर्शी जांच कराने की घोषणा की है। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, आईडीएफ ने मारे गए तीनों बंधकों की पहचान का खुलासा करते हुए एक्स हैंडल पर उनके फोटो जारी किए हैं। आईडीएफ से यह भूल युद्ध के 70वें दिन शुक्रवार को हुई। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि अभी यह साफ नहीं है कि तीनों बंधक हमास के चंगुल से भाग निकले थे या उन्हें छोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं की जांच कराई जाएगी। गलत पहचान के चलते की गई गोलीबारी में इन तीनों की मौत हुई है। आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर कहा है कि इस घटना से सबक लेकर युद्ध क्षेत्र के सभी सैनिकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। आईडीएफ ने तीन बंधकों को मार देने की बात स्वीकार करते हुए उनकी पहचान 28 वर्षीय योतम हैम, 25 वर्षीय समर तलाल्का और 26 वर्षीय अलोन लुलु शमरिज के तौर पर की है। हमास ने सात अक्टूबर को इन तीनों युवकों का अपहरण किया था।

## द्विपक्षीय मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान के सुल्तान से की चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के बीच शनिवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने राजनीतिक, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के दौरान ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का स्वागत किया गया। प्रधनमंत्री ने कहा कि आज ओमान-भारत संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि 26 साल बाद ओमान के सुल्तान राजकीय यात्रा पर भारत आए हैं और मुझे भारत के लोगों की ओर से आपके स्वागत का यह अवसर मिला है। मोदी ने कहा कि एक अतिथि देश के रूप में ओमान ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज हम एक नया भारत-ओमान संयुक्त दृष्टिकोण, भविष्य के लिए



साझेदारी अपना रहे हैं। इस संयुक्त दृष्टिकोण में दस अलग-अलग क्षेत्रों में ठोस कार्य बिंदुओं पर सहमति बनी है। मुझे विश्वास है कि संयुक्त विजन हमारी साझेदारी को एक नया और आधुनिक आकार देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर चर्चा चल रही है और चर्चा के दो दौर सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी है।

**निखिल गुप्ता पर मुकदमा का मामला**

## बाइडन प्रशासन ने पांच भारतीय अमेरिकी सांसदों को दी जानकारी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर मुकदमा चलाए जाने की जानकारी पांच भारतीय अमेरिकी अमेरिकी सांसदों को अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। गुप्ता पर अमेरिकी में एक सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस सदस्य अमी बेरा, प्रमिला जयपाल, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और श्री थानेदार ने गुप्ता पर मुकदमा चलाए जाने को लेकर बाइडन प्रशासन से जानकारी मिलने के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया। गुप्ता पर 29 नवंबर को अमेरिका में अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में कथित भागीदारी का आरोप लगाया गया है। भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने बयान में कहा, कांग्रेस सदस्य होने के नाते हमारे नागरिकों की सुरक्षा और उनका कल्याण हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। मुकदमे में लगाए गए आरोप बेहद चिंताजनक हैं। बयान के मुताबिक, हम (सांसद) हत्या की साजिश की जांच के लिए जांच समिति गठित करने की भारत सरकार की घोषणा का स्वागत करते हैं और यह बेहद ही जरूरी है कि भारत मामले की पूर्ण जांच करे, अधिकारियों सहित जिम्मेदार लोगों को कसूरवार ठहराए तथा आश्वासन दे कि ऐसा दोबारा नहीं होगा।

**पुलिस का खुलासा** | **इंटरनेट में सर्च की थी संसद की जानकारी**

# एक या दो नहीं, 7 स्मोक कैन लेकर लोस में घुसे थे आरोपी

### मीडिया में चर्चा का विषय बनना चहते थे आरोपी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले मामले में एक नया खुलासा हुआ है। दरअसल, दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने खुलासा किया कि घुसपैठिए घटना को अंजाम देने के लिए सात स्मोक कैन के साथ पहुंचे थे। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया, चारों आरोपी नीलम, अमोल, सागर शर्मा और मनोरंजन घटना को अंजाम देने के लिए एक या दो नहीं, बल्कि 7 स्मोक कैन लेकर पहुंचे थे। घटना को अंजाम देने से पहले आरोपी ने गूगल पर संसद के आसपास के इलाके को सर्च किया और कई चीजों से समझा, जिसमें संसद सुरक्षा के कुछ पुराने वीडियो भी शामिल थे।

### सभी सिग्नल एप पर करते थे बात

आरोपियों ने यह भी सर्च किया कि सुरक्षित चैट कैसे की जाए, ताकि पुलिस उनको पहचान न सके। सभी आरोपी सिग्नल ऐप पर बात करते थे, ताकि कोई उन्हें पकड़ न सकें।



दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि आरोपी चाहते थे कि उनकी यह हरकत मीडिया में चर्चा का विषय बन जाए, इसलिए उन्होंने सत्र के दौरान संसद में घुसने का प्लान तैयार किया था।

### देश में अराजकता फैलाने का था प्लान

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पटियाला हाउस कोर्ट को बताया कि मास्टरमाइंड ललित झा ने खुलासा किया है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना के सभी आरोपी कई बार मिले और इसके बाद साजिश को अंजाम दिया। दिल्ली पुलिस ने झा को संबंधित न्यायाधीश के समक्ष पेश करते हुए बताया कि आरोपी ललित झा ने खुलासा किया है कि वो और उसके साथी देश में अराजकता पैदा करना चाहते थे, ताकि वे सरकार को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर कर सकें।

### विपक्ष ने अमित शाह से मांगा जवाब

इससे पहले विपक्षी दलों ने संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर अमित शाह से बयान की मांग की है। सीपीआई सांसद बिनॉय विश्वम ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री को संसद और इसके माध्यम से भारत के लोगों को स्पष्टीकरण देना होगा।

## लोकसभा में सुरक्षा चूक मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

**बेंगलुरु।** तेरह दिसंबर को संसद के निचले सदन में एक बड़ा सुरक्षा उल्लंघन हुआ, जिसके बाद से विपक्षी पार्टी कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमला बोल रही है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कांग्रेस नेता स्मोक अटैक मामले में दो आरोपियों को लोकसभा की कार्यवाही में शामिल होने के लिए पास जारी करने को लेकर प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस आरोपी मनोरंजन डी के साथ प्रताप सिम्हा के करीबी संबंध का भी आरोप लगा रही है। कांग्रेस ने मांग की है कि उनका कार्यालय जब्त किया जाना चाहिए और उन्हें निलंबित रखा जाना चाहिए। कर्नाटक कांग्रेस ने इस संबंध में उनकी निष्क्रियता पर आपत्ति जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा है।

**अपने बेटे की जीत सुनिश्चित करने प्रताप सिम्हा को फंसा रहे**



**सिद्धारमैया :** इस बीच कर्नाटक से भाजपा के राज्यसभा सदस्य लहर सिंह सिरोया ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपने बेटे की जीत सुनिश्चित करने के लिए संसद पर धुआं हमले के मामले में भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ साजिश रची है। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए लहर सिंह ने कहा कि मैसूर-कोडगु सांसद प्रताप सिम्हा को फंसाया गया है। सीएम सिद्धारमैया के बेटे डॉ. यतींद्र मैसूर-कोडागु एमपी सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम सिद्धारमैया बेटे की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रताप सिम्हा के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची गई है।

## एससी व उसके जज सरकार के लिए फंड संग्रहकर्ता नहीं

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल ने शुक्रवार को कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और उसके जज सरकार के लिए फंड संग्रहकर्ता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसी मामले में लगने वाले जोखिमों की तुलना में कानून के सिद्धांत अधिक महत्वपूर्ण हैं। जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि अगर जज लोकतंत्र में अन्य संस्थानों से साहस दिखाने की उम्मीद करते हैं तो उन्हें साहसी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों के पास उनका समर्थन करने के लिए संवैधानिक संरक्षण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि न्यायाधीश साहस का प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो अन्य संस्थानों के लिए इसका पालन करना मुश्किल होगा। कौल ने व्यक्तियों और समुदायों के बीच घटती सहिष्णुता पर भी बात की और व्यक्तियों के बीच समझ और स्वीकृति बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, एक समाज के रूप में हमें एक-दूसरे के प्रति सहिष्णुता रखनी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहिष्णुता कम हो गई है और अब समय आ गया है कि मानव प्रजातियां एक-दूसरे के साथ रहना सीखें, ताकि दुनिया रहने के लिए एक छोटी जगह नहीं, बल्कि एक बड़ी जगह बन जाए। न्यायाधीश अपनी सेवानिवृत्ति के दिन सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के साथ औपचारिक पीठ के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत एक व्यक्तिगत सिद्धांत साझा करते हुए की। जस्टिस कौल को 25 दिसंबर को पद छोड़ना है। हालांकि, शुक्रवार उनके कार्यालय का आखिरी दिन था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट 18 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश पर है। यह जनवरी के पहले सप्ताह में फिर से खुलेगा।जस्टिस कौल ने ह्यस्थगन संस्कृतिह्न के बारे में भी अपनी चिंता व्यक्त की और जोर देकर कहा कि सूचीबद्ध मामलों को तुरंत सुना जाना चाहिए। एक युवा न्यायाधीश के रूप में मिली शुरूआती सलाह पर विचार करते हुए कौल ने वादियों को न्याय का पूरा उपाय प्रदान करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया, क्योंकि कोर्ट ही उनका अंतिम भरोसा है। इसके अलावा कौल ने खुद की यात्रा की जिक्र करते किया।

> **जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि अगर जज लोकतंत्र में अन्य संस्थानों से साहस दिखाने की उम्मीद करते हैं तो उन्हें साहसी होना चाहिए।**